धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

सुप्रभात

रांची, सोमवार
16.12.2024
* * नगर संस्करण। पेज : 12

# खबर मन्त्र

khabarmantralive.com

रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित

सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net

पौष, कृष्ण पक्ष, प्रतिपदा, संवत् 2081

मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 12 । अंक : 155

12 हॉलीवुड के ऑफर में कोई एक्साइटिंग नहीं



## न्यूज डायरी

### डीजीपी ने चांडिल थाना प्रभारी को निलंबित किया

**रांची।** सरायकेला के चांडिल थाना प्रभारी को पुलिस महानिदेशक अनुराग गुप्ता ने निलंबित कर दिया है। डीजीपी ने रविवार को बताया कि सीआईडी की रिपोर्ट के बाद चांडिल थाना प्रभारी वरुण यादव सस्पेंड किया गया है। डीजीपी अनुराग गुप्ता ने आम जनता से दुर्व्यवहार करने वाले पुलिसकर्मियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की बात कही थी। इसको लेकर डीजीपी ने रेंज के डीआईजी और जिले के एसपी को आदेश जारी किया था। डीजीपी ने राज्य के सभी जिलों में थाना प्रभारी और थाना के अन्य कर्मियो को आम जनता के प्रति अच्छा व्यवहार करने के संबंध में कई दिशा-निर्देश भी जारी किये थे। डीजीपी ने जारी दिशा निर्देश में कहा है कि साइबर अपराध, एसटी, एससी, मानव तस्करी और महिला अपराध से संबंधित भुक्तभोगी के आवेदन पर आवेदित थाना में ही मामला दर्ज कर अग्रतर कार्रवाई करें। किसी भी पीड़िता के आवेदन पर क्षेत्र के संबंध में विचार किये बिना अविलंब आवेदित थाना में मामला दर्ज करें। सभी रेंज के डीआईजी और एसपी को निर्देश दिया कि अपने-अपने जिला और क्षेत्र में ऐसी व्यवस्था कायम करें कि यदि थाना प्रभारियों द्वारा आम जनता के आवेदन पर आवश्यक कार्रवाई नहीं की जाती है, तो अपनी शिकायतों को वरीय अधिकारियों के पास दर्ज करा सकें।

### मार्च 2026 तक देश को नक्सलमुक्त करेंगे : शाह

**बस्तर।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को यहां कहा कि 31 मार्च 2026 तक देश से नक्सलवाद को पूरी तरह से समाप्त कर देंगे। उन्होंने नक्सलियों से कहा, आप आत्मसमर्पण कीजिए और मुख्य धारा से जुड़ कर विकास में सहभागी बनें। उन्होंने कहा, पिछले 10 वर्षों में हमने हर मोर्चे पर नक्सलवाद से लड़ाई लड़ी है। सुरक्षा कर्मियों की मौतों में 73 प्रतिशत की कमी आयी है। नक्सलियों के गढ़ रहे क्षेत्रों में रह रहे नागरिक मौतों में 70 प्रतिशत की कमी आयी है। वह रविवार को छत्तीसगढ़ में बस्तर ओलंपिक 2024 के समापन समारोह में बोल रहे थे।

### सीएस ने नीति आयोग में झारखंड का मुद्दा उठाया

**रांची।** देश की राजधानी दिल्ली में नीति आयोग के तीन दिवसीय सम्मेलन का रविवार को समापन हुआ। झारखंड सरकार की तरफ से इस सम्मेलन की अध्यक्षता मुख्य सचिव अलका तिवारी ने की। इस सम्मेलन में विकास के लिए आत्मनिर्भर होने की प्रक्रिया में कृषि रोजगार, शहरी विकास, नवीनीकरण ऊर्जा, उन्नतशील अर्थव्यवस्था आदि पर विचार-विमर्श किया गया। सम्मेलन का विषय जनसांख्यिकी लाभांश का लाभ उठाना और विकास के नए आयामों के मार्ग प्रशस्त करना था।

गहना आभूषण

| | | |
|---|---|---|
| सोना (बिक्री) | : | 72500 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : | 95000 रु./प्रति किलो |




# झारखंड में और बढ़ेगी कड़ाके की ठंड

## नौ जिलों में कोल्ड वेव का येलो अलर्ट, अलाव ही सहारा



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** पश्चिम से आ रही सर्द हवाओं के प्रभाव से झारखंड शीतलहर की चपेट में हैं। आने वाले दिनों में झारखंड के 9 जिलों में कड़ाके की ठंड पड़ने वाली है। इसे लेकर येलो अलर्ट जारी किया गया है। शीतलहर से कड़ाके की ठंड से लोग घरों में दुबकने को मजबूर हो गये हैं। राजधानी रांची में भी बढ़ी कनकनी और ठंड से बचने के लिए लोग अलाव का सहारा लेते दिखाई दे रहे हैं। पिछले 24 घंटे में सबसे कम तापमान यानी 2.5 डिग्री नामकुम इलाके में दर्ज किया गया है। वहीं गढ़वा का तापमान 4.5 डिग्री रिकॉर्ड किया गया। वहीं अधिकतम तापमान चाईभासा का 29.8 डिग्री रहा।

**इन जिलों में येलो अलर्ट**

मौसम विज्ञान केंद्र, रांची ने अपने मौसम पूर्वानुमान में अगले 24 घंटे में राज्य के 09 जिलों गढ़वा, पलामू, चतरा, लातेहार, लोहरदगा, गुमला, रामगढ़, बोकारो और धनबाद में शीतलहर का येलो अलर्ट जारी किया है। विभाग के अनुसार 24 घंटे में रांची का अधिकतम तापमान 22.6 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 7.6 डिग्री सेल्सियस रहा। इसी तरह जमशेदपुर का अधिकतम तापमान 26.3 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 9.2 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। डाल्टनगंज का अधिकतम तापमान 25.2 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 6.5 डिग्री रहा। बोकारो का न्यूनतम तापमान 6.6 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। खूंटी जिले का न्यूनतम तापमान 4.1 डिग्री रहा।

# जमीन कारोबारी की गोली मारकर हत्या

## नामकुम में हड़कंप, अपराधियों को पकड़ने में जुटी पुलिस

- नामकुम इलाके के लोगों में दहशत कायम
- घात लगाये अपराधियों ने मधु राय को भून डाला



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** राजधानी रांची से सटे नामकुम थाना क्षेत्र के रामपुर के पास अज्ञात अपराधियों ने जमीन कारोबारी मधुसूदन उर्फ मधु राय की गोली मारकर हत्या कर दी। खबर मिलते ही पुलिस ने इलाके की घेराबंदी कर दी है और गोली मारने वाले अपराधियों की तलाश कर रही है। मधुसूदन राय की हत्या की खबर सुनते ही नामकुम में हड़कंप मच गया। नामकुम थाना प्रभारी ब्रह्मदेव प्रसाद ने बताया कि मधु राय नामक जमीन कारोबारी की गोली मारकर हत्या कर दी गयी है। अपराधियों को पकड़ने के प्रयास किये जा रहे हैं।

**वरीय पुलिस अधिकारी कर रहे जांच**

मामले की गंभीरता को देखते हुए रांची के ग्रामीण एसपी सुमित अग्रवाल, डीएसपी अमर पांडेय और नामकुम थानेदार श्री प्रसाद मौके पर पहुंचे और मामले की जांच शुरू कर दी। पुलिस के अनुसार जिस तरह से मधुसूदन राय की हत्या की गयी, उसे देखकर लगता है कि अपराधी काफी दिनों से मधुसूदन राय की रेकी कर रहे थे। इसी का नतीजा है कि जैसे ही मधुसूदन सुनसान सड़क पर पहुंचे, अपराधियों ने उन्हें गोली मार दी।

**क्या है पूरा मामला**

राजा उलिहातु निवासी मधु राय अपने घर से निकलकर स्कूटी से नामकुम के रामपुर की ओर जा रहे थे। रास्ते में पहले से घात लगाये बैठे बाइक सवार अपराधियों ने उन पर फायरिंग शुरू कर दी। बताया जा रहा है कि अपराधियों ने मधुसूदन पर एक दर्जन राउंड फायरिंग की। फायरिंग में मधुसूदन की मौके पर ही मौत हो गयी। गोलीबारी के बाद अपराधी बाइक से ही भाग निकले।

**जमीन मामले की जांच**

रांची पुलिस ने पूरे नामकुम इलाके की घेराबंदी कर दी है और एनएच पर लगे सीसीटीवी फुटेज की जांच कर रही है, ताकि अपराधियों का सुराग मिल सके। पुलिस उन लोगों के बारे में भी जानकारी जुटा रही है, जिनसे मधुसूदन राय का हाल के दिनों में जमीन को लेकर विवाद हुआ था।

# छात्राओं से छेड़खानी का आरोपी फिरोज गिरफ्तार

## मुख्यमंत्री हेमंत के संज्ञान के बाद एक्शन में थी पुलिस



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** कोतवाली थाना क्षेत्र स्थित कन्या पाठशाला की छात्राओं से छेड़खानी के आरोपी फिरोज अली को पुलिस ने धर दबोचा। लापता फिरोज की खबर देनेवालों को पुलिस ने दस हजार इनाम देने की घोषणा की थी। कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोय के नेतृत्व में पुलिस की टीम ने रविवार की देर शाम फिरोज अली को लोअर बाजार इलाके से गिरफ्तार कर लिया। वह हिंदपीढ़ी के नाला रोड के गली नंबर आठ का रहने वाला है।

**सीएम ने दिया था सख्त आदेश**

छात्राओं के साथ छेड़खानी मामले को गंभीरता से लेते हुए सीएम हेमंत सोरेन ने रांची पुलिस को आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करते हुए सूचित करने का आदेश दिया था। सीएम के आदेश के बाद पुलिस के आइजी और डीआइजी शनिवार को मौके पर जांच करने पहुंचे थे। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपी की पहचान की थी। फुटेज में साफ दिख रहा है कि आरोपी लड़कियों के साथ कैसे बदसलूकी कर रहा है। पुलिस ने कहा कि जो व्यक्ति फिरोज अली को संरक्षण देगा या उसे पनाह देगा, उसके खिलाफ भी कार्रवाई की जायेगी। फिरोज अली की गिरफ्तारी को ले कर पुलिस लगातार छामेमारी कर रही थी। शनिवार को ही पुलिस ने उसकी स्कूटी बरामद कर ली थी।

**बच्चियां डर से स्कूल नहीं जा रही थी**

जानकारी के अनुसार कई दिनों से मनचले रांची के कन्या पाठशाला स्कूल के बाहर बच्चियों के साथ छेड़खानी कर रहे थे। मनचले सुबह सात बजे से सन्नाटा गली का फायदा उठाकर उनके साथ गलत हरकत करने की भी कोशिश करते थे। इस डर से बच्चियों मे स्कूल आना बंद कर दिया था। इस मामले को लेकर स्कूल के शिक्षक थाना भी गये थे, लेकिन कोई कारवाई नहीं की गयी।

# युगांतर भारती के समारोह में बोले सरयू राय

## सलगी एवं नगड़ी को पर्यटक स्थल बनाया जाये

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** युगांतर भारती के संरक्षक सह विधायक सरयू राय ने कहा है कि सरकार को दामोदर नद का उदगम स्थल सलगी और स्वर्णरेखा नदी के उदगम स्थल नगड़ी का विशेष ध्यान देकर विकास करना चाहिए। दोनों जगहों को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किया जाना चाहिए। श्री राय रविवार को युगांतर भारती के वार्षिक सभा में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि सरकार को चाहिए कि दोनों स्थानों का नाम भारतीय पर्यटन के मानचित्र पर दिखे। उन्होंने कहा कि नगड़ी को आदर्श प्रशासनिक इकाई के रूप में विकसित करने की नितांत जरूरत है। उन्होंने नगड़ी और सलगी में सांस्कृतिक गतिविधियां बढ़ाने का भी सुझाव दिया।



**आबादी बढ़ी, नदियां गंदी हो गयीं**

सरयू राय ने कहा कि झारखंड में अब 32 प्रतिशत आबादी शहरों में रहने लगी है। शहरों में बढ़ रही समस्याओं का सरकारी स्तर पर समाधान नहीं होना दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने कहा कि शहरी आबादी बढ़ने के कारण नदियां गंदी हो रही हैं। स्वर्णरेखा, खरकई या फिर हरमू सभी प्रदूषित हो गयी हैं। उन्होंने युगांतार भारती के अध्यक्ष को सुझाव दिया कि युगांतर न्यूज यू.ट्यूब चैनल पर पर्यावरण पाठशाला नामक साप्ताहिक कार्यक्रम नववर्ष के बाद आरंभ करायें। उन्होंने कहा कि युगांतर भारती एक अम्ब्रैला संस्था के रूप में काम करें। उन्होंने कहा कि नदी संरक्षण के अलावे पर्यावरण के अन्य तथ्यों पर भी सकारात्मक और गंभीरतापूर्वक कार्य करने की आवश्यकता है। इसके पूर्व युगांतर भारती के अध्यक्ष अंशुल शरण ने संगठन की अब तक की विकास यात्रा पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि युगांतर भारती में पर्यावरण, भोजन, स्वर्णरेखा महोत्सव, दामोदर महोत्सव, पर्यावरण दिवस जैसे अनेक बेंच मार्क वाले कार्य वर्ष 2024 में किये हैं। उन्होंने बताया कि नगड़ी, हुंडरू, जोन्हा, मूरी, चांडिल और जमशेदपुर में 12 से 14 जनवरी के बीच स्वर्णरेखा महोत्सव का आयोजन होगा। 22 मार्च को जल दिवस, 22 अप्रैल को पृथ्वी दिवस, 22 मई को जैव विविधता दिवस और 05 जून को विश्व पर्यावरण दिवस एवं दामोदर महोत्सव का एक साथ आयोजन होगा। उन्होंने इन सभी आयोजनों की सफलता के लिए लोगों से सुझाव भी मांगे। रिटायर डीआइजी संजय रंजन सिंह ने कहा कि नदियों को मार दिया है। इन्हें दुबारा जीवित नहीं किया गया तो इंसानी सभ्यता का लोप हो जायेगा। पर्यावरणविद् प्रो एमके जमुआर ने कहा कि नये लोगों को जोड़ना समय की मांग है। धन्यवाद ज्ञापन स्वर्णरेखा क्षेत्र विकास ट्रस्ट के मुख्य ट्रस्टी अशोक गोयल ने किया।

# रांची में छात्र आंदोलन को लेकर निषेधाज्ञा लागू

## आयोग परिसर की सुरक्षा बढायी गयी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड राज्य कर्मचारी चयन आयोग कार्यालय के सामने होने वाले छात्रों के प्रदर्शन को देखते हुए नामकुम में निषेधाज्ञा लागू कर दी गयी है। वहीं झारखंड राज्य कर्मचारी चयन आयोग कार्यालय के आसपास के इलाके को पुलिस छावनी के रूप में तब्दील कर दिया गया है। हर तरफ पुलिस बल की तैनाती की गई है छात्रों को रोकने के लिए बड़ी संख्या में नामकुम इलाके में बैरिकेडिंग भी की गयी है। आयोग की ओर से सोमवार से ही डाक्यूमेंट वेरिफिकेशन होना है। वहीं सीजीएल परीक्षा के परिणाम को रद्द करने को लेकर छात्रों ने आंदोलन का ऐलान किया है। एडीओ की ओर से लागू निषेधाज्ञा के कारण उक्त क्षेत्र में किसी भी प्रकार का विरोध-प्रदर्शन, धरना आदि करना गैरकानूनी होगा। सीजीएल परीक्षा फल रद्द करने की मांग को लेकर प्रदेश के सभी जिलों मुख्यतः रांची, हजारीबाग, रामगढ़, धनबाद, बोकारो, चतरा, गिरिडीह, जमशेदपुर, दुमका, सरायकेला, पलामू और गढ़वा से 4000 से 5000 की संख्या में अभ्यर्थी प्रदर्शन करने के लिए पहुंचेंगे। छात्र प्रदर्शन को ले कर अडिग हैं।

### फडणवीस मत्रिमंडल में 39 ने ली मंत्री पद की शपथ

**मुंबई।** राज्य विधानसभा चुनावों में ऐतिहासिक जीत हासिल करने के बाद महायुति सरकार के गठन के कुछ दिनों बाद महाराष्ट्र में पहला मंत्रिमंडल विस्तार हो गया। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के नेतृत्व में रविवार को मंत्रिमंडल का विस्तार किया गया। इस दौरान महायुति के 39 विधायकों ने मंत्री पद की शपथ ली। गठबंधन में शामिल भाजपा के 19, अजित पवार की एनसीपी को 9 और एकनाथ शिंदे की शिवसेना के 11 विधायकों ने शपथ मंत्री पद की शपथ ली।

# अतुल की पत्नी, सास और साला अलग-अलग जगहों से गिरफ्तार

## न्याय नहीं मिला तो अस्थियां गटर में बहाकर करेंगे आत्मदाह

**पीएम को पत्र भेज पिता ने लगायी गुहार**



**एजेंसी**

**बेंगलुरू, समस्तीपुर।** बेंगलुरु में आत्महत्या करने वाले इंजिनियर अतुल सुभाष केस मामले में पत्नी निकिता सिंघानिया को उनकी मां निशा और भाई अनुराग के साथ पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इन पर खुदकुशी के लिए उकसाने का मामला दर्ज है। बेंगलुरू पुलिस ने अतुल से अलग रही पत्नी निकिता की गिरफ्तारी गुरुग्राम से धर दबोचा। इनपर आत्महत्या के लिए उकसाने का आरोप है। आत्महत्या से कुछ दिन पहले अतुल ने निकिता और उसके परिवार पर उत्पीड़न और जबरन वसूली का आरोप लगाया था। उन्होंने सुसाइड नोट और वीडियो में अपने आरोपों का ब्यौरा दिया था। अतुल समस्तीपुर जिला के पूसा के रहने वाले थे। वहीं मृत अभियंता के पिता ने राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री और यूपी के सीएम से न्याय की गुहार लगायी है। उन्होंने कहा है कि बेटा तो खो दिया है, अब उन्हें उनका पोता वापस चाहिए। पीड़ित पिता ने कहा अगर उनके मृतक बेटे को न्याय नहीं मिला तो पुत्र की अस्थियां गटर में बहा कर वे दोनों पति-पत्नी भी आत्मदाह कर लेंगे।

**मुझे मेरा पोता वापस दिला दे**

राष्ट्रपति, पीएम को लिखे पत्र में अतुल के पिता ने कहा है कि उन्हें उनका पोता दिला दो। पिता पवन मोदी ने कहा कि हमने अपने बेटे को खो दिया, अब राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री और यूपी के सीएम से अपील है कि मुझे मेरा पोता उन लोगों से वापस दिला दें। पूसा बाजार स्थित अतुल के घर पर मातमी सन्नाटा है। अपने बेटे को खोने वाले पिता अपने इस गम को बयां करते-करते रोने लगते है। मेरे बेटे ने प्रताड़ना के खिलाफ आवाज उठाई थी। अगर मेरे मृतक बेटे को न्याय नहीं मिला तो वे दोनों पति-पत्नी भी आत्मदाह कर लेंगे।

**'हमारी जान को भी खतरा**

वहीं अतुल के पिता ने उसके ससुराल वालों से खुद के परिवार को खतरा बताया है। उन्होंने कहा कि वो लोग काफी खतरनाक हैं कुछ भी कर सकते है। वह इंतजार करेंगे की उन्हें उन्हे न्याय मिले। वहीं अगर उन्हें न्याय नहीं मिलता है तो उनके बेटे की जो आखरी इच्छा थी वो वैसा ही करेंगे। अपने बेटे की

**तीनों अलग-अलग जगह से धराये**

कर्नाटक पुलिस ने 34 वर्षीय कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) इंजीनियर अतुल सुभाष पत्नी और उनके परिवार के सदस्यों को गिरफ्तार कर लिया है। बेंगलुरु (कर्नाटक) के डीसीपी शिवकुमारने बताया कि आरोपी निकिता सिंघानिया को गुरुग्राम (हरियाणा) से गिरफ्तार किया गया है। आरोपी निशा सिंघानिया और अनुराग सिंघानिया को प्रयागराज से गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया गया। उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। पत्नी और उसके परिवार के सदस्यों ने इलाहाबाद उच्च न्यायालय में अग्रिम जमानत याचिका दायर की थी। शुक्रवार को बेंगलुरु सिटी पुलिस ने निकिता सिंघानिया को समन जारी किया और उन्हें तीन दिनों के भीतर न्यायालय में पेश होने को कहा था। निकिता सिंघानिया और उसके रिश्तेदारों के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने का मामला दर्ज किया गया है। पिता पवन कुमार ने बताया कि उनका बेटा मानसिक तनाव में था, लेकिन उसने कभी अपने परिवार को इस संबंध में नहीं बताया।

# एटीएस ने तीन को दबोचा कई कांडों का खुलासा

- 20 लाख की फिरौती मांगी थी। अभय मिश्रा और अब्दुल करीम की गिरफ्तारी

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड एटीएस की टीम ने रांची, रामगढ़ और हजारीबाग में छापेमारी कर रंगदारी और हत्या में शामिल तीन अपराधियों को गिरफ्तार किया है। तीनों अपराधियों की गिरफ्तारी के बाद हजारीबाग में दो हत्या और रांची में रंगदारी के दो मामलों का खुलासा हुआ है। मामले की गंभीरता को देखते हुए डीजीपी अनुराग गुप्ता ने फरार अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए झारखंड एटीएस को भी लगाया था। इस मामले में एटीएस की टीम ने हजारीबाग में हुई हत्या में शामिल कुख्यात अपराधी प्रमोद कुमार साहू को गिरफ्तार किया है। प्रमोद कुमार साहू कुख्यात तिवारी गिरोह का सदस्य है।

**क्या है पूरा मामला**

झारखंड के हजारीबाग जिले में हाल के दिनों में एक महीने के अंदर चार हत्या की वारदातें हुई थीं। मामले की गंभीरता को देखते हुए झारखंड एटीएस को लगाया गया था। वहीं दूसरे मामले में एटीएस की टीम ने रांची पुलिस के साथ संयुक्त अभियान चलाकर व्यवसायियों को धमकाकर रंगदारी वसूलने वाले दो अपराधियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अपराधियों में बिहार के सीवान जिले का रहने वाला अभय कुमार मिश्रा और रांची के पिठोरिया का रहने वाला अब्दुल करीम शामिल है। एटीएस एसपी ऋषभ झा ने बताया कि गिरफ्तार अभय मिश्रा और अब्दुल करीम ने रांची के क्रशर संचालक शैलेंद्र प्रताप नारायण उर्फ अनूप सिंह से फोन पर 20 लाख की फिरौती मांगी थी। अभय मिश्रा और अब्दुल करीम की गिरफ्तारी के बाद एटीएस की टीम ने उनके ठिकानों से दो पिस्तौल, कारतूस और आधा दर्जन मोबाइल फोन बरामद किये हैं। श्री झा ने बताया कि गिरफ्तार तीनों अपराधियों का आपराधिक इतिहास रहा है। हजारीबाग हत्याकांड में गिरफ्तार प्रमोद कुमार पर आधा दर्जन से अधिक मामले दर्ज हैं।

### जामताड़ा में धान अधिप्राप्ति योजना का मंत्री ने किया शुभारंभ

# धान खरीद पर किसानों को प्रति क्विंटल 200 रुपये मिलेगा बोनस : डॉ इरफान अंसारी

- कहा- आज से पूरे राज्य भर में एक साथ धान क्रय की शुरूआत हुई है

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची, जामताड़ा।** समाहरणालय स्थित एसजीएसवाई सभागार में खाद्य सार्वजनिक वितरण एवं उपभोक्ता मामले विभाग के मंत्री डॉ इरफान अंसारी की उपस्थिति में धान अधिप्राप्ति योजना का शुभारंभ 15 दिसंबर को किया गया। इस अवसर पर उन्होंने घोषणा की कि धान खरीद पर किसानों को 100 रुपये की जगह 200 रुपये बोनस दिया जाएगा। इस अवसर पर डीसी कुमुद सहाय, जेएसएफसी के एमडी सत्येंद्र प्रसाद, डीडीसी निरंजन कुमार एवं अन्य गणमान्य उपस्थित थे। मौके पर मंत्री डॉ इरफान अंसारी ने कहा कि आज से पूरे राज्य भर में एक साथ धान क्रय की शुरूआत हुई है। मैने सभी जिले के डीसी को निर्देश दिया कि धान क्रय एक छोटा कार्यक्रम जरूर है, लेकिन अहम कार्यक्रम है। सभी विधायकों से भी आग्रह किया है कि इस कार्यक्रम में जाएं। किसानों को मजबूत करें। उन्होंने कहा कि किसान साल भर मेहनत करते हैं। पसीना बहाते हैं, तब जाकर धान उपजता है। किसानों को उचित मूल्य नहीं मिलता है। औने पौने दाम में बेचना पड़ता है। यहां का धान बंगाल जाता है। इस बार किसानों को धान के लिए प्रति क्विंटल 2,300 रुपए एवं बोनस 100 मिलेगा। उन्होंने कहा कि मैं घोषणा करता हूं कि 100 नहीं 200 रुपए किसानों को बोनस देंगे। किसानों को मजबूत करेंगे। उनकी आय एवं हर प्रकार से उन्हें मजबूत करेंगे, ताकि किसान आगे बढ़ें। सरकार किसानों को आगे बढ़ाने के लिए हर स्तर पर सोच रही हैं।

इसके अलावा, मंत्री डॉ. अंसारी ने यह भी वादा किया कि 5.5 लाख उपभोक्ताओं को राशन कार्ड से जोड़ा जाएगा, जिससे गरीब और जरूरतमंद परिवारों को सरकारी योजनाओं का सीधा लाभ मिल सकेगा। पीडीएस दुकानों को मजबूत करेंगे। ई पोश मशीन को 2-जी से 5-जी में अपग्रेड करेंगे। वर्तमान में राज्य के 704 धान अधिप्राप्ति केंद्रों में न्यूनतम समर्थन मूल्य पर किसानों से धान अधिप्राप्ति की जा रही है। राज्य में 2 लाख 33 हजार 289 किसान निबंधित हैं। जामताड़ा में लगभग 6 हजार किसान निबंधित हैं। यहां कुल 17 लैंपसों में धान अधिप्राप्ति किया जा रहा है। राज्य में 60 लाख क्विंटल धान के क्रय का लक्ष्य रखा गया है। जामताड़ा का लक्ष्य 2 लाख क्विंटल है।

वहीं, डीसी कुमुद सहाय ने बताया कि जिले में धान अधिप्राप्ति को लेकर जिला प्रशासन द्वारा सभी तैयारियों को पूर्ण की गई है। खरीफ विपणन मौसम 2024-25 में इस वर्ष राज्य द्वारा 2,00,000 (दो लाख) क्विंटल धान क्रय का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसके लिए सरकार के द्वारा धान का न्यूनतम समर्थन मूल्य 2300 रुपये एवं बोनस 100 रुपये निर्धारित है। इस प्रकार 2400 रुपये प्रति क्विंटल की दर से किसानों से धान का क्रय किया जा रहा है। 17 लैंपसों में धान की खरीदारी का शुभारंभ हो गया है। जेएसएफसी एमडी सत्येंद्र प्रसाद ने कहा कि किसानों से प्राप्त किए जाने वाले धान का 50 प्रतिशत भुगतान 48 घंटे में एवं शेष का भुगतान राइस मिल पहुंचने पर हो जाएगा। अधिकतम 7 दिनों में किसानों को भुगतान हो जाएगा। यह प्रक्रिया 3 महीने में पूर्ण किया जाएगा। आज जामताड़ा से यह प्रारंभ हुआ है, जामताड़ा मॉडल बन के उभरे यही कामना है। उन्होंने पैक्स से अनुरोध किया कि ज्यादा से ज्यादा किसानों से धान क्रय करें। किसानों को समुचित सहयोग करें।

इससे पूर्व जामताड़ा लैंपस से मंत्री डॉ इरफान अंसारी, उपायुक्त श्रीमती कुमुद सहाय, सत्येंद्र प्रसाद ने फीता काटकर धान अधिप्राप्ति का शुभारंभ किया। लैंपस का निरीक्षण किया। मंत्री की मौजूदगी में किसानों से धान क्रय किया गया। वहीं 2 किसानों को बीच मंत्री द्वारा डेमो चेक का भी वितरण किया गया।

इस मौके पर संचालन झारखंड राज्य खाद्य निगम रजनीश सिन्हा, विभूतिभूषण चौधरी सहित झारखंड राज्य खाद्य निगम के अन्य अधिकारी, जिला आपूर्ति पदाधिकारी राज शेखर, जिला सहकारिता पदाधिकारी सुजीत कुमार सिंह, लैंपस अध्यक्ष, पीडीएस डीलर, सहिया अन्य संबंधित उपस्थित थे।

### नीति आयोग की नयी दिल्ली में आयोजित तीन दिवसीय सम्मेलन का समापन

## मुख्य सचिव अलका तिवारी ने साझा किये प्रदेश और देश के विकास से जुड़े तथ्य

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची/ नई दिल्ली।** नीति आयोग की ओर से नयी दिल्ली में आयोजित तीन दिवसीय सम्मेलन का रविवार को समापन हो गया। झारखंड सरकार की तरफ से इस सम्मेलन की अध्यक्षता मुख्य सचिव अलका तिवारी ने की। इस सम्मेलन में विकास के लिए आत्मनिर्भर होने की प्रक्रिया में कृषि रोजगार, शहरी विकास, नवीनीकरण ऊर्जा, उन्नतशील अर्थव्यवस्था आदि पर विचार विमर्श किया गया। सम्मेलन का विषय जनसांख्यिकी लाभांश का लाभ उठाना और विकास के नए आयामों के मार्ग प्रशस्त करना था।

मुख्य सचिव अलका तिवारी ने प्रदेश के विकास के लिए कई बिंदु रेखांकित किए। साथ ही सम्मेलन में प्रमुखता के बिंदु दलहन पर प्रदेश की सहभागिता पर विशेष जोर दिया। बताते चलें कि यह आयोजन केंद्र और राज्य सरकारों के बीच साझेदारी को सशक्त बनाने के साथ देश में सहकारी संवाद स्थापित करने की अहम कड़ी है। इस अवसर पर प्रधान सचिव योजना मस्त राम मीणा, सचिव ग्रामीण विकास के श्रीनिवासन एवं सचिव उद्योग विभाग जीतेन्द्र कुमार सिंह आदि विशेष पदाधिकारियों ने शिरकत की।

## सीएम ने दिया सरकारी भूमि के रैयतीकरण करने पर खलारी के पूर्व सीआई पर कार्रवाई का आदेश

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

- आरोपों की जांच के लिए विभागीय जांच संचालन पदाधिकारी नियुक्त किया है और प्रस्तुतीकरण पदाधिकारी अपर समाहर्ता रांची को नियुक्त किया गया

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने तत्कालीन अंचल निरीक्षक, खलारी, सेवानिवृत्त सहायक बंदोबस्त पदाधिकारी, हरेराम कुमार सिंह पर कार्रवाई का आदेश दिया है। उनके विरुद्ध खलारी अंचल के मौजा-होयर की सरकारी भूमि के रैयतीकरण के आरोपों के संबंध में उपायुक्त-सह-जिला दंडाधिकारी कार्यालय, रांची ने 30 दिसंबर 2020 को ही आरोप पत्र सरकार को भेजा था और कार्रवाई की अनुशंसा की थी। आरोप पत्र में लगाए गए आरोपों के संदर्भ में विभाग ने 9 फरवरी के माध्यम से हरेराम सिंह से स्पष्टीकरण की मांग भी की थी। इसके आलोक में उन्होंने अपना स्पष्टीकरण समर्पित किया है। पूरे मामले में विधि विभाग से राय ली गयी ओर भारतीय दंड संहिता की धारा-409/406/420/467/468/471/109/120बी तथा भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, 1988 की धारा-19(1) के तहत अभियोजन स्वीकृति प्रदान की गई है।

यह स्वीकृति भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धारा-13(2) सहपठित धारा-13(1)(सी)(डी) के अंतर्गत प्रदान की गई है। ऐसे में हरेराम सिंह के विरुद्ध आरोप पत्र में लगाए गए आरोप, और उनके द्वारा प्रस्तुत स्पष्टीकरण, तथा उपलब्ध अभिलेखों की समीक्षा के प॰ात निर्णय लिया गया है कि झारखंड पेंशन नियमावली के नियम-43(ख) के तहत विभागीय कार्रवाई संचालित की जाएगी। इस पर सीएम की सहमति ली गयी है। आरोपों की जांच के लिए विभागीय जांच संचालन पदाधिकारी नियुक्त किया है और प्रस्तुतीकरण पदाधिकारी अपर समाहर्ता रांची को नियुक्त किया गया।

## पेपर लीक मामले पर लीपापोती कर रही है राज्य सरकार : आजसू

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

- जेएसएससी सीजीएल मामले की निष्पक्ष जांच सीबीआई से कराई जाये

**रांची।** राज्यभर के लाखों अभ्यर्थियों ने 21 और 22 सितंबर को हुए जेएसएससी सीजीएल के पेपर लीक का अंदेशा जताया है। अखिल झारखंड छात्र संघ अभ्यर्थियों की जायज मांग और सोमवार को होने वाले घेराव एवं धरने को नैतिक समर्थन देती है। सरकार इस मामले की सीबीआई से जांच करने की जगह सीआईडी से मामले की लीपापोती करने में लगी है। एक ओर जहां पर जेएसएससी-सीजीएल मामला हाईकोर्ट में विचाराधीन है। वहीं, दूसरी ओर राज्य सरकार की ओर से आनन फानन में रिजल्ट जारी कर दिया गया। उक्त बातें अखिल झारखंड छात्र संघ के प्रदेश अध्यक्ष ओम वर्मा ने कही। उन्होंने कहा क जेएसएससी सीजीएल मामले की निष्पक्ष जांच सीबीआई से कराई जाये।

उन्होंने कहा कि सरकार ने परीक्षा लेने के लिए दो दिनों तक इंटरनेट बंद किया था। लेकिन फिर जेएसएससी कदाचार मुक्त परीक्षा कराने में विफल रही। इतने वर्षों के बाद इस साल जनवरी में यह परीक्षा ली गई, लेकिन उस वक़्त पेपर लीक होने से यह परीक्षा स्थगित कर दी गई थी। अब ऐसा प्रतीत होता है फिर उसी घटना की पूनारावृति हुई है। जेएसएससी अपनी गलत कार्यशैली से न सिर्फ अभ्यार्थियों का बल्कि राज्य का भी भविष्य बर्बाद करने पर आमादा है। अभ्यार्थियों के भविष्य से खिलवाड़ करना बंद करे जेएसएससी। और राज्य सरकार इस पूरे मामले को सीबीआई से जांच कराई जाए। चूंकि एक ओर मुख्यमंत्री महोदय जांच की बात कहते हैं और दूसरी ओर सचिव इस पूरे प्रकरण को किसी भी तरह की अनियमितता और पेपर लीक से पूरी तरह इंकार करती हैं। अभ्यर्थी सहित राज्य के छात्र युवा और इस पूरे प्रकरण में घोर अनियमितता बरतने और पेपर लीक की पूरी संभावना दिखाई पड़ रही है। इसलिए आजसू मांग करती है कि इस पूरे प्रकरण को सीबीआई से जांच कराई जाये।

### खनन अभियंत्रण सेवा संशोधित नियमावली लागू

**रांची।** राज्य सरकार ने खनन अभियंत्रण सेवा नियमावली में आंशिक संशोधन किया है। इस सेवा में आने के लिए कार्मिक विभाग द्वारा निर्धारित पाठ्यक्रम को लागू किया गया है। हिंदी- लिखित परीक्षा में पूर्णांक 200 व उर्तीणता 120 अंक, तीन घंटे की परीक्षा होगी। हिंदी मौखिक में 100 व उत्तीर्णता 60 अंक, जनजातीय भाषा लिखित, 100, 60 उच्च स्त्र, निम्न 50 अंक, मौखिक भी 60 व 50, लेखा पुस्तक रहित 100 पूर्णांक, 50 अंक, लेखा पुस्तक सहित, 100 व 50 अंक। इसके अलावा विभिन्न खनन से जुड़ी परीक्षा में 100 नंबर में अनारक्षित संवर्ग के लिए 50 प्रतिशत अंक लाना होगा। बीसी 1, बीसी टू व ईबीसी को 45 प्रतिशत, एसटी-एससी को 40 प्रतिशत, महिला सभी कोटि को 40 फीसदी अंक लाना होगा। खान एवं भूतत्व विभाग ने अधिसूचना जारी कर दिया है।

## झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ की सचिव से प्रधानाध्यापक के पदों पर पदोन्नति देने की मांग

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

- वर्ग 1 से वर्ग 8 तक का शिक्षण का अनुभव रखने वाले शिक्षकों को ही प्रधानाध्यापक के इन पदों पर प्रोन्नत किया जाये

**रांची।** झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ ने स्कूली शिक्षा विभाग के सचिव को पत्र लिखकर प्रधानाध्यापक के पदों पर पदोन्नति देने की मांग की है। शिक्षक संघ के प्रधान सचिव सह प्रदेश प्रवक्ता चितरंजन कुमार एवं हजारीबाग जिला अध्यक्ष मो अतीकुज्जमा ने मांग करते हुए कहा कि प्रधानाध्यापक के पद 1976 से उन विद्यालयों में स्वीकृत हैं, जो वर्ग 1 से 8 तक संचालित किए जाते हैं। इसलिए वर्ग 1 से वर्ग 8 तक का शिक्षण का अनुभव रखने वाले शिक्षकों को ही प्रधानाध्यापक के इन पदों पर प्रोन्नत किया जाए। उन्होंने इसकी व्याख्या करते हुए कहा है कि 2016 में स्नातक प्रशिक्षित शिक्षक के पद पर सीधी नियुक्ति वाले शिक्षकों के पास वैधानिक रूप से वर्ग 1 से वर्ग 8 तक का शिक्षण का अनुभव नहीं होता है। वे मूल रूप से वर्ग 6 से 8 तक ही शिक्षण का दायित्व निभाते हैं। नेताद्वय ने कहा है कि 1976 से स्नातक विज्ञान एवं स्नातक कला के पद झारखण्ड के सभी जिलों में स्वीकृत हैं। इन स्वीकृत पदों को पदोन्नति से ही भरे जाने का प्रावधान है। साथ ही साथ ये पद नवसृजित स्नातक प्रशिक्षित शिक्षकों के पदों में सम्मिलित नहीं हैं। जो पद 2014 में सृजित किए गए सिर्फ उन पदों का 50% सीधी नियुक्ति से तथा शेष 50% पदोन्नति से भरे जाने का प्रावधान नियत है। इसीलिए प्रत्येक जिलों में स्नातक प्रशिक्षित के विज्ञान और कला के पदोन्नति वाले पद में सीधी नियुक्ति वाले पदों से ज्यादा हैं।

मालूम हो कि उच्च विद्यालयों में स्नातक प्रशिक्षित शिक्षकों को 12 वर्ष की सेवा के बाद पदोन्नति देते हुए वरीय वेतनमान देने का प्रावधान है। इस कारण समान वेतनमान पर सीधी नियुक्ति वाले 6 से 8 के पद पर नियुक्त शिक्षकों को 8 वर्षों की सेवा के उपरांत पदोन्नति दी जाती है, तो विसंगति उत्पन्न हो जाएगी। इसके अतिरिक्त मांग करते हुए कहा है कि सभी उत्क्रमित मध्य विद्यालयों में प्रधानाध्यापक के पद सृजित किए जाएं। साथ ही साथ ग्रेड 2, ग्रेड 3 एवं ग्रेड 4 के रिक्त पदों पर जहाँ वरीयता संबंधी कोई विवाद नहीं है; पर त्वरित रूप से पदोन्नति देने की माँग झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ ने की है।

### शहीद के श्रद्धांजलि समारोह में शामिल हुये संजय सेठ



रांची। रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ गुरदासपुर में शहीद राम प्रकाश प्रभाकर की 33वीं बरसी पर आयोजित शहीदों को समर्पित कार्यक्रम में शामिल हुये। कार्यक्रम की अध्यक्षता में राष्ट्रीय सेवक संघ के सह सर कार्यवाह अरुण कुमार जी ने की। उनके बलिदान दिवस पर उन्हें नमन करते हुये श्री सेठ ने कहा कि राम प्रकाश प्रभाकर देश के वीर सपूतों में से एक थे। उनका बलिदान देश हमेशा याद रखेगा। राम प्रकाश प्रभाकर अपने जीवन काल के अंतिम समय तक समाज को समर्पित कर दिया। उन्होंने सभी समाज के लोगों को साथ लेकर एक सूत्र में पिरोकर चलते थे। वह संघ के प्रचारक के रूप में भी कई उल्लेखनीय कार्य किया। उनका हर कार्य उनका संपूर्ण जीवन हम सबके लिये प्रेरणादाई है।

## अल्पसंख्यक कांग्रेस ने की बैठक में राजभवन मार्च को सफल बनाने पर चर्चा

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी अल्पसंख्यक विभाग की बैठक रविवार को कांग्रेस भवन में प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश की अध्यक्षता में हुई। बैठक में अल्पसंख्यक विभाग के प्रदेश अध्यक्ष मंजुर अंसारी उपस्थित रहें।

बैठक की संचालन संगठन महासचिव अख्तर अली ने किया। बैठक में यह निर्णय लिया गया कि 18 दिसम्बर 2024 को गौतम अंड़ानी के खिलाफ अमरिका से गिरफ्तारी वारंट जारी होने के बावजूद प्रधानमंत्री मोदी द्वारा उसे बचाने की कोशिश की जा रही है और सभी भारत के संपतियों को अड़ानी के हाथों में बेचने का कार्य कर रही है। इसके विरोध में प्रदेश कांग्रेस राजभवन मार्च करेगा। इसकी सफलता के लिए प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश, अल्पसंख्यक कांग्रेस से ज्यादा से ज्यादा तादाद में भागीदारी हो इस पर दिशा निर्देश दिये और जनवरी के पहले सप्ताह में अल्पसंख्यक आभार सम्मेलन करने का निर्णय लिया। जिसमें राष्ट्रीय अध्यक्ष इमरान प्रतापगढ़ी भी मौजूद रहेंगे।

बैठक में मुख्य रूप से करीम अंसारी, महमूद अली, सगीर अंसारी, दिलीप जॉन तिग्गा, जैतुन जॉन,मो. सलीम, हुसैन खान, जीशान खान, अरशदुल कादरी, कैशर खान, हाजी सिकेन्द्र,सनउल्ला खान, सोहराब अंसारी, जावेद कासमी, मंजूर आलम, बारीक अंसारी, सजिद अली खान, गुलाम रब्बानी, रूसतम अली, साने रहमद, गुलाम सरोवर पिंकू, तसलीमा मलिक, हसनैन जैदी, सद्दाम हुसैन, जफर अंसारी इसके साथ प्रदेश कमिटी के पदाधिकारी, जिलाध्यक्ष मौजूद रहे।

## स्नेह स्मृति न्यास ने डॉ मीनाक्षी मुंडा को किया सम्मानित

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

- बेटियों का सम्मान ईश्वर के सम्मान जैसा



**रांची।** स्नेह स्मृति न्यास के तत्वावधान में समाज सेविका डाक्टर मीनाक्षी मुंडा को सम्मानित किया गया। उन्होंने समाज के प्रति समर्पित न्यास को अपनी हार्दिक बधाइयां दी। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि दीपक प्रकाश की अनुपस्थिति में अरुण झा ने कहा कि बेटियों का सम्मान ईश्वर के सम्मान से पहले होता है और स्नेह स्मृति न्यास के सदस्यों ने डाक्टर मीनाक्षी मुंडा का चयन कर पूरी समाज के लिये एक उदाहरण प्रस्तुत किया है।

स्नेह स्मृति न्यास के सलाहकार महादेव टोप्पो ने मीनाक्षी मुंडा को बधाई देते हुये कहा कि वे झारखंड की आदिवासी औरतों के हक के लिए दिन-रात संघर्षरत हैं। उनके इन्हीं गुणों के कारण आज स्नेह स्मृति न्यास ने उनको सम्मानित करने का फैसला किया। विजयलक्ष्मी ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। क्रांति श्रीवास्तव ने अपने माता-पिता की जीवन यात्रा का संक्षिप्त वृतांत देते हुए संपूर्ण कार्यक्रम को अपने मां और पिता को समर्पित किया। स्मिता ने मंच संचालन किया। न्यास की ओर से मीनाक्षी मुंडा को 5000 सम्मान राशि, स्मृति चिन्ह, शॉल, प्रशस्ति पत्र तथा पौधा भेंट किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ राजश्री जयंती ने की। उन्होंने कहा कि यह माता-पिता के लिये एक सच्ची श्रद्धांजलि है। आंनद किशोर ने धन्यवाद ज्ञापन किया। इस अवसर पर सुनीता कुमार, सुरेखा आंनद, विजयलक्ष्मी सिन्हा, क्रांति श्रीवास्तव, साकेत कुमार की अपने मां एवं पिता के प्रति यह एक छोटी सी श्रद्धांजलि है और समाज के उस वर्ग को छूने की कोशिश है जो सीधे तौर पर उपेक्षित है । कार्यक्रम में समाजसेवी अतुल गेरा ने स्नेह स्मृति न्यास के लिये ब्लड डोनेशन कैंप का आयोजन किया।

## आज जेएसएससी कार्यालय का घेराव करेंगे छात्र, रांची पुलिस अलर्ट

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** संयुक्त स्नातक स्तरीय परीक्षा (सीजीएल) 2023 के परिणाम रद्द करने की मांग को लेकर छात्रों का आक्रोश बढ़ता जा रहा है। सोमवार को हजारों की संख्या में छात्र नामकुम स्थित झारखंड कर्मचारी चयन आयोग (जेएसएससी) कार्यालय के बाहर प्रदर्शन करने की तैयारी में हैं। इसे लेकर रांची पुलिस और प्रशासन पूरी तरह से अलर्ट है।

### बड़ी संख्या में छात्रों के जुटने की संभावना

खुफिया विभाग की रिपोर्ट के अनुसार, रांची, हजारीबाग, रामगढ़, धनबाद, बोकारो, गिरिडीह, जमशेदपुर, दुमका, सरायकेला, पलामू और गढ़वा सहित विभिन्न जिलों से करीब 4000-5000 छात्रों के प्रदर्शन में शामिल होने की संभावना है। इस आंदोलन को कई विपक्षी दलों का समर्थन भी मिल रहा है।

### पुलिस और प्रशासन ने किए कड़े सुरक्षा इंतजाम

रांची पुलिस ने नामकुम थाना क्षेत्र में खररउ कार्यालय के पास बैरिकेडिंग लगाई है और सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। पुलिस बल को किसी भी अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए तैयार रहने के निर्देश दिए गए हैं। इसके अलावा, सभी जिलों के पुलिस अधीक्षकों को सतर्क रहने और प्रदर्शनकारियों पर नजर रखने को कहा गया है। 14 दिसंबर की रात से ही प्रदर्शनकारी छात्रों का रांची पहुंचना शुरू हो गया है। इसको देखते हुए प्रशासन ने सभी थानों और जिले की पुलिस को हाई अलर्ट पर रखा है।

### आंदोलन की प्रमुख मांगें

प्रदर्शन कर रहे छात्र सीजीएल 2023 के परिणाम को रद्द करने और भर्ती प्रक्रिया में पारदर्शिता लाने की मांग कर रहे हैं।

उनका आरोप है कि परीक्षा में अनियमितताएं और गड़बड़ियां हुई हैं, जिससे योग्य छात्रों को नुकसान हुआ है। छात्र संगठनों का कहना है कि जब तक उनकी मांगें पूरी नहीं होतीं, उनका आंदोलन जारी रहेगा।

### सीजीएल डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन को हर हाल में रोकने का होगा प्रयास : देवेन्द्र महतो

रांची। सोमवार को जेएलकेएम छात्र विंग झारखंड स्टेट स्टूडेंट्स यूनियन के बैनर तले जेएसएससी कार्यालय का घेराव किया जायेगा। मौके पर देवेन्द्र नाथ महतो ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर जानकारी दी कि जेएसएससी एग्जाम रद्द करने की मांग को लेकर सम्पूर्ण झारखंड के 24 जिला के छात्र आज ही रांची पहुंच चुके हैं। विभिन्न लॉज, हॉस्टल, रिश्तेदार घर में रात्रि विश्राम करके सुबह 9 बजे से ही जेएसएससी कार्यालय महाघेराव के लिए पहुंचकर हर हाल में डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन रोकने का काम करेंगे तथा पूरी परीक्षा को रद्द कर सीबीआई से जांच कराकर कर दोषी अधिकारियों पर कड़ी कार्रवाई करने की मांग करेंगे। दूसरी तरफ पुलिस प्रशासन द्वारा छात्रों की आवाज को कमजोर करने के लिए राज्यभर के छात्रावास में पुलिस प्रशासन तैनात किया गया तथा 24 जिला में बेरिकेडिंग लगाकर छात्रों को जिला से बाहर निकलने नहीं दिया जा रहा है, फिर भी छात्र रांची पहुंच रहे हैं। उन्हें रांची में प्रवेश करने नहीं दिया जा रहा है। जेएसएससी कार्यालय को पूरी तरह पुलिस छावनी में तब्दील किया गया है। इस पर प्रतिक्रिया देते हुए देवेंद्र नाथ महतो ने कहा कि सरकार हमारी आवाज को दबाना चाहती है। किसी भी हाल में अपनी आवाज को दबने नहीं देंगे। सोमवार को छात्रों का शक्ति प्रदर्शन होगा। पूरे राज्य के छात्रों को आज घर से अपने हक अधिकार के लिए बाहर निकलकर संघर्ष करने की अपील की गयी है।

## सीजीएल परीक्षा की जांच शुरू होने से पहले किया जा रहा प्रभावित : प्रतुल शाह देव

- मामला और संदिग्ध हुआ, मुख्यमंत्री अब सीबीआई जांच की अनुशंसा करें

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने गहरा आश्चर्य व्यक्त किया कि एक तरफ मुख्यमंत्री ने सीजीएल परीक्षा की सीआईडी जांच के आदेश दिये। वहीं, दूसरी तरफ जेएसएससी ने सीजीएल परीक्षा को लेकर प्रेस कॉन्फ्रेंस कर खुद को क्लीन चिट दे दी। यह सीधे तौर पर मुख्यमंत्री के द्वारा सीआईडी जांच के आदेश को प्रभावित करने का मामला प्रतीत होता है। उन्होंने कहा कि यह हड़बड़ी पूरे मसले को और भी संदिग्ध बना देता है। ये सारे तथ्य जेएसएससी सीआईडी जांच के क्रम में जांच अधिकार को बताती तो बेहतर होता। प्रेस कांफ्रेंस करके कमीशन सीधे तौर पर पब्लिक ओपिनियन बनाने का और जांच को प्रभावित करने की कोशिश कर रहा है। उन्होंने कहा कि अब मुख्यमंत्री को पहल करते हुये सीबीआई जांच की अनुशंसा करनी चाहिये। उन्होंने कहा कि सीजीएल परीक्षा में बड़े आरोप लगे। पहली बार जब परीक्षा हुई तो व्हाट्सएप में 25 लाख रुपये में प्रश्न पत्र लीक करने का आरोप आया। दूसरी बार की परीक्षा में इंटरनेट बंद होने के बावजूद भी छात्रों ने पुरानी परीक्षाओं से प्रश्न पत्र को सीरियल से उतारने के गंभीर आरोप लगाये। अदालत में मामला विचाराधीन रहने के बावजूद भी परीक्षा का परिणाम घोषित कर दिया गया ।उसके बाद हजारीबाग में परीक्षा के परिणाम का विरोध कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि जब स्थानीयता परिभाषित नहीं है तो फिर किस आधार पर जेएसएससी सिर्फ स्थानीय छात्रों के चयनित होने का दावा कर रही है। उन्होंने कहा कि जेएसएससी ने दावा किया कि परीक्षा में 80 प्रतिशत से भी ज्यादा स्थानीय छात्रों का चयन हुआ है। जब सरकार के स्तर पर आज तक स्थानीयता का कट ऑफ डेट परिभाषित नहीं है। उन्होंने कहा कि जेएसएससी के अधिकारियों को ईमेल से जो धमकियां मिली है। यह प्रथम दृष्टया बहुत ही गंभीर मामला प्रतीत होता है। इसकी उच्च स्तरीय जांच होनी चाहिये।

सुप्रभात
सोमवार 16.12.2024
धनबाद, वर्ष 01, अंक 235
epaper.khabarmantra.net
धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
धनबाद और रांची से एक साथ प्रकाशित
सबकी बात सबके साथ



## लोगों तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए डालसा कृतसंकल्प

# दुष्कर्म पीड़ितों की गरिमा बनाये रखने में कोर्ट का अहम रोल : न्यायाधीश

▶▶ न्यायाधीश ने पुलिसजनों को सिखाया अनुसंधान का गुर

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**धनबाद।** झारखंड विधिक सेवा प्राधिकार व प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश वीरेंद्र कुमार तिवारी के निर्देश पर पुलिस पदाधिकारियों के लिए आयोजित एकदिवसीय जिला स्तरीय कैपिसिटी बिल्डिंग सह जागरूकता कार्यक्रम का उद्घाटन सिविल कोर्ट धनबाद में रविवार को धनबाद के प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश वीरेंद्र कुमार तिवारी, जिला एवं सत्र न्यायाधीश संजय कुमार सिंह, मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी आरती माला, एसएसपी एच पी जनार्दनन, बार एसोसिएशन के उपाध्यक्ष धनेश्वर महतो, बार एसोसिएशन महासचिव जीतेंद्र कुमार ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस मौके पर न्यायाधीश श्री तिवारी ने कहा कि समाज के प्रति हम सब की जिम्मेवारी है जिसे समय पर पूरा करना हमारा कर्तव्य है। अनुसंधानकर्ताओं को संबोधित करते हुए न्यायाधीश ने कहा कि सड़क दुर्घटना में समय पर कागजात कोर्ट में जमा नहीं किए जाने के कारण मृतकों के परिजनों को मुआवजा नहीं मिल पाता है। इस विषय पर पुलिस पदाधिकारियों को संदेश देते हुए जिला जज ने कहा कि सर्वोच्च न्यायालय ने अपने आदेश मे स्पष्ट कहा है कि सड़क दुर्घटना के मामले में किसी भी हालत में 30 दिन के अंदर दुर्घटना सूचना रिपोर्ट कोर्ट को भेज देनी है, अन्यथा थाने के भार साधक अधिकारी पर कार्रवाई हो सकती है। उन्होंने कहा कि यदि समय पर पुलिस ऐसा कर दें तो मृतक के परिजनों को तमाम मुश्किलों का सामना नहीं करना पड़ेगा यह समाज के प्रति हमारा कर्तव्य है।





एसएसपी श्री जनार्दनन ने कहा कि पुलिस के पास अत्यधिक कार्य का बोझ होता है जिस कारण भी कई बार अनुसंधान में कई तरह की त्रुटियां रह जाती है जिसका फायदा अभियुक्त ले जाते हैं इसलिए यह कार्यशाला हमारे अनुसंधानकताओं को अनुसंधान में काफी मदद करेगी। महिलाओं के प्रति बढ़ते अपराधों और उससे संबंधित कानून की जानकारी देते हुए न्यायाधीश श्री संजय कुमार सिंह ने कहा कि दुष्कर्म पीड़ितों की गरीमा बनाए रखने में न्यायपालिका सहित आप सबों का अहम रोल है। नए आपराधिक कानून के संबंध में कार्यशाला को संबोधित करते हुए मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी आरती माला ने कहा कि सर्वोच्च न्यायालय द्वारा अरणेश व ऐनटिल के मामले में पारीत निर्णय का पुलिस कठोरता से पालन करे अब किसी भी व्यक्ति को न्यायिक हिरासत में भेजने के लिए कोर्ट के समक्ष प्रस्तुत करने के समय उस व्यक्ति के विरुद्ध उसके अपराध में शामिल होने के पुख्ता साक्ष्य भी पेश करना होगा अन्यथा उस व्यक्ति को जेल नहीं भेजा जाएगा। लोक अभियोजक धनबाद अवधेश कुमार ने एनडीपीएस एक्ट में पुलिस पदाधिकारीयों को अनुसंधान करने के तरीके के विषय में बताया। अधिवक्ता मो सिराज ने लोगों को सावधानीपूर्वक सड़क पर गाड़ी चलाने की सलाह दी और कहा कि असावधानी के कारण ही आए दिन दुर्घटना हो जाया कर रही है। कार्यशाला के विषय में जानकारी देते हुए डालसा सचिव सह अवर न्यायाधीश राकेश रोशन ने पीड़ित से संबंधित कानून व उसके पुनर्वास से संबंधित कानून, योजना, कुमार विमलेंदु ने पोक्सो एक्ट से संबंधित कानून के विषय में बताया। डालसा सचिव ने बताया कि कार्यशाला मे तमाम न्यायिक पदाधिकारी, बार एसोसिएशन के उपाध्यक्ष, महासचिव जीतेंद्र कुमार, लोक अभियोजक, अवधेश कुमार, अपर एवं सहायक लोक अभियोजक, विभिन्न थानों के पदाधिकारी, पारा लीगल वालंटियर, डालसा के पैनल अधिवक्ता, एलएडीसीएस के, चीफ कुमार विमलेंदु, डिप्टी चीफ अजय कुमार भट्ट, सहायक कन्हैया लाल ठाकुर, नीरज गोयल, शैलेन्द्र झा, सुमन पाठक, स्वाति, मुस्कान समेत दर्जनों लोग उपस्थित थे।

## एक नजर में

### सही वेतन न मिलने पर कर्मचारियों ने लगाई गुहार



**धनबाद।** बरमसिया स्थित पुराना स्टेशन में रविवार को एक प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। समाज सेवी, जनता श्रमिक संघ के नेता अमित गुप्ता ने मजदूरों के हित के लिए लड़ाई लड़ने के लिए आह्वाहन किया है। उन्होंने कहा कि मजदूरों को लड़ाई के लिए अगर उन्हें हाजीपुर भी जाना पड़े, वह पीछे नहीं हटेंगे जब तक मजदूरों को न्याय नहीं मिलता है, तब तक वह अपना संघर्ष जारी रखेंगे। श्री गुप्ता ने मीडिया को बताया कि वेतन एवं ई. पी. एफ. ओ सही ढंग से नही दिया जा रहा है। सभी कर्मचारियों को एसबीएस इंटरप्राइजेज के ओर से पूरे 30 दिनों का वेतन न देकर केवल 12 दिनों का वेतन दिया जा रहा है। वही कर्मचारियों का 30 दिनों का वेतन 26 हजार 40 रुपए है। जबकि ई पी एफ ओ द्वारा कम राशि दी रही है।

### जेल अदालत मे दो बंदी रिहा, बंदियों का हुआ जांच



**धनबाद।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वाधान मे रविवार को धनबाद जेल मे जेल अदालत व मेडिकल शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में अवर न्यायाधीश ऐंजोलिना जोन, प्रथम श्रेणी न्यायिक दंडाधिकारी ऋषि कुमार ने मुकदमो की सुनवाई कर आनस्पाट फैसला सुनाया। इस बावत जानकारी देते हुए प्राधिकार के सचिव सह अवर न्यायाधिश राकेश रोशन ने बताया की जेल अदालत मे निपटारे के लिए 6 केस चिन्हित किए गए थे जिसमे दो मुकदमे का निष्पादन कर बंदी आशीष मांझी व आशीष कुमार को मुक्त करने का आदेश दिया गया। वहीं डॉक्टर राजीव कुमार के नेतृत्व में सात सदस्यीय मेडिकल टीम ने बंदियों के स्वास्थ्य की जांच की। दूसरी ओर न्यायिक पदाधिकारी व लीगल एड डिफेंस काउंसिल की टीम द्वारा द्वारा बंदियों को विभिन्न कानूनो की जानकारी विधिक जागरूकता शिविर के माध्यंम से दी गई। इस मौके पर एलएडीसीएस के डिप्टी चीफ अजय कुमार भट्ट, सहायक कन्नीहैया लाल ठाकुर, नीरज गोयल, शैलेन्द्र झा, कारा अधीक्षक, डालसा सहायक, अरुण कुमार, राजेश सिंह उपस्थित थे।

### पहले किया प्यार फिर की शादी अब कर रहा इंकार



**जोड़ापोखर।** जोड़ापोखर थाना क्षेत्र के जेलगोड़ा पोस्टऑफिस के निकट रहने दिलीप राय की पुत्री दलित तारा कुमारी ने पड़ोस के रहने वाले युवक जितेंद्र कुमार सिंह पर 8 बर्ष तक शारिरिक शोषण कर शादी करने के बाद अपनी पत्नी मानने से इनकार करते हुए परिजनों के दवाब में दूसरी शादी करने की तैयारी कर ली है। लड़की को पता चलने पर थाना पहुंच कर लगाई न्याय की गुहार। युवक घर छोड़ कर फरार हो गया है। तारा कुमारी ने बताया है की पड़ोसी युवक जितेंद्र सिंह से 8बर्षो तक प्रेम प्रशग था कई बार शारिरिक संबंध भी बनाया गया है। युवक शादी करने से इनकार कर रहा था। दबाव के बाद युवक भोजीडीह भैरो स्थान मंदिर में जा कर एक बर्ष पूर्व 5 सितम्बर में शादी कर ली हैं। अब परिवार के दवाब में घर में रखने से इनकार कर रहा है। युवक के भाई, मां सहीत सभी लोगों ने दो दिन पूर्व शादी करने की तैयारी कर लिया है। युवक जितेंद्र घर छोड़कर फरार हो गया है। थाना प्रभारी राजेश प्रकाश सिन्हा ने मामले को महिला थाना धनबाद में स्थांतरण कर दिया है।

## स्पीड न्यूज

### आयुष्मान कार्ड के लिए मटकुरिया में लगा शिविर



**धनबाद।** आयुष्मान कार्ड बनाने को लेकर रविवार को मटकुरिया सेवा समिति ने दुर्गा मंडप में शिविर लगाया। 70 वर्ष से अधिक उम्र के बुजुर्गों का आयुष्मान कार्ड के लिए रजिस्ट्रेशन किया गया। शिविर का उद्घाटन विधायक राज सिन्हा ने किया। मौके पर भाजपा के अन्य पदाधिकारी भी उपस्थित थे। भाजपा के संरक्षण में इस महत्वपूर्ण शिविर आयोजन की वृद्धजनों ने काफी सराहना की।सत्तर वर्षीय समाजसेवी व वरिष्ठ पत्रकार अनिल पांडे ने इस संदर्भ में विधायक राज सिन्हा से अनुरोध किया कि यदि संभव हो तो अपने आवासीय कार्यालय में आयुष्मान कार्ड के नामांकन हेतु व्यवस्था करें इससे 70 वर्ष के बुजुर्गों को इससे सहुलियत होगी।

### राजकीय मध्य विद्यालय में पौधरोपण



**पुटकी।** पर्यावरण संरक्षण एवं जागरूकता को लेकर राजकीय मध्य विद्यालय पुटकी में शिक्षक- शिक्षिकाओं द्वारा पौध रोपण किया गया। प्रभारी प्रधानाचार्य भागीरथ कुमारने कहा कि आसपास को स्वच्छ वातावरण के लिए सभी पौधोंरोपण करें। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यालय को हरा भरा बनाना एवं पर्यावरण संरक्षण करना है। रतिकांत ठाकुर, फिरनाथ बड़ाइक, ममता कुमारी, शगुफ्ता परवीन, आशा दास, सुनील कुमार अग्रवाल, निर्मल महतो, अजय भगत के अलावे कई मौजूद थे।

### बाइक के आमने सामने टक्कर में दो जख्मी

**जामताड़ा।** गोविंदपुर साहिबगंज मुख्य सड़क के नारायणपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत रघुनाथपुर गांव के समीप दो बाइकों की आमने-सामने की टक्कर हो गई। घटना में बाइक चालक चरकपानी निवासी बिनोद राणा गंभीर रूप से घायल हो गए जबकि दूसरा युवक डाभाकेंद्र निवासी पांडे राणा को हल्की-फुलकी चोट आई है।

### बबलू महतो का नेताओं ने किया स्वागत



**सिंदरी।** कॉंग्रेस युवा मोर्चा नगर अध्यक्ष संतोष कुमार सिंह के नेतृत्व में प्रतिनिधि मंडल ने सिंदरी विधायक चंद्रदेव महतो उर्फ बबलू महतो से उनके आवास पर मुलाकात की। अधिवक्ता एवं सह प्रभारी कानूनी सलाहकार कांग्रेस पार्टी एस के सईम ने विधायक को शॉल ओढ़ाकर व भारत के संविधान का छायाचित्र देकर स्वागत किया। प्रतिनिधि मंडल में हलचल रजा, प्रखंड महासचिव अल्ताफ रजा, एमडी अरशद, एमडी आजरू वसीम, डांसर शेख वकील, मोहम्मद वसीम सहित अन्य कॉंग्रेसी नेता शामिल थे।

## धनबाद के चौक चौराहे पर लगेगा स्कैनर

# आपात स्थिति में तुरंत पहुंचेगी पुलिस

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**धनबाद।** जिला पुलिस मुख्यालय स्थित सभागार में एसएसपी ह्रदीप पी जनार्दनन के नेतृत्व में मासिक समीक्षा बैठक आयोजित की गई।समाहरणालय परिसर में आयोजित बैठक के दौरान कई महत्पूर्ण विषयों पर चर्चा की गई। बैठक के दौरान एसएसपी द्वारा पुलिस अधिकारियो को स्पष्ट निर्देश दिया गया कि विधानसभा चुनाव के दौरान व्यस्तता के मद्देनजर विभिन्न थानों में दर्ज लंबित मुकदमों की जांच में तेजी लाई जाए और यथाशीघ्र सभी मामलों की चार्जशीट समर्पित की जाए।

इसके अतिरिक्त एसएसपी द्वारा दुष्कर्म, महिला व बाल उत्पीड़न एवं पोस्को एक्ट के तहत दर्ज मामले को गंभीरता पूर्वक निर्धारित अवधि में जांच पूरी कर रिपोर्ट समर्पित करने का निर्देश दिया गया।



महिला सुरक्षा को लेकर सभी थानों को बेहद संवेदनशील रहने को कहा गया।

जिले में हालिया घटित संगठित अपराध से जुड़े मामलों पर गहनता से समीक्षा करते हुए अपराधियों व सभी गैंगस्टर की गिरफ़्तारी जल्द सुनिश्चित करने हेतु कार्रवाई को तेज करने का निर्देश दिया। संगठित अपराध व गैंग्स से जुड़े मामलों में अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस की विशेष टीम पश्चिम बंगाल, बिहार, कर्नाटक व आंध्र प्रदेश के लिए रवाना की गई है।

जिले में बढ़ते साइबर अपराध पर चिंता जताते हुए साइबर सेल को इन वारदातों में संलिप्त अपराधियों की पहचान सुनिश्चित करते हुए उनकी गिरफ्तारी के लिए कार्रवाई को तेज करने का निर्देश भी दिया। बैठक में अधिकारियों को कानून व्यवस्था को पुख्ता और प्रभावी बनाने को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने थानों में पेंडेंसी कम करने, भगोड़े अपराधियों की धरपकड़ तेज करने सहित मादक पदार्थों, मावेशियों की तस्करी करने वालों पर कठोर कार्रवाई करने के निर्देश भी दिए।

एसएसपी ने कहा कि धनबाद में अगर कोई भी व्यक्ति किसी संकट में हैं तो वह अपने मोबाइल फोन से एक स्कैन के जरिए पुलिस की हेल्प पा सकते हैं। इसके लिए धनबाद में डायल 112 को क्यूआर कोड से जोड़ दिया गया है। सभी थाना प्रभारियों को अपने-अपने क्षेत्र में अभियान चलाकर लॉटरी, जुआं, सट्टा, अवैध शराब व मादक पदार्थो की बिक्री के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई करने सहित यातायात नियमों के उल्लंघन करने वाले वाहनों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के भी निर्देश दिए। क्रिसमस एवं न्यू ईयर को देखते हुए एसएसपी ने सभी पर्यटन स्थल, पिकनिक स्पॉट, शॉपिंग मॉल में भीड़ भाड़ को देखते हुए सुरक्षा बढ़ाने व विशेष निगरानी रखने का निर्देश भी दिया।उन्होंने राष्ट्रीय राजमार्ग पर सड़क हादसे की रोकथाम के लिए प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करने का भी निर्देश दिया।

## पर्यटन मंत्री ने किया वाटर फॉल व डैम का निरीक्षण

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गिरिडीह।** झारखंड के नगर विकास आवास व पर्यटन मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू ने जिले के प्रमुख पर्यटक स्थल वाटर फॉल व खंडोली डैम का निरीक्षण किया। इस दौरान मंत्री के साथ डीसी नमन प्रियेश लकड़ा, डीडीसी स्मिता कुमारी, डीएफओ मनीष तिवारी समेत विभिन्न विभाग के अधिकारी मौजूद रहे। मंत्री के पहुंचने के वाटरफॉल में स्थानीय ग्रामीणो के द्वारा पारंपरिक लोक नृत्य के साथ मंत्री सुदिव्य सोनू का भव्य स्वागत किया गया।वाटरफॉल पहुंचने के बाद मंत्री ने पूरे फॉल का निरीक्षण किया और पर्यटकों के साथ-साथ स्थानीय ग्रामीणों से भी बातचीत की। इस बाबत मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू ने बताया कि वाटर फॉल प्रमुख पर्यटक स्थल है। ऐसे में यंहा हर साल हजारों की संख्या में सैलानी पहुंचते है, इसलिए इस स्थल पर नागरिकों को कैसे बेहतर सुविधा मिले इसे लेकर आज अधिकारियों और स्थानीय वन समिति के सदस्यों के साथ बैठक कर यह निर्णय लिया गया है की वाटर फॉल को टूरिस्ट हट्स बनाया जायेगा, साथ ही यंहा शौचालय बनाये जायेंगे, पार्क बनाये जायेंगे और सबसे महत्वपूर्ण चीज इस खूबसूरत स्थान को प्लास्टिक फ्री जोन बनाया जाएगा ताकि यंहा आने वाले सभी पर्यटकों को बेहतर सुविधा मिल सके और यंहा का माहौल और भी बेहतर हो। उन्होंने कहा की इसे लेकर तमाम विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया गया है।



## गुरु नानक कॉलेज के रोट्रैक्ट् क्लब का विंटर रिलीफ कैंप



**धनबाद।** गुरु नानक कॉलेज के बीसीए विभाग के रोटरेक्ट क्लब के द्वारा शनिवार को विंटर रिलीफ कैंप का आयोजन किया गया। प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी दिसंबर के इस कड़ाके ठंडी में गरीबों को राहत उपलब्ध कराने के लिए यह आयोजन बैंक मोड़ बड़ा गुरुद्वारा परिसर में हुआ। कैंप में जरूरतमंदों के बीच 70 कंबल एवं गर्म कपड़े बांटे गए। मौके पर महाविद्यालय सासी निकाय के अध्यक्ष सरदार आर एस चहल, सचिव सरदार डी एस ग्रेवाल, महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर संजय प्रसाद, बीसीए विभाग की कोऑर्डिनेटर एवं रोटरएक्ट क्लब की मॉडरेटर प्रोफेसर पुष्पा तिवारी, बीबीए विभाग के कोऑर्डिनेटर प्रोफेसर संजय सिंह, बीसीए विभाग से प्रोफेसर उदय सिन्हा, कौशिक मुखर्जी, प्रियंका कुमारी, गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी सदस्यों की विशेष उपस्थिति रही। कैंप का आयोजन में शिवम, रोहित, अनुराग, आदित्य, रिया, अंजलि, उत्कर्ष, यश, अमृत, रोहन एवं अन्य सदस्यों की विशेष योगदान रहा।

### कृष्णानंद झा के निधन से झारखंड ने एक दूरदर्शी राजनीतिज्ञ और वरिष्ठ शिक्षाविद खोया : संजय

**देवघर।** राजद प्रदेश सचिव सह पूर्व राजद प्रत्याशी मधुपुर विधानसभा क्षेत्र संजय भारद्वाज ने झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ नेता एवं एकीकृत बिहार के पूर्व कैबिनेट मंत्री कृष्णानंद झा के निधन पर गहरा दु:ख व्यक्त करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। श्री भारद्वाज ने कहा कि वे आजीवन जनसरोकारों को सर्वोपरि मानने वाले दूरदर्शी राजनीतिज्ञ और देवघर के सामाजिक और राजनीतिक क्षेत्र की महान हस्ती थे और उन्होंने एकीकृत बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री पंडित विनोदानंद झा की विरासत को आगे बढ़ाने का काम किया। आज जबकि देश राजनीतिक संक्रमण काल के दौर से गुजर रहा है तो लोकतांत्रिक मूल्यों, सामाजिक कल्याण और राष्ट्र की एकता-अखंडता के प्रति समर्पित ऐसे नेता और अभिभावक का जाना और भी ज्यादा दु:खद है। मैं व्यक्तिगत रूप से अपने को सौभाग्यशाली समझता हूं कि मुझे उनके विराट राजनीतिक अनुभव, व्यवहारिक दृष्टिकोण और अभिभावक तुल्य स्नेह एवं मार्गदर्शन का लाभ प्राप्त हुआ। उनका जाना मात्र झारखंड और बिहार ही नहीं बल्कि पूरे देश के राजनीतिक और सामाजिक क्षेत्र की एक बड़ी क्षति है, जिसकी भरपाई बमुश्किल ही हो पाएगी। ईश्वर से प्रार्थना है कि उन्हें अपने श्री चरणों में स्थान दें और हम सभी को इस असीम पीड़ा को सहन करने की शक्ति प्रदान करें।

### लोयोला स्कूल में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता

**कुमारधुबी।** चिरकुंडा तालडंगा स्थित लोयला स्कूल मे वार्षिक खेलकुद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि निरसा विधायक अरुप चटर्जी, विशिष्ट अतिथि के रूप में निरसा एसडीपीओ रजत मणिक बाखला, शिक्षा निदेशक फादर एल्विन सी वी व डीवीसी पंचेत के सहायक कमांडेंट रविंद्र कुमार, स्कूल के सचिव फादर ए अल्फांस, स्कूल के प्रिंसिपल फादर जॉनी पी देवासिया, वाइस प्रिंसिपल सिस्टर विवियाना एवं अन्य गणमान्य लोग मुख्य रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ स्वागत नृत्य एवं विद्यालय के प्रिंसिपल के द्वारा स्वागत भाषण से हुआ। इसके बाद बच्चों द्वारा कदमताल एवं खेलकूद प्रतियोगिता के मशाल स्तंभ को प्रज्वलित करके स्कूल के वार्षिक खेलकूद का शुभारंभ किया गया।

# बाघमारा में ई कार्ड डिलीवरी ऑफिस से दस लाख की चोरी

▶▶ लॉकर में लगभग दस लाख रुपये थे

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**कतरास।** बाघमारा थाना अंतर्गत हरिणा हीरक रोड स्थित इ कार्ड डिलीवरी कार्यालय का ताला तोड़कर चोरों के दल ने लाखों रुपये नकदी चुरा ली और चलते बने। घटना शनिवार रात की है। रविवार सुबह जब कर्मी कार्यालय आए तब उनलोगों को घटना की जानकारी हुई। सूचना पाकर पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और तहकीकात की। छानबीन के क्रम में पुलिस ने घटनास्थल से कुछ दूरी पर स्थित जंगल में खाली पड़े लॉकर को बरामद किया। कार्यालय प्रभारी अर्जुन कुमार महतो के घटनाक्रम सीसीटीवी कैमरे कैद



**ऐसे दिया घटना को अंजाम**

चोरों का दल ई कार्ड डिलीवरी कार्यालय का शटर तोड़कर अंदर घुसा। रुपयों से भरे लॉकर को उखाड़कर ले गए और उसमें से राशि निकालकर खाली लॉकर को जंगल में फेंक दिया।

चोरों की यह करतूत सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। तहकीकात के क्रम में पुलिस ने सीसीटीवी कैमरे को खंगाला, जिसमें चोरी की वारदात कैद है। पुलिस फूटेज के सहारे चोरी में शामिल अपराधियों तक पहुंचने की जुगत में जुट गई है।

**थाना में शिकायत**

ई कार्ड डिलीवरी कार्यालय के प्रभारी अर्जुन कुमार महतो ने थाना में लिखित शिकायत देकर कारवाई की मांग की है। शिकायत में कहा है कि शनिवार को शाम साढ़े पांच बजे ऑफिस बंद किया था। लॉकर में शुक्रवार और शनिवार का कलेक्शन रकम 9,69,202 रुपये थे। रविवार सुबह लगभग 7:30 बजे ऑफिस आया तो शटर टूटा हुआ पाया। अंदर प्रवेश करने पर लॉकर गायब मिला।

## बैठक में नहीं आनेवाले पदाधिकारियों को नोटिस का निर्देश

# सुचारू रूप से चले गांव की सरकार : अरूप चटर्जी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**कुमारधुबी।** निरसा प्रखंड सभागार में प्रखंड प्रमुख आशा कुमारी दास की अध्यक्षता में पंचायत समिति सदस्य की बैठक हुई। बैठक में नवनिर्वाचित विधायक अरूप चटर्जी पहुंचे। उक्त अवसर पर विधायक अरूप चटर्जी ने कहा कि गांव की सरकार यदि सुचारू रूप से चलेगी तो गांव के ग्रामीणों को सरकारी योजनाओं का ज्यादा से ज्यादा लाभ मिलेगा। आप लोग बेहतर काम करें ताकि गांव एवं मोहल्ला बेहतर हो सके। प्रखंड प्रमुख एवं उप प्रमुख एवं पंसस सदस्यों ने पुष्प गुच्छ एवं शाल देखकर उन्हें सम्मानित किया। पंचायत समिति की मासिक बैठक में उपस्थित नहीं होने वाले तथा विलंब से आने वाले पंचायत समिति सदस्यों एवं पदाधिकारी को कारण बताओं नोटिस जारी करने का निर्देश प्रखंड प्रमुख ने बीडीओ को दिया। बैठक में सदस्यों ने पीएचईडी विभाग से चापाकल मरम्मत एवं नए चापाकल निर्माण, मिनी जलमिनार निर्माण, हर घर नल जल योजना की पूरी जानकारी एवं उन योजनाओं में हुए खर्च का पूरा ब्यौरा अगली बैठक में लाने का निर्देश दिया। बैठक में सदस्यों ने राजस्व बढ़ाने पर बल देते हुए निरसा सीओ को निरसा हटिया में बने दुकानों की वर्तमान स्थिति जानकारी उपलब्ध कराने को कहा।



## स्पीड न्यूज

### एफपीओ संघ के अध्यक्ष और सचिव ने कृषि मंत्री शिल्पी को सौंपा मांग पत्र



**मेदिनीनगर।** नगर परिसदन भवन में एफपीओ संघ के अध्यक्ष बिक्रमा पाण्डेय व सचिव ब्रजेश पांडेय (मुन्ना) महुगावां ने कृषि मंत्री व मनिका विधायक रामचंद्र सिंह से मिलकर मांग पत्र सौंपा। जिसमें बताया कि एफपीओ को उर्वरक व धान खरीद केंद्र बनाने की मांग मंत्री को सौंपा। एफपीओ को धान क्रय केंद्र बनाने से किसानों को काफी आसानी से अपना फसल को बेच कर आय दुगनी करने में मदद मिलेगी एफ पी ओ अपने दायित्व का निर्वहन कुशलतापूर्वक निभाते आयी है और भविष्य में भी दिए गए सभी दायित्वों को निर्वहन करेगा।

### धान क्रय में छोटे किसानों को दें प्राथमिकता



**चैनपुर पलामू।** धान अधिप्राप्ति केंद्रों पर किसानों से उचित समर्थन मूल्य पर धान क्रय किया जाता है। किसान बिचौलियों के चक्कर में न पड़ कर सीधे सरकारी क्रय केंद्रों पर धान बेचें व अपनी उपज का सही लाभ उठायें। उक्त बातें स्थानीय विधायक आलोक चौरसिया ने कही। वे रविवार को चैनपुर के व्यापार मंडल प्रांगण में धान अधिप्राप्ति केंद्र उद्घाटन के मौके पर बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि किसान अन्नदाता हैं। वे खुशहाल रहेंगे तभी देश प्रगति करेगा। कहा कि धान क्रय केंद्र खोलने का उद्देश्य बिचौलियागिरी समाप्त करना व किसानों को सही समय पर धान बेचने की सुविधा उपलब्ध कराना है। विधायक ने छोटे किसानों से प्राथमिकता के आधार पर धान क्रय करने की बात कही। किसानों का धान का 2400 रुपए प्रति क्विंटल भुगतान किया जायेगा। अधिप्राप्ति के समय से 24 घंटे के अंदर प्रथम किस्त की भुगतान कर दी जायेगी। साथ ही 7 से 10 दिन के बीच सारे पैसों का भुगतान कर दिया जायेग। मौके पर बीडीओ प्रदीप दास, सीओ चंद्रशेखर कुणाल, व्यापार मंडल अध्यक्ष शैलेंद्र चौरसिया, बीएओ अभिषेक कुमार, विनोद बैठा मौजूद थे।

### सीजीएल धांधली : सीएम का पुतला फूंका



**मेदिनीनगर।** भाजयुमो जिलाध्यक्ष विपुल गुप्ता के नेतृत्व में मेदनीनगर में जेएसएससी, सीजीएल परीक्षा में हुए धांधली मामला न्यायालय में लंबित होने के बावजूद रिजल्ट जारी किया गया। इसके विरोध में झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के पुतला दहन किया गया। कहा कि भाजयुमो युवाओं के साथ हो रहे अत्याचार, छल, परीक्षा में घोटाला, भ्रष्टाचार के खिलाफ हमेशा आवाज उठाया है और आगे भी उठाता रहेगा। मौके पर जिला उपाध्यक्ष राजीव रंजन, पूर्व महामंत्री सुरेंद्र विश्वकर्मा, अविनाश वर्मा, छोटू सिन्हा, किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष विजय कुशवाहा, सत्यवान तिवारी, राजा बाबू, रंजीत पासवान, विजय प्रजापति, अरविंद सिंह उपस्थित थे।

### 15 एकड़ में लगी पोस्ते की खेती नष्ट





**मेदिनीनगर।** मनातू थाना क्षेत्र के सिकड़ा व सिकनी के वन क्षेत्रों में लगी पोस्ता की खेती को पलामू पुलिस व वन विभाग की संयुक्त कार्रवाई में नष्ट किया गया। एसपी रीष्मा रमेसन ने गुप्त सूचना के आधार पर बीते शनिवार को पुलिस ने छापेमारी कर अवैध अफीम की खेती की जा रही थी, जिसे पूरी तरह नष्ट कर दिया गया। एसपी ने बताया कि 15 एकड़ वन भूमि में पोस्ता की खेती की जा रही थी। सूचना मिलते ही यह कार्रवाई की गयी। अवैध खेती करनेवालों पर कार्रवाई की जायेगी।

### सुलभ बालू उठाव कराये जिला प्रशासन



**मेदिनीनगर।** रेड़मा स्थित गौरव मंदिर के प्रांगण में शहर के व्यवसायियों और ट्रैक्टर मालिकों की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता सत्येंद्रनाथ गिरी एवं संचालन भाकपा जिला सचिव रूचिर तिवारी ने किया। जिसमें छड़, सीमेंट, इंट, छरी, लकड़ी, लोहा व्यवसायियों सहित ट्रैक्टर मालिकों, चालकों एवं मजदूरों की बैठक मेदनीनगर शहर में उत्पन्न बालू संकट को लेकर किया गया। जिसमें सभी व्यावसायिक वर्गों ने रोष जताते हुए कहा कि एनजीटी के द्वारा रोक हटाने के बावजूद अभी तक जिला प्रशासन के उदासीन रवैये के चलते शहरी क्षेत्र में बालू उपलब्ध नहीं कराया जा रहा है। कांके में एक घाट पर बालू चालू भी हुआ तो 700 चालान की जगह 2000 चालान जबरन वसूला जा रहा है। सदर एसडीओ से मांग है कि शहर एवं शहर के अगल-बगल के नजदीक बालू घाटों को अविलंब चालू करें। बैठक में रामराज तिवारी, बिजयानंद पाठक, मुन्ना तिवारी, अजय प्रजापति, अमित कुमार, सत्येंद्र मिश्रा, संदीप मिश्रा, विनोद कुमार, गोरख तिवारी, विनय मिश्रा परमाशंकर तिवारी, प्रवेश तिवारी जोगी पाठक, उमेश तिवारी, रोहित पाठक, सुनील पासवान, कुकू तिवारी, मुकेश पाठक, सुधीर तिवारी, अवधेश विश्वकर्मा, प्रेम प्रकाश ठाकुर भी थे।

### दो दिन क्षेत्र में रहें जिले के पदाधिकारी



**मेदिनीनगर।** झारखंड सरकार के कृषि, पशुपालन व सहकारिता विभाग की मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की पलामू पहुंची। परिसदन में विभागीय अधिकारियों के साथ समीक्षात्मक बैठक की। पलामू जिला में कृषि, पशुपालन व सहकारिता द्वारा चलाये जा रहे योजनाओं पर विस्तारपूर्वक जानकारी प्राप्त किया। बैठक में मंत्री ने जिले के अधिकारियों को पलामू जिला के पंचायत व गांव स्तर पर दो दिन जाकर स्थल का जायजा लेने का निर्देश दिया। कहा कि सरकारी योजनाओं को अक्षरशः धरातल पर उतारने का अधिकारी काम करें।

# जरूरतमंदों की मदद में हर साधन संपन्न व्यक्ति को आगे आना चाहिए: रामचंद्र चंद्रवंशी

- प्रेरणा परमार्थ आश्रम ने सात सौ जरूरतमंदों के बीच बांटा कंबल
- मुफ्त स्वास्थ्य जांच शिविर व महाभंडारा का भी हुआ आयोजन, भैया जी को किया गया नमन



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**विश्रामपुर (पलामू)।** आदि गुरु भगवान श्री दत्तात्रेय जी के जयंती पर प्रयागराज प्रेरणा परमार्थ आश्रम के रेहला शाखा द्वारा रविवार को सात सौ जरूरतमंदों के बीच कंबल बांटा गया। समारोह रेहला शिवतार ट्रेडर्स परिसर में हुआ था। कार्यक्रम की शुरुआत से पहले गुरु दत्तात्रेय, अघोरेश्वर अवधूत भगवान राम, गुरुपद संभव रामजी व किन्नाराम जी महाराज की विशेष पूजा-अर्चना की गयी। इसके अलावा संत सुधीर भैय्या जी को नमन किया गया। भैय्या जी के सम्मान में दो मिनट का मौन भी रखा गया जिसके बाद समारोह का विधिवत उद्घाटन पूर्व मंत्री रामचंद्र चंद्रवंशी, बाबू दिनेश सिंह विवि के कुलाधिपति दिनेश प्रसाद सिंह व शिक्षाविद डॉ राजेश्वर पांडेय ने किया। अध्यक्षता आश्रम के रेहला शाखा अध्यक्ष रंजीत सिंह व संचालन अमित सिंह बाबुल ने किया। मौके पर पूर्व मंत्री रामचंद्र चंद्रवंशी ने कहा कि प्रेरणा परमार्थ आश्रम ने समाजसेवा के क्षेत्र में नित नये कीर्तिमान स्थापित कर रहा है, जिसका श्रेय भैय्या जी को जाता है। उन्होंने कहा कि हर साधन संपन्न व्यक्ति को जरूरतमंदों के मदद हेतु आगे आना चाहिए। हमसे या हमारे संस्थानों से भी जो सहयोग चाहिए वह दिया जायेगा। दिनेश सिंह ने कहा कि प्रेरणा परमार्थ आश्रम के प्रणेता भैय्या जी का मानना था कि मानव सेवा देव सेवा के बराबर है।

# भारत में एकता, अखंडता और विकसित भारत के शिल्पकार थे लौहपुरुष : विधायक

- विधायक ने देश के प्रथम गृहमंत्री लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल को श्रद्धांजलि अर्पित की

**खबर मन्त्र संवाददाता**



सरदार पटेल की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते विधायक व उपस्थित अन्य।

**हुसैनाबाद पलामू।** शहर के पटेल नगर चौक पर स्थापित देश के महान स्वतंत्रता सेनानी व भारत के प्रथम गृहमंत्री लौहपुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल के पुण्यतिथि मनाया गया। रविवार को देश भर में लोगों ने सरदार पटेल को श्रद्धांजलि दिया। वहीं हुसैनाबाद में नवनिर्वाचित विधायक संजय कुमार सिंह यादव ने प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि श्री पटेल एक किसान के बेटा थे और उन्होंने अपनी व्यक्तित्व और कृतित्व से राष्ट्र की एकता, अखंडता को मजबूत के एक मजबूत राष्ट्र का निर्माण किया था। आज उनका ही देन है कि हमलोग इतने बड़े विशाल जनसंख्या वाला देश में एकजुटता के साथ रहते हैं। आगे कहा कि उनका सपना था कि एक भारत व श्रेष्ठ भारत और विकसित भारत हो, हम सभी लोग उनके संकल्प को पूरा करने की जरूरत हैं। वे आजीवन हम सबो के लिए प्रेरणास्त्रोत बने रहेंगे। मौके पर रवि यादव, गौतम पटेल, खुर्शीद खां, मुन्ना देव, कमलेश विश्वकर्मा, विकास कुमार अखिलेश पासवान आदि कई लोग मौजूद थे।

हुसैनाबाद प्रखंड परिसर में खुला धान अधिप्राप्ति केंद्र, विधायक संजय सिंह यादव बोले

# सिस्टम में काम करें अधिकारी किसानों से धोखा बर्दाश्त नहीं

- विधायक व कई जनप्रतिनिधियों किया फीता काटकर उद्घाटन

**खबर मन्त्र संवाददाता**



कार्यक्रम को संबोधित करते विधायक व अन्य।

**हुसैनाबाद पलामू।** प्रखंड कार्यालय परिसर में स्थित व्यापार मंडल कार्यालय में रविवार को धान अधिप्राप्ति केंद्र का शुभारंभ किया गया। इसका विधिवत उद्घाटन नवनिर्वाचित विधायक संजय कुमार सिंह यादव,जिला परिषद उपाध्यक्ष आलोक कुमार सिंह उर्फ टूटू सिंह, प्रखंड प्रमुख राजकुमारी देवी, व्यापार मंडल अध्यक्ष कृष्णा बैठा ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। इसके साथ ही हुसैनाबाद के व्यापार मंडल धान अधिप्राप्ति केंद्र पर किसानों के फसल की खरीद शुरू हो गई है। विधायक संजय कुमार सिंह यादव ने कहा कि हुसैनाबाद में धान अधिप्राप्ति केंद्र के खुलने से यहां के किसान लाभान्वित होंगे। कहा कि लक्ष्य में हरसंभव वृद्धि करायेंगे। उन्होंने सभी पदाधिकारियों को विकास कार्य के प्रति सजग रहने की हिदायत दी है। हुसैनाबाद के पदाधिकारी व कर्मचारी अपने काम के प्रति सजग रहें।

**खास बातें :** जनता के कार्य में लापरवाही कभी बर्दाश्त नहीं की जायेगी। उन्होंने प्रखंड में किसानों व विद्यार्थियों समेत करीब जरूरत मंदों का काम जल्द व सुलभ तरीके से कराने को कहा। कड़े शब्दों में अधिकारियों से कहा कि आप लोग जनता के लिए यहां आये हैं और हमलोगों जनता बहुत उम्मीद से भेजी है पूर्व की सभी व्यवस्था में बदलाव कर नये सिस्टम में काम करें। जिप उपाध्यक्ष आलोक सिंह ने कहा कि हुसैनाबाद प्रखंड में दो धान अधिप्राप्ति केंद्र पर 14 हजार क्विंटल का लक्ष्य निर्धारित है। हम सभी मिलजुल कर क्षेत्र में विकास की एक लंबी लकीर खींचेंगे। उन्होंने धान अधिप्राप्ति केंद्र से किसानों को लाभ लेने की बात कही।

# किसानों का हरसंभव मदद के लिए तत्पर राज्य सरकार: प्रखंड प्रमुख

- पांकी प्रखंड के अंबाबार पंचायत में धान अधिप्राप्ति केंद्र का प्रखंड प्रमुख पंचम प्रसाद ने किया उद्घाटन

**शिवशंकर पासवान**



उद्घाटन के मौके पर उपस्थित जनप्रतिनिधि व अन्य।

**पांकी पलामू।** पांकी प्रखंड के अंबाबार पंचायत के पैक्स कार्यालय में रविवार को धान अधिप्राप्ति केंद्र का उद्घाटन प्रखंड प्रमुख पंचम प्रसाद, जिला परिषद सदस्य प्रतिनिधि मुकेश सिंह चंदेल, अंबाबार पंचायत समिति ललित भुइयां, नूरू पंचायत समिति मिथलेश कुमार, ब्लॉक कर्मी शंभू जी, बीओ जयप्रकाश कुमार, जिला ऑपरेटर सहित अन्य अतिथियां ने संयुक्त रूप से किया।

मौके पर पांकी प्रमुख पंचम प्रसाद ने कहा कि सरकार किसानों की हरसंभव मदद के लिए तत्पर है। कृषि कार्य से जुड़े लोगों को धान खरीद में किसी तरह की असुविधा न हो, इसका विशेष ध्यान रखा जाये। उन्होंने कहा कि किसानों को धान का उचित मूल्य मिले इसे लेकर सरकार दृढ़संकल्पित है। मौके पर पैक्स अध्यक्ष सुराज दुबे, प्रखंड कृषि पदाधिकारी जयप्रकाश राम, केंद्र पदाधिकारी शंभू साहू, कंप्यूटर ऑपरेटर प्रिंस कुमार, पंसस ललित भूमया, किसान मित्र रंजन दुबे, केंद्र ऑपरेटर राजू कुमार, अजय कुमार वैद्य, दीपक दुबे, सुदामा दुबे, नंदकिशोर दुबे, दासु, नागेश्वर राम, यमुना महतो, प्रमोद दुबे, पंचम दुबे सहित कई लोग उपस्थित थे।

# पैक्स गोदाम का उद्घाटन किये बगैर बैरंग वापस लौटे सूबे के वित्त मंत्री

**खबर मन्त्र संवाददाता**

- सहकारिता पदाधिकारी के अनुपस्थिति पर भड़के और जिला सहकारिता पदाधिकारी को लगायी फटकार
- झारखंड में लापरवाह अधिकारियों पर होगी सख्त कार्रवाई : राधाकृष्ण किशोर



**पाटन पलामू।** प्रखंड में किशुनपुर, सतौआ, पचकेड़िया सहित तीन पैक्स का उद्घाटन वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर को रविवार को करना था। परंतु सहकारिता विभाग के किसी पदाधिकारी के उद्घाटन में उपस्थित नहीं रहने पर कार्यक्रम कैंसिल कर दिया गया। किशुनपुर पैक्स का उद्घाटन करने मंत्री चनेया पहुंचे थे। उन्होंने उद्घाटन के पूर्व पाटन सीओ राकेश श्रीवास्तव एवं पैक्स अध्यक्ष से सहकारिता विभाग के पदाधिकारियों के उपस्थित नहीं रहने का कारण पूछा तो पता चला कि सूचना के बावजूद कोई पदाधिकारी नहीं आये। इतना सुनते ही मंत्री आग बबूला हो गये। उन्होंने तुरंत जिला सहकारिता पदाधिकारी को फोन लगाकर डांटा। मंत्री ने कहा कि एक सरकार का जिम्मेवार मंत्री क्षेत्र में उद्घाटन कर रहा हो और पदाधिकारी उपस्थित नहीं हैं।

# संवेदनशीलता के साथ काम करें पुलिस और अधिकारी : किशोर

**खबर मन्त्र संवाददाता**

- जनता के प्रति प्रशासनिक संवेदनशीलता से उग्रवाद नहीं पनपेगा



**पड़वा पलामू।** पलामू क्षेत्र उग्रवाद प्रभावित क्षेत्र रहा है उग्रवाद कम हुआ है खत्म नहीं हुआ है। ऐसे में पुलिस पदाधिकारी, अंचल, प्रखंड के प्रशासनिक अधिकारी जनता के कार्य को संवेदनशीलता के साथ करें। उक्त बातें झारखंड सरकार के वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर ने कही। वे रविवार को लोहड़ा स्थित पेट्रोल पंप के उद्घाटन पर बोल रहे थे। कहा कि प्रखंड, अंचल, थाना में रिश्वत खोरी नहीं होना चाहिए। पुलिस अपने पावर का दुरुपयोग ना करे। गरीबों की आवाज को थाना में सुना जाए और पुलिस उनका निदान करें ना की तंग करें। आम गरीब जनता को लगे कि थाना और पुलिस उनका अपना है। उनके मदद के लिए हमेशा तत्पर हो। अंचल में मोटेशन के नाम पर, रसीद निर्गत करने के नाम पर, प्रखंड में विकास कार्यों के नाम पर रिश्वतखोरी बंद होना चाहिए।

### आशीष ने खिलाड़ियों में बांटी खेल सामग्री



**सतबरवा।** सामाजिक कार्यकर्ता आशीष सिन्हा ने रविवार को धावाडीह पंचायत के लोहरा पोखरी गांव में रविवार को शिव मंदिर परिसर में क्रिकेट खिलाड़ियों के बीच बैट व बॉल का वितरण कर खिलाड़ियों की हौसला अफजाई की। श्री सिन्हा ने कहा कि पढ़ाई के साथ साथ खेलकूद भी जरूरी है। खेल से शारीरिक व मानसिक विकास होता है। मौके पर जिप सदस्य पति अजय उरांव, भाजपा महामंत्री चंचल यादव, उपमुखिया मुधीर साहू, अशोक यादव, धीरज सिंह, आकाश कुमार, घनश्याम कुमार, सतेंद्र कुमार, बिकास कुमार, रविंद्र कुमार, राधेश्याम कुमार भी थे।

### जन शिकायत समाधान को लेकर चला अभियान



**मोहम्मदगंज पलामू।** थाना क्षेत्र में 18 दिसंबर को होने वाले जन शिकायत समाधान कार्यक्रम को लेकर व्यापक स्तर पर जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत थाना क्षेत्र के विभिन्न गांवों, रेलवे स्टेशन, बैंक, बाजार, और साप्ताहिक बाजारों में जाकर लोगों से सीधा संपर्क स्थापित किया जा रहा है। इस दौरान लोगों को कार्यक्रम की तिथि, समय और स्थान की जानकारी दी जा रही है। साथ ही उन्हें इस अवसर का लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। जन शिकायत समाधान कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य आम जनता की समस्याओं का त्वरित और प्रभावी समाधान सुनिश्चित करना है। मोहम्मदगंज थाना प्रभारी ने लोगों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में कार्यक्रम में भाग लें और अपनी शिकायतों का समाधान प्राप्त करें।

### चालकों ने पाटन मोड़ पर किया मंत्री का स्वागत



**पड़वा पलामू।** कार्यक्रम में जा रहे झारखंड सरकार के वित मंत्री राधाकृष्ण किशोर को टेंपो चालको ने रोक कर गर्म जोशी के साथ स्वागत किया। चालकों ने मंत्री श्री किशोर के समक्ष समस्या को रखा। चालकों ने कहा कि वे लोग ग्रामीण क्षेत्र से पैसेंजर लेकर मेदिनीनगर शहर जाते हैं लेकिन बिसफुटा के बाद शहर घुसने नहीं दिया जाता। पुलिस ने रोक दिया है। कहा कि वे लोग लोन लेकर अपना टेंपो चलाकर परिवार का भरण पोषण करते है। वे लोग तीन दिनों से हड़ताल पर हैं। मंत्री ने चालकों को आश्वासन देते हुए कहा कि जिले के अधिकारियों से जानकारी लेकर कहा जायेगा कि आखिर टेंपो को शहर में घुसने क्यों नहीं दिया जा रहा है उसके बाद समाधान किया जायेगा।

# लीगल एड क्लीनिक में दी जायेगी मुफ्त कानूनी सुविधा : बिंदा देवी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

- सुड़ी में लोगों को डीएलएसए के बारे में दी गयी जानकारी



**पांकी पलामू।** प्रखंड के सुड़ी पंचायत सचिवालय में लीगल एड क्लीनिक का शुभारंभ किया गया। लीगल एड क्लिनिक का शुभारंभ पंचायत के मुखिया बिंदा देवी, पंचायत सचिव सुरेश ठाकुर ने किया। मुखिया ने कहा कि लीगल एड क्लीनिक से लोगों को निशुल्क कानूनी सहायता दी जायेगी। लोगों को सहायता प्रदान करने के लिए डीएलएसए द्वारा नियुक्त पीएलभी दो लीगल एंड क्लीनिक में तैनात रहेंगे। मुखिया बिंदा देवी ने इसे न्यायपालिका द्वारा उठाया गया सराहनीय कदम बताया व इसके लिए जिला विधिक प्राधिकार के प्रति आभार जताया। वहीं पीएलभी चंद्रदेव प्रजापति ने डीएलएसए के बारे में लोगों को जानकारी दी। इस दौरान लोगों को कानून के बारे में जागरूक किया गया।

### मशीन की चपेट में आने से धान कुटा रही महिला की मौत, मचा कोहराम



**चैनपुर (पलामू)।** चैनपुर प्रखंड क्षेत्र के बंदुआ गांव में शनिवार शाम में धान कुटाई मशीन की चपेट में आने से बंदुआ काराकाट के बुद्धू मांझी की पत्नी सुशीला देवी (50) की मौत हो गयी। घटना की सूचना चैनपुर थाना में दे दी गयी है। मुखिया दीनानाथ मांझी ने बताया कि खलिहान में रखे करीब 2 क्विंटल धान कुटवाने के लिए परिवार के लोग मशीन वाले को बुलवाये थे। धान कुटवाने में महिला की साड़ी मशीन में फंस गयी।

# लकड़ाही पहाड़ बचाओ संघर्ष समिति के नेतृत्व में ग्रामीणों की बैठक आयोजित



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**सतबरवा।** प्रखंड के रेवारातु में सप्तमी कोटिया लकड़ाही पहाड़ बचाओ संघर्ष समिति के नेतृत्व में ग्रामीणों की बैठक रविवार को किया गया जिसकी अध्यक्षता पंचायत के उप मुखिया किशन सिंह उर्फ देवेंद्र एवं संचालन प्रखंड प्रमुख प्रतिनिधि जुम्मन राम ने किया। बैठक में मुख्य अतिथि अखिल भारतीय किसान महासभा के पलामू जिला सचिव सह नीलांबर पितांबरपुर सतबरवा प्रखंड कमेटी भाकपा माले प्रखंड सचिव कमेश सिंह चेरो भी थे। ग्रामीणों ने कहा कि 2016 में ग्रामीणों की फर्जी अंगूठे का निशान एवं हस्ताक्षर बनाकर आमसभा दिखाकर 28 एकड़ लीज करा लिया।

प्रमुख और बीडीओ ने किया धान अधिप्राप्ति केंद्र का शुभारंभ

# सरकार किसानों के हितों का रख रही है ख्याल : प्रमुख रीमा देवी

**खबर मन्त्र संवाददाता**



फीता काटकर कार्यक्रम का उद्घाटन करते अतिथि।

**सतबरवा पलामू।** प्राथमिक शिक्षक शिक्षा कॉलेज के छात्रावास में रविवार से खरीफ विपणन मौसम 2024-25 के तहत धावाडीह पैक्स अंतर्गत धान अधिप्राप्ति केंद्र से धान की खरीदी शुरू कर दी गयी है। केंद्र का शुभारंभ फीता काट प्रमुख रीमा देवी, बीडओ सह सीओ कृष्ण मुरारी तिर्की, प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी अरविंद कुमार ने किया। वहीं मुखिया रिंकी यादव, ललन साहू, पैक्स अध्यक्ष, अजय उरांव, आशीष सिन्हा, लाल बिहारी प्रसाद, मो जुबेर, विनय सिंह, विधायक प्रतिनिधि राणा प्रताप कुशवाहा ने कार्यक्रम में हिस्सा लिया। किसानों के समक्ष प्रखंड प्रमुख, बीडीओ और बीएओ ने मॉइश्चराइजर मीटर से धान में नमी की जांच की। क्रय पदाधिकारी अखिलेश महतो, कंप्यूटर ऑपरेटर भास्कर पाठक तथा चंदन पांडेय ने बताया कि पहले दिन चार किसानों का धान खरीदा गया है। जिसमें खामडीह के रामरूप साव, धावाडीह के योगेश लाल, लोहरा पोखरी के सुरेंद्र साव तथा गणेश सिंह से रजिस्ट्रेशन के बाद ओटीपी प्राप्त होने के बाद धान खरीदी की गयी।

**खास बातें :** प्रमुख रीमा देवी ने कहा कि सरकार किसानों के हितों को ख्याल में रखते हुए धान अधिप्राप्ति केंद्र खोला है, इससे किसानों की आय दोगुनी करने का सार्थक प्रयास किया जा रहा है। मौके पर बीएओ अरविंद कुमार, विजय साहू, संजय यादव, अरुण साहु, विदेशी साव, सुरेंद्र मिश्रा रणजीत सिंह, राजकुमार यादव, मुखिया संघ अध्यक्ष गिरवर राम, दीप सिंह समेत कई लोग मौजूद थे।

# अवैध पोस्ते की जानकारी अविलंब प्रशासन को दें, क्षेत्र को नशामुक्त बनाना है : थानेदार

- पांकी थाना क्षेत्र में 10 एकड़ अवैध पोस्ता खेती का विनष्टीकरण

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**पांकी पलामू।** पलामू जिला अंतर्गत पांकी थाना क्षेत्र में अवैध पोस्ता की खेती के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए प्रशासन ने करीब 10 एकड़ भूमि पर फैली पोस्ता की फसल को नष्ट कर दिया। यह कार्रवाई हेडूम पहाड़ की तराई, सलयाही नदी के पास और कुच्छड़ी जंगल के आसपास की गयी, जहां अवैध रूप से पोस्ता की खेती हो रही थी। सूत्रों के अनुसार पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि इन क्षेत्रों में बड़ी मात्रा में अवैध पोस्ता की खेती की जा रही है, जिसका उपयोग नशीले पदार्थों के निर्माण में किया जाता है।



**खास बातें :** सूचना के आधार पर पांकी थाना पुलिस ने वन विभाग और राजस्व विभाग की संयुक्त टीम के साथ मौके पर छापेमारी की। छापेमारी के दौरान लगभग 10 एकड़ भूमि पर फैली अवैध पोस्ता की फसल का पता चला। पुलिस टीम ने तत्परता दिखाते हुए भारी मशीनरी और स्थानीय मजदूरों की सहायता से इन फसलों को नष्ट किया। पुलिस ने बताया कि अवैध पोस्ता की खेती के खिलाफ कार्रवाई जारी रहेगी और इसमें संलिप्त लोगों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जायेगी। पुलिस ने स्थानीय लोगों से भी अपील की है कि वे अवैध गतिविधियों की जानकारी तुरंत प्रशासन को दें ताकि क्षेत्र को नशामुक्त बनाया जा सके। यह कार्रवाई अवैध नशा तस्करी और खेती के खिलाफ सरकार की जीरो टॉलरेंस नीति का हिस्सा है। पांकी थाना प्रभारी राजेश सिंह ने कहा कि इस तरह की गतिविधियां न केवल कानून का उल्लंघन करती हैं, बल्कि समाज पर भी नकारात्मक प्रभाव डालती हैं। कार्रवाई के दौरान पुलिस और वन विभाग के अधिकारियों ने सुरक्षा के कड़े इंतजाम किये। इस छापेमारी से क्षेत्र में अवैध नशे के कारोबार पर लगाम लगाने की उम्मीद जतायी जा रही है। मौके पर पुलिस निरीक्षक पांकी अंचल पूनम टोप्पो, पुलिस अवर निरीक्षक श्याम भगत, पांकी थाना रिजर्व बल एवं सैट बल के जवान उपस्थित थे।

# धान का न्यूनतम समर्थन मूल्य 2400 रुपये प्रति क्विंटल

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**बोकारो।** उपायुक्त विजया जाधव के निदेर्शानुसार डीएसओ शालिनी खालको ने चास प्रखंड स्थित राधानगर पंचायत व पिंड्राजोरा में किसानों को धान अधिप्राप्ति केंद्र पर ही बेचने को लेकर जागरूक किया। साथ ही बिचौलियों के माध्यम से दूसरे राज्यों में धान नहीं बेचने की बात कही। उन्होंने बताया कि सरकार ने धान का न्यूनतम समर्थन मूल्य 2400 रुपये प्रति क्विंटल निर्धारित किया है। डीएसओ ने बताया कि जिला प्रशासन ने धान अधिप्राप्ति के लिए सभी तैयारी पूरी कर ली है। उन्होंने किसानों से आग्रह किया कि वह कम मूल्य पर अन्य राज्यों को धान नहीं बेचें। धान बेचने के लिए किसानों को आधार कार्ड जमीन का रसीद और बैंक पासबुक जैसी जरूरी जानकारी देकर अंचल कार्यालय में निबंधन फॉर्म जमा करना होगा। रैयत किसान अधिकतम 250 क्विंटल और गैर-रैयत किसान अधिकतम 100 क्विंटल धान बेच सकते हैं।

धान की राशि का भुगतान किसानों के बैंक खाते में सीधे किया जाएगा। इस दौरान जिला सहकारिता पदाधिकारी श्वेता गुड़िया प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी जितेंद्र कुमार सिंह सहित अन्य उपस्थित थे।

# जैप 9 के सभागार में एसपी ने की अपराध नियंत्रण गोष्ठी

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**साहिबगंज।** रविवार को पुलिस अधीक्षक ने जैप-09 परिसर स्थित सभागार में पुलिस विभाग की अपराध नियंत्रण गोष्ठी आयोजित की। जिसकी अध्यक्षता पुलिस अधीक्षक अमित कुमार सिंह ने की। बैठक में बताया कि बढ़ती ठंड सुरक्षा व्यवस्था मजबूत बनाने व अपराध नियंत्रण सम्बंधी टिप्स दिए। पुलिस पदाधिकारी से कहा कि असमाजिक तत्वों को चिन्हित करने, शांति व सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ बनाने, मोटरसाइकिल की चोरी व घरों में चोरी पर रोक लगाने, रात्रि गश्ती पर विशेष फोकस करने, गश्ती के दौरान संदिग्ध लोगों की जांच करने, चौक, चैराहों व सन्नाटों में बेवजह खड़े लोगों व बाजारों में मटरगस्ती करने वालों से सख्ती से निपटने, हर गली-मोहल्लों में पेट्रोलिंग करने, थाना में लंबित कांडों का जल्द से जल्द अनुसंधान कर निष्पादन करने, लाल वारंटियों को गिरफ्तार करने, सुचारू रूप से वाहन जांच अभियान चलाने, अवैध लॉटरी, शराब, जुआ के अड्डे व गांजे जैसे अवैध कारोबार पर नकेल कसने का निर्देश दिया। मौके पर डीएसपी विजय कुशवाहा, एसडीपीओ किशोर तिर्की, राजमहल एसडीपीओ विमलेश त्रिपाठी, बरहरवा एसडीपीओ नीतीन कुमार खंडेलवाल, राजमहल पुलिस निरीक्षक, नगर थाना प्रभारी सह इंस्पेक्टर अमित कुमार गुप्ता, मुफस्सिल थाना प्रभारी मदन कुमार, जिरवाबाडी थाना प्रभारी, बोरीयो थाना प्रभारी, राजमहल थाना प्रभारी, राधानगर थाना प्रभारी, कोटालपोखर थाना प्रभारी, सहित जिले के तमाम पुलिस पदाधिकारी मौजूद थे।

## स्पीड न्यूज

### केलाबाड़ी लैंम्पस के नए भवन निर्माण पहल



साहिबगंज। केलाबाड़ी लैंम्पस के जर्जर भवन को देख विभागीय कार्रवाई से जुड़ी जानकारी क्षेत्रीय विधायक आदरणीय मो ताजुद्दीन उर्फ एमटी राजा जी ने प्राप्त की। संचालकों ने कहा कि विभाग को इसकी जानकारी दी गई है। विधायक जी की ओर से आश्वासन दिया गया है कि जल्द ही संबंधित विभाग को भवन निर्माण के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिया जाएगा।

### मारपीट के मामले में एक गिरफ्तार

**बरहेट।** रविवार को थाना क्षेत्र के भोगनाडीह गांव निवासी अकबर अंसारी, पिता बसारत अंसारी को बरहेट थाना पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायायिक हिरासत साहेबगंज भेज दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार आरोपी के विरुद्ध 29 नवंबर को गाली गलौज कर मारपीट करने आवेदन प्राप्त हुआ था। जिसके तहत बरहेट थाना पुलिस ने अकबर अंसारी के विरुद्ध बरहेट थाना कांड संख्या 123/24 दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई करते हुए रविवार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

### आंगनबाड़ी केंद्र में बच्चों के बीच स्वेटर का वितरण

**बोकारो/कसमार।** कसमार प्रखंड के बरईकला पंचायत के कोरीजारा तथा दुगार्पुर के रूगड़ीटॉड़ रांगामाटी में बच्चों के बीच दो-दो सेट करके स्वेटर वितरण किया गया। बरईकला पंचायत के कोरीजारा आंगनबाड़ी कोड संख्या 319 में 25 बच्चों के बीच स्वेटर का वितरण सेविका नर्मदा देवी के हाथों एवं दुगार्पुर पंचायत के रूगड़ीटॉड़ रांगामाटी आंगनबाड़ी कोड संख्या 326 में 24 बच्चों के बीच स्वेटर सेविका रूपा महतो के हाथों वितरण किया गया। इस दौरान सेविका नर्मदा देवी व रूपा महतो ने कहा कि कड़ाके की ठंड को देखते हुए सरकार द्वारा ससमय छोटे -छोटे बच्चों के बीच स्वेटर का वितरण करके राहत मिली है। उन्होंने अभिभावकों से कहा कि आप सभी लोग अपने अपने बच्चों को प्रतिदिन स्वेटर पहनाकर ही आंगनबाड़ी केंद्र भेजने का काम करें। वितरण के मौके पर कोरीजारा के सहायिका सावित्री देवी व रूगड़ीटॉड़ रांगामाटी के सहायिका अनिता देवी सहित कई अभिभावक मौजूद थे।

### ट्रेन से कटकर मौत

**दुमका।** जिले के तालझारी थाना क्षेत्र के जरदाहा के समीप शनिवार की देर शाम ट्रेन से कटकर एक वृद्ध की मौत हो गई। मृतक की पहचान नहीं हो सकी है। पुलिस ने रविवार को पोस्टमार्टम कराने के बाद शव को तीन दिन के लिए सुरक्षित रख दिया है। देर शाम को पटरी की तरफ से गुजर रहे कुछ लोगों की नजर शव पर पड़ी तो उन लोगों ने पुलिस को सूचित किया। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंच शव कब्जे में लेकर छानबीन की। काफी प्रयास के बाद भी शव की शिनाख्त नहीं हो सकी। थाना प्रभारी अजीत कुमार ने बताया कि पोस्टमार्टम के बाद शव को तीन दिन के लिए सुरक्षित रख दिया गया है। अगर इन तीन दिन में शव की पहचान नहीं हो पाती है तो पुलिस शव का अंतिम संस्कार करा देगी।

### जागरूकता शिविर में ग्राहकों को किया गया जागरूक

**मसलिया।** प्रखंड के गुमरो पंचायत के पिण्डारी गाव मे अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत के बैनर तले ग्राहक जागरूकता शिविर का आयोजन रविवार को किया गया। जागरूकता शिविर को संबोधित करते हुए जिला सचिव अनय कुमार ओझा ने बताया ग्राहक समाज का सबसे बड़ा और सबसे उपेक्षित वर्ग है। समाज का हर आदमी ग्राहक है और हमेशा येन-केन प्रकारेण ठगा जाता है और उपेक्षा का शिकार होता है। शिक्षा, स्वास्थ्य, आंनलाईन गेमिंग,आंनलाईन फ्रांस आदि कई माध्यमो से हम ठगे जाते है। आज इन सभी जगहो पर बाजारीकरण हावी है। इससे बचने के लिए ग्राहको को सजग होना पड़ेगा। सभा को सिद्ध कान्हू विश्वविद्यालय के मनोविज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ कलानंद ठाकुर ने संबोधित करते हुए स्थानीय लोगो से जागरुक होने को कहा और उपभोक्तावाद से बचने की सलाह दिया। शिविर में रिषभ गण, स्वपन दत्ता, प्रदीप थानदार, जय प्रकाश दास समेत ग्रामीण उपस्थित थे।

# तेनुघाट जेल में जेल अदालत सह कानूनी जागरूकता व मेडिकल कैंप का आयोजन

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**बेरमो/तेनुघार्ट।** तेनुघाट उपकारा में रविवार 15 दिसम्बर को जेल अदालत सह कानूनी जागरूकता शिविर एवं मेडिकल कैंप का आयोजन किया गया। शिविर में मुख्य अतिथि प्रथम श्रेणी न्यायायिक दंडाधिकारी राजेश रंजन कुमार ने बंदियों को कानूनी जानकारियां देते हुए बताया कि अगर आपके खिलाफ थाना में मामला दर्ज किया जाता है और आपको थाना से नोटिस जारी किया जाता है तो आप थाना में जाकर अपनी बात रख सकते हैं। ताकि आपकी बातों को सुनकर मामले की जांच पड़ताल की जा सके। आगे बंदियों को प्रदान किए जाने वाले विभिन्न विधिक सहायता के बारे में बतलाते हुए उन्होंने कहा कि नालसा नई दिल्ली एवं झालसा रांची द्वारा जेल में बंद बंदियों के लिए विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम समय-समय पर चलाए जा रहे हैं। जिनके माध्यम से उन बंदियों को उचित विधिक सहायता प्रदान की जाती है। इसी के तहत प्रत्येक महीने जेल अदालत का आयोजन किया जाता है।वहीं उन्होंने अपराध की प्रवृत्ति के बारे में बताया कि यह ऐसी क्रिया या क्रिया में त्रुटि है, जिसके लिए दोषी को कानून द्वारा निर्धारित दंड दिया जाता है। अर्थात अपराध कानूनी नियमों, कानून का उल्लंघन करने की नकारात्मक प्रक्रिया है, जिससे समाज के तत्वों का विनाश होता है। इसलिए हमें अपराध से बचने की जरूरत है। साथ ही उपस्थित सभी बंदियों की समस्याओं को सुना और उसके निराकरण का आश्वासन भी उन्हें दिया। पैनल अधिवक्ता नरेश चंद्र ठाकुर ने दहेज अधिनियम के बारे मे जानकारी देते हुए कहा कि दहेज लेना और देना दोनो अपराध है। इसलिए हमें अपराध से बचने की जरूरत है। अधिवक्ता जीवन सागर ने भी बंदियों को कानूनी जानकारियां दी। स्वागत भाषण जेलर नीरज कुमार ने करते हुए बताया कि जेल में बंदियों को जेल अधिनियम के तहत सारी अहताएं पूरी की जाती है। मंच संचालन और धन्यवाद ज्ञापन अधिवक्ता सुभाष कटरियार ने करते हुए बताया कि वैसे बंदी जो स्वयं के खर्च पर अपना अधिवक्ता रख पाने में असमर्थ हैं, उनके लिए सर्वोच्च न्यायालय के निर्देश पर लीगल एड डिफेंस काउंसिल के तहत अधिवक्ताओं की प्रतिनियुक्ति की गई है, जो उन बंदियों के केस में संबंधित न्यायालय में निरंतर पैरवी करते हैं। साथ ही बंदियों से उनके समस्याओं के बारे में पूछा और उनके निराकरण के लिए हर संभव प्रयास करने की बातें कही। उक्त जानकारी अनुमंडल विधिक सेवा प्राधिकार समिति के सचिव सह एसडीजेएम रश्मि अग्रवाल ने देते हुए बताया कि सर्वोच्च न्यायालय एव झारखंड उच्च न्यायालय के निर्देश पर तेनुघाट जेल में जेल अदालत सह कानूनी जागरूकता शिविर आयोजित किया गया। किसी भी बंदियों के द्वारा आवेदन नहीं दिया गया था इसलिए किसी भी बंदी की रिहाई नहीं हुई। इस अवसर पर जेल में लगे मेडिकल कैंप में स्वास्थ्य जांच 6, दांत जांच 5 और आंख जांच 17 बंदियों का किया गया। मेडिकल कैंप में जांच करते समय अनुमंडलीय अस्पताल तेनुघाट के डॉक्टर शंभु कुमार, डेंटिस्ट पूजा कुमारी के साथ निवान कुमार, संजय कुमार एवं अनीता देवी मौजूद थे। वहीं लिपिक इश्तियाक अंसारी, कंप्यूटर ऑपरेटर विजय कुमार, मदन प्रजापति, आकाश कुमार, सचिन कुमार सहित जेल के पुलिस अधिकारी आदि मौजूद थे।

# विधायक ने किया धान क्रय केंद्र का शुभारंभ

## बीडीओ को योजना क्रियान्वन का दिशा निर्देश

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**राजमहल/उधवा।** राजमहल के प्रखंड परिसर एवं उधवा केलाबाड़ी लैंप्स में धान अधिप्राप्ति को लेकर धन करें केंद्र का शुभारंभ रविवार को क्षेत्रीय माननीय विधायक मो ताजुद्दीन उर्फ एमटी राजा ने फीता काटकर किया। उन्होंने सभी पदाधिकारी को निर्देश देते हुए कहा कि कृषि योजना से जुड़े किसान हित की

**▸▸ किसान हित की योजनाओं से किसानों को लाभान्वित करें**

सरकार के माध्यम से संचालित सभी योजनाओं का लाभुक किसान को लाभ मिले। किसानों को उनसे जुड़ी सभी योजनाओं का शत प्रतिशत लाभ पहुंचने की दिशा में पदाधिकारी कार्य करें। राजमहल लेंम्पस के सचिव प्रोमित साहा ने कहा कि वर्तमान वर्ष में सरकार द्वारा?2400 क्विंटल में धन क्रय की राशि तय की गई है। एक किसान 200 क्विंटल तक धान दे सकते हैं। लगभग 100 किसान अपना पंजीकरण राजमहल में करवा चुके हैं। वही केलाबाड़ी के सचिव लवंग साहा ने कहा कि धान अधिप्राप्ति को लेकर लेम्पस के माध्यम से सभी तैयारी पूरी कर ली गई है। धान अधिप्राप्ति की जा रही है। मौके पर राजमहल सीओ मो यूसुफ सहित अन्य मौजूद थे।

# लैंपस का विधायक ने किया उद्घाटन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**शिकारीपाड़ा।** न्यूनतम समर्थन मूल्य योजना के अंतर्गत धान अधिप्राप्ति केंद्र का उदघाटन विधायक आलोक सोरेन ने किया। रविवार को शिकारीपाड़ा लैंपस में धान अधिप्राप्ति केंद्र का फीता काटकर उद्घाटन किया। धान अधिप्राप्ति केंद्र में किसान को धान बेचने के लिए सबसे पहले रजिस्ट्रेशन करना होगा इसके बाद धान बेच पाएंगे। किसान से साधारण धन 2300 रुपए प्रति क्विंटल, बोनस 100 रुपए प्रति क्विंटल, के हिसाब से कुल 2400 रुपए प्रति क्विंटल के भुगतान किया। तो वही एग्रेट धन 2320 रुपया प्रति क्विंटल, बोनस 100 रुपए प्रति क्विंटल, कुल 2420 प्रति क्विंटल में लिया जाएगा। धान अधिप्राप्ति की अवधि 15 दिसंबर से 31 मार्च तक ही है। इसी बीच किस धान अधिप्राप्ति केंद्र में धान बेच पाएंगे। इस संबंध में डीएसओ विशाल कुमार ने बताया कि किस को धन बेचने के साथ दिन के अंदर 50 फीसदी तो वही एक महीना के अंदर पूरा पैसा मिल जाएगा। मौके पर बीडीओ, सीओ आदि उपस्थित थे।

# महिला समिति द्वारा कंबल, साबुन तथा सैनिटरी पैड्स का वितरण



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बोकारो।** महिला समिति बोकारो की कार्यकारिणी दल बीएसएल के सीएसआर विभाग के सहयोग से बोकारो के समीप स्थित ग्राम गोड़ाबाली में कंबल का वितरण किया। समिति की अध्यक्षा अनिता तिवारी ने ग्रामवासियों को स्वच्छता का महत्व बताया तथा दैनिक जीवन में इसका पालन कैसे हो समझाते हुए समिति द्वारा उत्पादित साबुन के अलावा युवतियों में सैनिटरी नैपकिंस का भी वितरण किया। यह कार्यक्रम गांव के मुखिया तथा बीएसएल सीएसआर के वरीय प्रबंधक नीरज त्रिपाठी की मदद से सुचारू रूप से संपन्न हुआ। मौके पर समिति की उपाध्यक्ष प्रीति शरण सचिव ऋचा प्रियदर्शिनी सांस्कृतिक सचिव श्वेता कुमार कोषाध्यक्ष अभिरुचि प्रिया उप कोषाध्यक्ष अंजली सुरभि प्रभारी अनीशा झा सदस्या समिता मोहंती तथा आशा राज मिश्रा उपस्थित रहीं।

# रैयत ने निजी जमीन बता, सड़क पर बाउंड्री वॉल देकर आवागमन किया ब्लॉक

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**बोकारो/कसमार।** झारखंड व पश्चिम बंगाल को जोड़ने वाली बहादुरपुर से भाया कसमार सेवातीघाटी मुख्य सड़क को मुरहूलसूदी व गुवई नदी के बीच रैयतों ने निजी जमीन बताकर चहारदीवारी देकर ब्लॉक कर दिया है। रैयत रूइटा महतो चुनिया देवी लालू महतो व उमेश महतो आदि के द्वारा चालू सड़क को अचानक ईंट से चहारदीवारी देकर ब्लॉक कर देने से झारखंड-बंगाल समेत कसमार प्रखंड के कई गांवों के लोगों का आवागमन बाधित हो गया है। बता दें कि गोमिया के पूर्व विधायक लंबोदर महतो का पैतृक गांव पाड़ी जाने की भी यही मुख्य सड़क है। उपरोक्त रैयतों का कहना है कि सर्वे सेटलमेंट के अनुसार उक्त जमीन उनका रैयती है। जबकि आम सड़क पर तीस वर्ष पूर्व एक दूसरे रैयत ने अतिक्रमण कर इंदिरा आवास का निर्माण कर दिया है। रैयतों का कहना है कि आम रास्ता रहते हुए हम लोग अपना रैयती जमीन सड़क को क्यों दें। बहरहाल दो पक्षों के रैयतों के आपसी विवाद के बीच आम ग्रामीणों का आवागमन बाधित हो गया है। सम्बद्ध अधिकारी द्वारा विवादित स्थल का जायजा लेने के लिए भेजा गया था। दोनों पक्षों को जमीन का कागजात लेकर कसमार अंचल कार्यालय बुलाया गया है। जांचोपरांत अमीन द्वारा मापी कर सड़क का रास्ता निकाला जायेगा।

# मंत्री योगेंद्र प्रसाद पहुंचे तेनुघाट सुनी लोगों के समस्याएं

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**बेरमो/तेनुघाट।** गोमिया विधानसभा के नव निर्वाचित विधायक सह मंत्री झारखंड सरकार पेय जल एवं स्वच्छता सह उत्पाद विभाग योगेंद्र प्रसाद पहुंचे तेनुघाट और लोगों का आभार प्रकट किए। लोगों ने फूल माला एवं बुके देकर सम्मानित किया। तेनुघाट के अतिथि भवन में तेनुघाट, सरहचिया, घरवाटांड़, अलगड्डा पंचायत से आए ग्रामीणों की समस्याओं को सुने और संबंधित विभाग के अधिकारियों को फोन के माध्यम से अवगत कराते हुए त्वरित कार्रवाई करने का निर्देश दिए। लोगो ने पानी, बिजली, राशन कार्ड, लाल कार्ड, स्वास्थ्य, और मईया सम्मान योजना से संबंधित समस्याओं से अवगत कराया। तेनुघाट अनुमंडलीय अस्पताल में राइडर कंपनी में कार्य कर रहे आउटसोर्सिंग कर्मचारियों का चार माह से वेतन बकाया का भी मामला उठाया गया। उसपर मंत्री महोदय ने राइडर कंपनी को तुरंत बकाया वेतन को भुगतान करने का आदेश दिया। तेनुघाट में घर घर जल नल योजना अंतर्गत पुराने इंटेक वेल को लेकर भी मामला उठाया गया। तथा घरवाटांड पंचायत में ग्रामीण जिलापूर्ति योजना के द्वारा पानी सफलाई के लिए पाइप बिछा कर सड़क पर गढ़ा कर छोड़ दिया गया जिसकी शिकायत पर मंत्री ने कार्यपालक अभियंत को बुला कर जल्द से जल्द बुला कर सड़क निर्माण कराने का आदेश दिया और साथ ही उन्हें कहा कि पूरे प्रदेश में जल नल योजना अंतर्गत जहां भी सड़क कटिंग कर पाइप बिछाई गई है सभी सड़क का निर्माण कराना संवेदक की जिम्मेवारी है। जल नल योजना एवं ग्रामीण जिलापूर्ति योजना में कहीं गड़बड़ी पाई गई तो अधिकारी नापेंगे किसी भी प्रकार की कोताही अपने विभाग में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। अधिकारी क्षेत्र का अद्यतन रिपोर्ट लेकर बैठे ताकि वार्ता में जवाब दे सके।

मौके पर अशरफ अंसारी,उमेश महतो, कार्यपालक अभियंता चास रामप्रवेश राम, कार्यपालक अभियंता तेनुघाट मंतोष कुमार, सहायक अभियंता शास्त्री साह, ओपी प्रभारी अजीत कुमार, दामोदर ठाकुर, अधिवक्ता निशु सिन्हा, बंबी सिंहा, दीपक कुमार गुप्ता, राजन नायक, पंकज नायक, गंगा तुरी, लेमोलाल ठाकुर, विनोद ठाकुर, अख्तर हुसैन, सहित कई गणमान्य लोग मौजूद थे।

## एक नजर में

### इलाज के दौरान अस्पताल में युवक की मौत

**दुमका।** जिले मुफस्सिल थाना क्षेत्र के हरणाडंगाल गांव के 22 वर्षीय संदीप मुर्मू की शनिवार की देर रात मेडिकल कालेज अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। संदीप को घर से बुलाकर ले जाने वाला दोस्त उसे घायल अवस्था में ससुराल में छोड़कर फरार हो गया। रविवार को पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों को सौंप दिया है। मृतक एक बच्चे का पिता था। जानकारी के अनुसार चचेरे भाई बबलू मुर्मू ने बताया कि शनिवार की शाम दूसरे गांव में रहने वाला संदीप का दोस्त बाइक से घर आया और संदीप को अपने साथ लेकर चला गया। देर रात को संदीप के ससुराल वालों ने फोन कर बताया कि बाइक सवार एक युवक उसे घायल अवस्था में छोड़कर भाग गया है। इसके बाद वह भाई की ससुराल गया और घायल संदीप को इलाज के लिए मेडिकल कालेज अस्पताल में भर्ती कराया। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। बबलू ने बताया कि दोस्त ने ससुराल वालों को बताया कि संदीप सड़क हादसे में घायल हो गया है। उसके सिर में चोट लगी है। भाई का कहना है कि अगर संदीप हादसे में घायल हुआ होता तो उसे बाइक समेत भागने की क्या जरूरत थी। उसका कुछ पता भी नहीं चल रहा है। पुलिस भी उसकी तलाश कर रही है। जब तक वह सामने नहीं आता है। तब तक घायल होने का कारण स्पष्ट नहीं होगा। उसने पुलिस से मामले की गहनता से जांच करने की मांग की है।

### वर्षों से बंद शेर शाहबादी प्रमाण पत्र हुआ निर्गत



**राजमहल।** विगत कई वर्षों से शेर शाहबादी प्रमाण पत्र निर्गत नहीं होने से क्षेत्र के युवाओं को नौकरी एवं रोजगार के अवसर में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। लगातार इसकी मांग क्षेत्र के लोग कर रहे थे। क्षेत्रीय विधायक आदरणीय मो ताजुद्दीन उर्फ एमटी राजा जी ने कहा कि चुनाव से पूर्व राजमहल की सभा में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के माध्यम से क्षेत्र के लोगों को आश्वासन दिया गया था कि प्रमाण पत्र निर्गत करने की दिशा में आदेश दिया जाएगा। सरकार बनते ही यह तोहफा क्षेत्र के लाखों लोगों के लिए समर्पित किया गया। आज शेर शाह वादी प्रमाण पत्र निर्गत होने लगा। निर्गत प्रमाण पत्र को लेकर हर्ष व्यक्त करते हुए युवाओं की एक शिष्टमंडल क्षेत्रीय विधायक जी के प्रति आभार व्यक्त किया। युवाओं ने कहा कि लाखों युवा अब रोजगार और नौकरी से जुड़ने का अवसर प्राप्त कर सकेंगे। इधर विधायक जी ने अंचल अधिकारियों को भी आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए कहें कि प्रमाण पत्र निर्गत में किसी प्रकार की समस्या उत्पन्न नहीं हो इसका विशेष ध्यान रखने की आवश्यकता है। अगर कहीं समस्या उत्पन्न होती है तो समन्वय स्थापित कर तुरंत निष्पादन करते हुए प्रमाण पत्र को निरंतर निर्गत करने की प्रक्रिया जारी रखेंगे।

### केंद्रीय कारा में जेल अदालत सह विधिक जागरूकता शिविर का हुआ आयोजन

**दुमका।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार, अध्यक्ष सह प्रधान जज संजय कुमार चन्द्धरियावी के आदेशानुसार रविवार को केन्द्रीय कारा में जेल अदालत सह विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन हुआ। जेल अदालत की अध्यक्षता मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी अनूप तिर्की ने किया। अदालत में मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी के न्यायालय में लंबित पांच वाद, अपर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी के न्यायालय में लंबित तीन वाद एवं न्यायिक दंडाधिकारी, प्रथम श्रेणी मो जावेद खान के न्यायालय में लंबित दो वाद समेत कुल 10 वादों का आवेदन जेल अदालत के लिए समर्पित किया गया था। जिसमें से सभी वादों में बंदियों का समयावधि कम रहने के कारण आवेदन पर विचार नहीं किया जा सका। उपरोक्त अवसर पर कारापाल, केन्द्रीय कारा एवं लीगल ऐड डिफेंस काउंसिल सिकंदर मंडल, सरोज गोन, अंकित कुमार सिंह एवं न्यायालयकर्मी, काराकर्मी एवं बंदीग उपस्थित थे। जेल अदालत में विशेष तौर पर महिला बंदियों को उनके अधिकारों की जानकारी दी गई। जिन महिला बंदियों को लिगल एड की आवश्यकता थी। उस पर प्राधिकार सचिव उत्तम सागर राणा ने आवश्यक दिशा-निर्देश दिया।

### छापेमारी के दौरान पुलिस ने तीन पिकअप वैन और तीन ट्रक जब्त



**बेरमो।** डुमरी के असुरबांध से गिरिडीह एसपी को मिली गुप्त सूचना के आधार पर निमियाघाट पुलिस ने अवैध कोयला कारोबार से जुड़े तीन पिकअप वैन सहित तीन ट्रक को जप्त करने में सफलता हासिल की है। घटना निमियाघाट थाना क्षेत्र की है। वही एक व्यक्ति को भी पुलिस ने हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। पकड़े गए व्यक्ति की पहचान दयाल महतो के रूप में हुई है। बताया जाता है कि अवैध कोयला ट्रकों में भरकर झारखंड से बाहर भेजने की तैयारी थी, जहां पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी करते हुए कोयला कारोबार को बड़ी चोट दी है। वहीं पुलिस के इस कार्रवाई से कोयला माफियाओं में हड़कंप मचा हुआ है। इधर पुलिस अवैध कोयला से जुड़े माफियाओं की जांच में जुट गई है और निमियाघाट थाने में मामला दर्ज कर रही है वहीं पुलिस के इस कार्रवाई से कोयला माफियाओं में हड़कंप मचा हुआ है।

### डीपीएस बोकारो के अनुराग को इंडियन इकोनॉमिक सर्विस परीक्षा में मिला पहला स्थान



**बोकारो।** डीपीएस बोकारो के छात्र रहे अनुराग गौतम ने यूपीएससी की आईईएस परीक्षा 2024 में पूरे देश में पहला स्थान प्राप्त कर न केवल विद्यालय और बोकारो इस्पात नगर बल्कि पूरे राज्य का मान बढ़ाया है। इस कामयाबी पर पूरे विद्यालय परिवार में हर्ष का माहौल है। विद्यालय के प्राचार्य डॉ एएस गंगवार सहित विद्यालय के सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं ने अनुराग को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। प्राचार्य डॉ गंगवार ने कहा कि यह हमारे विद्यालय के विद्यार्थियों की उपलब्धियों की फेहरिस्त में एक और नया अध्याय है। उन्होंने अनुराग की इस शीर्षतम कामयाबी को अन्य सभी छात्र-छात्राओं के प्रेरणा का महत्वपूर्ण स्रोत भी बताया। बोकारो इस्पात संयंत्र के अधिकारी अनुपम कुमार और गृहिणी कुमारी संगीता के होनहार पुत्र अनुराग ने आईआईटी खड़गपुर से अर्थशास्त्र में एमएससी की पढ़ाई पूरी की। दो भाई-बहन में बड़े अनुराग डीपीएस बोकारो में पढ़ाई के साथ-साथ सह-शैक्षिक गतिविधियों में भी आगे रहा करते थे। वह गिटार और तबला भी बजाया करते थे तथा आज भी उनका संगीत से लगाव बरकरार है।

# शतरंज के सम्राट

सिंगापुर में खेली गई विश्व चैंपियनशिप की 14वीं अंतिम बाजी में चीन के ग्रैंडमास्टर डिंग लिझेन को हराया। विश्वनाथन भी विश्व चैंपियन बने मगर वे 31 साल की उम्र में यह करिश्मा दिखा पाए। यही वजह है कि 14वीं व अंतिम बाजी जीतने के बाद वे भाव-विभोर होकर अपनी अप्रत्याशित जीत के बाद खुशी से सार्वजनिक रूप से रो पड़े। बेहद सहज व सरल स्वभाव के गुकेश का बड़प्पन देखिए कि इस बड़ी जीत के बावजूद उन्होंने कहा कि हारने वाले डिंग दुनिया के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों में से एक हैं। बहरहाल, आज गुकेश निर्विवाद रूप से शतरंज के बादशाह हैं। उनकी साधना ने सफलता की नई इबारत लिखी है। उनकी सफलता के पीछे उनके परिवार का भरपूर संबल रहा। यहां तक कि बेटे की सुनहरी कामयाबी के लिये पिता ने अपना कैरियर तक दांव पर लगा दिया। वैसे सिंगापुर में तेरह दिसंबर तक चलने वाली चेस चैंपियनशिप का एक सुखद पहलू यह भी है कि शतरंज में एशिया का वर्चस्व नजर आया। यह इस विश्वस्पर्धा के 138 साल के इतिहास में पहली बार हुआ कि दो एशियाई शतरंज के माहिर खिताबी जीत के लिये मुकाबला कर रहे थे। वहीं मुकाबला इतना कड़ा था कि गुकेश डी और पूर्व चैंपियन डिंग के बीच तेरह मुकाबलों तक बाजी बराबरी पर छूटी। जिससे शतरंज प्रेमियों में खेल का रोमांच बराबर बना रहा। बहरहाल, इस कड़े मुकाबले का निष्कर्ष यह है कि इस मुकाबले के बाद गुकेश शतरंज की दुनिया के बेताज बादशाह बन गए हैं। उन अंतर्राष्ट्रीय माहिरों को मुंह की खानी पड़ी जो कुछ राउंड के बाद गुकेश को कमतर आंक रहे थे। वैसे पूर्व विश्व चैंपियन आनंद ने इस मुकाबले को जटिल व कठिन बताया था। गुकेश के परिवार में कभी किसी ने शतरंज नहीं खेला। उनके खेल के प्रति जुनून ने ही उन्हें विश्व चैंपियन बनाया है।

## कार्टून वर्ल्ड



# आज का राशिफल

**मेष :** व्यर्थ की भाग-दौड़ से बचा जाए तो अच्छा है। दुर्लभ स्वप्न साकार होंगे। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंग। शुभांक-2-4-6

**वृष :** आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध होंगे। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। लाभदायक कार्यो की चेष्टाएं प्रबल होंगी। मातृपक्ष के लोगो का सहयोग मिलेगा। शुभांक-5-7-9

**मिथुन :** आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। उतावलेपन से बचें। मध्याह्न से ही आशाएं बलवती होंगी। महत्वपूर्ण कार्यो को आज ही निपटा लें उसके बाद समय व्ययकारी सिद्ध होगा। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। कामकाज की अधिकता रहेगी। शुभांक-3-6-8

**कर्क :** व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेगी। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होगी। रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। व्यावसायिक उपक्रम में उलटफेर की शुरूआत हो सकती है। शुभांक-1-5-9

**सिंह :** खान-पान में विशेष सावधानी बरतें। मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यो से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। नैतिक दायरे में रहें। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। वाहन चालन में सावधानी बरतें। बातचीत में संयम बरतें। शुभांक-4-7-8

**कन्या :** मन प्रसन्न बना रहेगा। अचल संपत्ति की खरीद अथवा कृषि उद्यम में रुचि पैदा होगी। परिवार के साथ मनोरांजनिक स्थल की यात्रा होगी। आपसी प्रेम-भाव में बढ़ोतरी होगी। भविष्य की योजनाओं पर विचार विमर्श होगा। अपने आपको अधिक सक्रिय पायेगें। चिंतनीय वातावरण से मुक्ति मिलेगी। शुभांक-5-8-9

**तुला :** अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। अपने अधीनस्त लोगों से कम सहयोग मिलेगा। बाहरी सहयोग की अपेक्षा रहेगी। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। शुभांक-4-6-7

**वृश्चिक :** आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। पद-प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। शुभांक-1-4-7

**धनु :** कल का परिश्रम आज लाभ देगा। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। शुभांक-2-4-5


**मकर :** परिवार में किसी का स्वास्थ्य खराब हो सकता है। अपनी गतिविधियों पर पुनर्विचार करें। वैचारिक द्वन्द्व और असंतोष बना रहेगा। किसी सूचना से पूर्ण निर्णय सम्भव। सुख आरोग्य प्रभावित होगा। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शुभांक-3-5-6

**कुंभ :** शुभ कार्यो का लाभदायक परिणाम होगा। कामकाज की अधिकता रहेगी। लाभ भी होगा और पुराने मित्रों का समागम भी। व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताए भी बढ़ेगी। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूति मिलेगी। रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। शुभांक-4-6-7

**मीन :** आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। शुभांक-2-5-7

# जलवायु परिवर्तन और भारत का दृष्टिकोण





-डॉ सत्यभान

> पीएम ई-ड्राइव इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए सब्सिडी प्रदान करता है, जिससे शहरी वायु प्रदूषण को सम्बोधित करते हुए उन्हें सुलभ बनाया जा सके और जीवाश्म ईंधन पर निर्भरता कम हो सके। जलवायु और विकास लक्ष्यों को एकीकृत करके, संसाधनों का अधिक कुशलता से उपयोग किया जाता है, जिससे नीति कार्यान्वयन में महत्त्वपूर्ण लागत बचत होती है।

**जलवायु** परिवर्तन के प्रति भारत का सह-लाभ दृष्टिकोण विकास लक्ष्यों को पर्यावरणीय उद्देश्यों के साथ संरेखित करने का प्रयास करता है। साथ ही जलवायु चुनौतियों का समाधान करते हुए सतत विकास पर ध्यान केंद्रित करता है। आर्थिक, सामाजिक और पर्यावरणीय लाभों को एकीकृत करके, इस रणनीति का उद्देश्य उत्सर्जन को कम करना और लचीलापन बढ़ाना है। उदाहरण के लिए, जलवायु परिवर्तन पर राष्ट्रीय कार्ययोजना जैसी पहल इन प्राथमिकताओं को संतुलित करने के लिए भारत की प्रतिबद्धता को दर्शार्ती है। हम पाते हैं कि सामाजिक लक्ष्यों का पीछा करना, आमतौर पर, उच्च पर्यावरणीय प्रभावों से जुड़ा होता है। हालांकि, देशों के बीच बातचीत बहुत भिन्न होती है और विशिष्ट लक्ष्यों पर निर्भर करती है। दोनों ही बातचीत में, कार्बन भूमि और पानी की तुलना में छोटे बदलावों का अनुभव करता है। हालांकि उच्च और निम्न आय समूहों द्वारा प्रयासों की आवश्यकता है, लेकिन अमीरों के पास मानवता के पदचिह्नों को कम करने का अधिक लाभ है। सामाजिक और पर्यावरणीय स्थिरता दोनों के महत्व को देखते हुए, यह महत्वपूर्ण है कि एसडीजी के बीच मात्रात्मक बातचीत को अच्छी तरह से समझा जाए ताकि जहां जरूरत हो, एकीकृत नीतियां विकसित की जा सकें।भारत का सह-लाभ दृष्टिकोण, जो कई मोर्चों पर एक साथ प्रगति के लिए विकास लक्ष्यों को पर्यावरणीय उद्देश्यों के साथ जोड़ता है। भारत का सह-लाभ दृष्टिकोण सामाजिक और आर्थिक विकास को आगे बढ़ाते हुए जलवायु परिवर्तन को सम्बोधित करता है। जलवायु क्रियाओं को गरीबी में कमी और ऊर्जा पहुंच जैसे लक्ष्यों के साथ जोड़ता है।

पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना न केवल अक्षय ऊर्जा के उपयोग को बढ़ावा देती है बल्कि कम आय वाले परिवारों को सस्ती बिजली भी प्रदान करती है। जलवायु क्रियाओं को विकास लक्ष्यों के साथ जोड़कर, सह-लाभ दृष्टिकोण पर्यावरणीय पहलों में सार्वजनिक समर्थन और भागीदारी को बढ़ाता है। पीएम ई-ड्राइव इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए सब्सिडी प्रदान करता है, जिससे शहरी वायु प्रदूषण को सम्बोधित करते हुए उन्हें सुलभ बनाया जा सके और जीवाश्म ईंधन पर निर्भरता कम हो सके। जलवायु और विकास लक्ष्यों को एकीकृत करके, संसाधनों का अधिक कुशलता से उपयोग किया जाता है, जिससे नीति कार्यान्वयन में महत्त्वपूर्ण लागत बचत होती है। प्रदर्शन, उपलब्धि और व्यापार (पीएटी) योजना उद्योगों को ऊर्जा दक्षता में सुधार करने, लागत कम करने और उत्सर्जन को कम करने में मदद करती है। यह दृष्टिकोण कृषि, जल संसाधन और आपदा प्रबंधन जैसे क्षेत्रों में लचीलापन बढ़ाने पर जोर देता है, जो कमजोर आबादी के लिए महत्वपूर्ण हैं। जलवायु परिवर्तन पर राज्य कार्ययोजनाएं क्षेत्र-विशिष्ट कमजोरियों पर ध्यान केंद्रित करती हैं, ग्रामीण और तटीय क्षेत्रों के लिए लक्षित अनुकूलन रणनीतियों को सुनिश्चित करती हैं। सह-लाभ दृष्टिकोण जलवायु और विकासात्मक चुनौतियों दोनों को सम्बोधित करने वाली नवीन तकनीकों के विकास और तैनाती को प्रोत्साहित करता है। सौर ऊर्जा से चलने वाली सिंचाई प्रणालियों का विकास टिकाऊ कृषि का समर्थन करता है और ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन को कम करता है।

इन प्राथमिकताओं को संतुलित करने में इस रणनीति की प्रभावशीलता उत्सर्जन में कमी और आर्थिक विकास के दोहरे लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए बेहतर है। भारत ने आर्थिक विकास को बनाए रखते हुए अपनी उत्सर्जन तीव्रता को कम करने में प्रगति की है, जो सह-लाभ दृष्टिकोण की प्रभावशीलता को प्रदर्शित करता है। भारत ने पेरिस समझौते के तहत अपनी प्रतिबद्धताओं के अनुसार सकल घरेलू उत्पाद की प्रति इकाई कार्बनडाई ऑक्साइड उत्सर्जन को लगातार कम किया है। यह रणनीति नवीकरणीय ऊर्जा की ओर बदलाव को गति देते हुए ग्रामीण क्षेत्रों में ऊर्जा पहुंच की खाई को सफलतापूर्वक पाटती है। छतों पर सौर ऊर्जा पहलों ने दूरदराज के गांवों में बिजली पहुंचाई है, जिससे डीजल जनरेटर पर निर्भरता कम हुई है। भारत की रणनीति जलवायु क्रियाओं को निधि देने के लिए घरेलू पहलों पर केंद्रित है। इस आत्मनिर्भरता ने सकारात्मक परिणाम दिखाए हैं। भारतीय कार्बन बाजार उद्योगों में उत्सर्जन में कमी को प्रोत्साहित करने के लिए घरेलू संसाधनों को जुटाता है। जबकि यह दृष्टिकोण संधारणीय प्रथाओं को बढ़ावा देता है, लेकिन तेज आर्थिक विकास की आवश्यकता कभी-कभी पर्यावरण संरक्षण में समझौता करने की ओर ले जाती है। तत्काल ऊर्जा मांगों को पूरा करने के लिए कोयला आधारित बिजली संयंत्रों का विस्तार शुद्ध-शून्य लक्ष्यों को प्राप्त करने में चुनौतियाँ पेश करता है।

राज्य कार्ययोजनाओं के माध्यम से विकेंद्रीकृत जलवायु कार्रवाई यह सुनिश्चित करती है कि क्षेत्रीय चुनौतियों और अवसरों को पर्याप्त रूप से सम्बोधित किया जाए। अहमदाबाद जैसे शहरों में हीट एक्शन प्लान ने अत्यधिक गर्मी के प्रभावों को कम करने में मदद की है, जिससे कमजोर आबादी की रक्षा हुई है। जबकि सह-लाभ दृष्टिकोण पायलट कार्यक्रमों में प्रभावी रहा है, देशभर में इन पहलों को आगे बढ़ाना एक चुनौती बनी हुई है। राष्ट्रीय इलेक्ट्रिक मोबिलिटी मिशन योजना का लक्ष्य इलेक्ट्रिक वाहनों को अपनाने को बढ़ावा देना है, लेकिन ग्रामीण क्षेत्रों में बुनियादी ढांचे का विकास अभी भी पिछड़ा हुआ है।भारत का सह-लाभ दृष्टिकोण जलवायु कार्रवाई को विकास के साथ प्रभावी ढंग से संतुलित करता है।

यह स्थिरता और लचीलेपन को बढ़ावा देता है। अक्षय ऊर्जा, ऊर्जा दक्षता और हरित बुनियादी ढांचे में निरंतर निवेश इस रणनीति को मजबूत करेगा। यह स्थानीयकृत, प्रभावशाली समाधानों के माध्यम से वैश्विक चुनौतियों का समाधान करने के सिद्धांत को दर्शाता है, जो विकास और पर्यावरणीय लक्ष्य दोनों में सार्थक प्रगति को आगे बढ़ाता है।

(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)

## लेटर टू एडिटर

### संकीर्ण सोच

**लालू प्रसाद यादव** ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की महिला संवाद यात्रा पर जो टिप्पणी की, वह न केवल उनकी संकीर्ण सोच को दशार्ता है, बल्कि महिलाओं के प्रति उनके अपमानजनक दृष्टिकोण को भी उजागर करता है। नीतीश कुमार की महिला सशक्तीकरण की योजनाएं महिलाओं के वास्तविक सशक्तीकरण के लिए महत्वपूर्ण कदम रही हैं। नीतीश की महिला संवाद यात्रा इन योजनाओं का प्रमाणीकरण है, जो महिलाओं के अधिकारों और उनकी स्थिति में सुधार के लिए एक महत्वपूर्ण प्रयास है।

**-अमृतलाल, रांची**

### लोकतांत्रिक प्रतिष्ठा

**राज्यसभा** के सभापति, जगदीप धनखड़ पर विपक्षी सदस्यों द्वारा भेदभावपूर्ण व्यवहार का आरोप लगाया गया है। धनखड़ भेदभाव करते हैं, जैसे कि अडाणी मुद्दे पर विपक्ष को बोलने की अनुमति न देना।

**- राहुल राज, जमशेदपुर**

## ट्वीट

**हमारा** प्रत्येक कार्य उत्कृष्ट हो और यदि उसके मूल में समष्टि के कल्याण की भावना है तो हमारी प्रत्येक क्रिया प्रतिक्रिया कर्मयोग बन जाती है। पूरी सृष्टि में कर्मयोग है। प्रकृति से ज्यादा निष्काम कर्म करने की सीख और कहाँ से मिल सकती है । प्रकृति हमारी सच्ची और हितैषी शिक्षिका है।

**-कल्पना मुर्मू सोरेन, विधायक**

पिछले दिनों दिल्ली के एक किराना स्टोर का दौरा किया। किराना स्टोर्स सिर्फ.सामान बेचने के माध्यम भर नहीं हैं। इनके कस्टमर्स के साथ इमोशनल और कल्चरल कनेक्शन्स होते हैं, लेकिन क्विक कॉमर्स बिजनेस के तेजी से बढ़ने के कारण हजारों किराना स्टोर बंद हो रहे हैं, जो कि चिंताजनक है।

**-राहुल गांधी, सांसद**

# भारत का धर्म-दर्शन और विज्ञान का मधुफल

**हृदयनारायण दीक्षित**

## धर्म

**सम्पूर्ण** प्रकृति से आत्मीय व्यवहार श्रेष्ठ है। प्रकृति की शक्तियां सुनिश्चित नियमों में गतिशील हैं। वैदिक पूर्वजों ने इस नियम को ऋत कहा है। प्रकृति की तरह मनुष्य को भी नियमों के अनुसार चलना चाहिए। प्रकृति और मनुष्य तथा मनुष्य और सभी मनुष्यों के मध्य आचार संहिता का नाम धर्म है। ईश्वर आस्था निजी विश्वास है। धर्म में इसकी बाध्यता नहीं। कठोपनिषद् की कथा का नचिकेता युवा है। यम ने उसे 'सत्यधृति' कहा। वह सत्यनिष्ठ है। धर्म के यथार्थवादी रूप को जानता है। धर्म सम्पूर्णता के प्रति मनुष्य का सत्यनिष्ठ आदर्श व्यवहार है। उसने यम से पूछा- "जो धर्म से पृथक है, अधर्म से पृथक है, भूत भविष्य से भी पृथक है, वह मुझे बताइए।" (1.2.14) यहां धर्म लोकजीवन की आचारसंहिता है, धर्म और अधर्म की सारी कार्यवाही देश और 'समय के भीतर' है। नचिकेता 'समय और देशकाल' की आचार संहिता 'धर्म-अधर्म और भूत भविष्य' से परे किसी अज्ञात तत्व 'सत्य' का जिज्ञासु है। पूर्वजों ने उपलब्ध ज्ञान के आधार पर जीवनचर्या के नियम बनाए। इन्हें धर्म कहा गया।

विज्ञान और दर्शन अंतरिक्ष का भी अनुसंधान कर रहे हैं। लेकिन पंथिक मजहबी विश्वासों में दैवी घोषणायें ही सत्य मानी जाती हैं। भारत में धर्म और आस्था विश्वास से निरंतर वाद-विवाद और संवाद की परम्परा है। धर्म गतिशील आचार संहिता है। परमसत्ता पर भी प्रश्न और प्रति-प्रश्न हैं। यहां लोक खुलकर प्रकट होता है, धैर्य से सुनता है और प्रश्न-प्रतिप्रश्न करता है। धर्म सत्य-निष्ठ जिज्ञासु जीवनशैली है। यही सत्य है। सत्य और धर्म पर्यायवाची हैं। धर्म स्थिर आचार संहिता नहीं है। यहां समाज की तमाम शक्तियां धर्म को भी प्रभावित करती रही हैं।

वैदिक काल का धर्म आनन्द मगन करने वाला है। उत्तर वैदिक काल में तत्वज्ञान की शिखर ऊंचाइयां हैं। कुछ कर्मकाण्डों को भी चुनौती देती हैं। रामायण काल के धर्म में मयार्दा है। श्रीराम इसी मयार्दा के महानायक हैं। लेकिन महाभारत काल का धर्म अवनति में है। गीताकार ने बहुत खूबसूरत शब्द प्रयोग किया है-धर्म की ग्लानि। श्रीकृष्ण ने अर्जुन से कहा-"जब-जब धर्म की ग्लानि होती है, तब-तब धर्म संस्थापन के लिए अवतार होते हैं।" श्रीराम और श्रीकृष्ण में भारी फर्क है। श्रीराम रामायण काल में प्रचलित धर्म को मजबूती देते हैं। दुख उठाकर भी मयार्दा का पालन करते हैं। वे मयार्दा पुरुषोत्तम हैं। लेकिन श्रीकृष्ण महाभारत काल के प्रचलित धर्म ग्लानि को चुनौती देते हैं।

वैदिक काल में मनुष्य प्रकृति के निकट है। सूर्य अस्त होते हैं, मनुष्य सो जाते हैं। ऊषा आती है, वह सबको जगाती है। वैदिक समाज के जागरण और निद्रा प्राकृतिक हैं। ऋग्वेद के समय सभा और समितियां हैं। सभा में सभ्य ही जाते हैं। सामाजिक विकास के क्रम में तमाम रूढ़ियां भी आईं। महाभारत में सभा के भीतर भी जुआ है। महाभारत काल के युधिष्ठिर धर्मराज हैं लेकिन जुए में पत्नी द्रोपदी को भी दांव पर लगाते हैं। ऋग्वेद में पत्नी पूरे परिवार की 'साम्राज्ञी' है। महाभारत में वह वस्तु और पदार्थ है। द्रोपदी इस धर्म को चुनौती देती है। लेकिन सभा में विराजमान द्रोणाचार्य, पितामह भीष्म जैसे महानुभाव प्रचलित धर्म से ही जुड़े हैं। द्रोपदी आहत है कहती है, "भरतवंश के नरेशों का धर्म निश्चय ही भ्रष्ट हो गया है। राजाओं आप लोग क्या समझते हैं? मैं धर्म के अनुसार जीती गयी हूं या नहीं।" (सभापर्व 67.41-42) महाभारत काल में धर्म की ग्लानि का समय है।

धर्म सबको धारण करता है। सब उसे धारण करते हैं। धर्म पालन में स्वतंत्रता है। इसलिए हरेक मनुष्य का अपना धर्म है। द्रोपदी के मन में धर्म की दूसरी कल्पना है, युधिष्ठिर और भीष्म आदि के मन में बिल्कुल दूसरी। भीष्म का उत्तर है, "धर्म का स्वरूप अति सूक्ष्म होने के कारण मैं तुम्हारे प्रश्न का ठीक विवेचन नहीं कर सकता।" जुआ अधर्म है, जुए के खेल में बेईमानी और भी बड़ा अधर्म है लेकिन पितामह धर्म के सूक्ष्म स्वरूप की बहानेबाजी के साथ और भी नई चालबाजी करते हैं। कहते हैं, "धर्मराज युधिष्ठिर धन सम्पदा से भरी पृथ्वी त्याग सकते हैं किन्तु धर्म नहीं छोड़ सकते। इन्होंने स्वयं ही हार मान ली है।" (सभा पर्व 67.47-49) भीम युधिष्ठिर के जुआ कर्म को गलत बताते हैं और कहते हैं, "द्रोपदी की दुर्दशा के लिए मैं आपकी दोनों बाहें जला दूंगा।" (सभापर्व 68.9) यहां भीम युधिष्ठिर से श्रेष्ठ दिखाई पड़ते हैं।

वैदिक काल से उत्तरवैदिक काल के बीच समय का लम्बा अंतराल है।

# अडाणी पर अटकी कांग्रेस

**योगेश कुमार सोनी**

## सामयिक

**महाराष्ट्र** और झारखंड के बाद अब बारी दिल्ली विधानसभा चुनाव की है। और अब इसमें को दोराय नहीं कि यहां दो बार से लगातार जीतती आ रही आम आदमी पार्टी इस बार भी चुनाव रणनीति से लेकर प्रचार के मामले में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और कांग्रेस दोनों पर बढ़त बनाए हुए है। लेकिन यहां सबसे बड़ा सवाल यह है कि राहुल गांधी कांग्रेस को मजबूत बनाने के लिए कश्मीर से कन्याकुमारी की खाक छानते हैं लेकिन उनकी नाक के नीचे दिल्ली में जहां कभी शीला दीक्षित की अगुवाई में कांग्रेस ने 15 साल तक राज किया, उसी दिल्ली को राहुल गांधी ने क्या इस बार भी आम आदमी पार्टी की झोली में डालने का मन बना लिया और ऐसा हम इसलिए कह रहे हैं, क्योंकि दिल्ली में इस बार जो चुनाव होंगे तो खुद केजरीवाल और उनके कई नेता भ्रष्टाचार के गंभीर आरोपों से घिरे हैं।

ऐसे में भाजपा के साथ ही कांग्रेस के लिए एक मौका है। लेकिन लगता है कि कांग्रेस ने एक रणनीति के तहत केजरीवाल के सामने अचानक सरेंडर कर दिया है। मौजूदा स्थिति में कांग्रेस केवल अडाणी के मुद्दे पर ही अटक सी गई है। कांग्रेस किसी भी स्तर के चुनाव के लिए संबंधित राज्य या अन्य किसी घटनाक्रम पर कोई चर्चा नहीं कर रही। यदि दिल्ली के परिवेश में चर्चा करें तो अब भी कांग्रेस ने दिल्ली की समस्याओं से संबंधित या चुनावी रणनीति के तहत अब तक कोई बयान नहीं दिया। राहुल गांधी के साथ अब लोकसभा में वायनाड से चुनाव जीतकर एंट्री करने वाली प्रियंका गांधी भी आक्रामक शैली अपनाती रही हैं लेकिन समस्या यह है वह भी केवल अडाणी के मुद्दे पर ही बात कर रही हैं। यहां दोनों नेताओं को यह समझना पड़ेगा कि देश में आम जनता को अपने से जुड़े मुद्दे समझ में आते हैं।

अडाणी के मामले से किसी आमजन को किसी भी प्रकार का सरोकार नहीं है और किसी भी घटनाक्रम की सीमा होती है। हर रोज प्रेस कॉन्फेंस में या भाषण में एक ही बात को करना जनता को समझ नहीं आ रहा। दरअसल कांग्रेस बीते लगभग तीन वर्षों में किसी भी राज्य व लोकसभा चुनाव में जितनी ऊर्जा के साथ लजडी, उतनी ऊर्जा दिल्ली के परिवेश में नहीं दिख रही। इस बात को लेकर हर कोई आश्चर्यचकित है कि कांग्रेस ऐसा क्यों कर रही है। कुछ राजनीतिक विश्लेषकों का यह भी मानना है कि यह चुनाव कांग्रेस और आम आदमी पार्टी का अघोषित गठबंधन भी हो सकता है। यहां अघोषित गठबंधन से अभिप्राय यह है कि वह खुले तौर पर एक दूसरे के खिलाफ चुनाव लड़ेंगे लेकिन कांग्रेस केवल नाम मात्र के लिए ही चुनाव लड़ेगी। आज के दौर में इसका सबसे बड़ा उदाहरण मायावती के रूप में देखा जा सकता है।

इसके अलावा कांग्रेस के बड़े चेहरे भी आम आदमी पार्टी व भाजपा में शामिल हुए। कांग्रेस के दिल्ली के पूर्व अध्यक्ष अरविंदर सिंह लवली का भाजपा में शामिल होना एक बड़ा घटनाक्रम माना जा रहा है। लवली कांग्रेस की रीढ़ की हड्डी माने जाते थे। राहुल गांधी के करीबी दिल्ली कांग्रेस अध्यक्ष देवेंद्र यादव करीब एक महीने से न्याय यात्रा निकाले हुए हैं, लेकिन राहुल ने अब तक इसमें हिस्सा ही नहीं लिया है। जबकि इस न्याय यात्रा को लेकर कांग्रेस ने शुरूआत में खूब हवा बनाई थी। जैसे-जैसे समय बीत रहा है कांग्रेस जमीन पर कुछ खास करती हुई नजर नहीं आ रही है।

दरअसल इस बार के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस ने पहले से अच्छा प्रदर्शन किया था और माना गया कि मुस्लिम मतदाताओं का रुझान कांग्रेस की ओर बढ़ रहा है और जहां तक बात दिल्ली में मुस्लिम मतदाताओं की है तो वो करीब 11-12 फीसदी हैं और 70 विधानसभा सीटों में से आठ तो मुस्लिम बाहुल्य हैं, वह 35 से 60 फीसद तक हैं। आम आदमी पार्टी के उदय से पहले यहां कांग्रेस जीतती रही है। ऐसे में इस बार कांग्रेस को फिर से वापसी का प्रयास करना चाहिए था। उसे कामयाबी भी मिल सकती थी, क्योंकि 2015 और 2020 के चुनाव में कांग्रेस को शून्य सीटें मिली थी। ज्ञात हो कि यह वही कांग्रेस और आदमी पार्टी है जो 1993 के विधानसभा चुनाव में एक-दूसरे को गाली देते हुए लड़े और जब लगा कि भाजपा सत्ता में आ सकती है तो दोनों एक हो गए लेकिन इनका साथ 50 दिन तक भी नहीं चला। तब कांग्रेस को 24 फीसदी से अधिक वोट मिले थे। इसके बाद जो हुआ उसका आंकड़ा गौर करने वाला है।

2015 में कांग्रेस का वोट फीसद दस के करीब रहा और 2020 में कांग्रेस का आंकड़ा गिरकर पांच फीसदी के करीब आ गया। इधर भाजपा का वोट प्रतिशत तीस फीसदी या उससे ज्यादा बना हुआ है। जबकि आम आदमी पार्टी का वोट फीसदी 53 प्रतिशत से ज्यादा हो चुका है। देखा जाए तो क्या दिल्ली में भाजपा को दूर रखने के लिए कांग्रेस ने आम आदमी पार्टी के साथ डील कर ली है। ऐसी डील पहले भी होती रही है और लोकसभा चुनाव में भी दोनों ने दिल्ली में मिलकर लड़ा था हालांकि दोनों को एक भी सीट नहीं मिल पाई थी। इसके अलावा फ्रांसीसी अखबार में छपी इस रिपोर्ट के आधार पर भाजपा के सांसदों ने कांग्रेस को सदन में घेरा। भाजपा के सांसदों ने कांग्रेस और विपक्ष के नेता पर विदेशी हस्तक्षेप को बढ़ावा देने का आरोप लगाया है।

सांसद सुधांशु त्रिवेदी ने ओसीसीआरपी का मुद्दा जमकर उठाया और विपक्ष पर कई गंभीर आरोप भी लगाए। उन्होंने कहा कि जब भी संसद का सत्र चल रहा होता है, उसी समय विदेशों में कोई ना कोई रिपोर्ट सामने आ जा जाती है। इसमें कांग्रेस की कोई चाल नजर आती है। बहरहाल, दिल्ली विधानसभा चुनाव में किस तरह के किरदार अपनी उपस्थिति दर्ज करवाएंगे, यह तस्वीर अभी साफ नहीं है। अंतिम समय में क्या परिस्थिति बनती है यह समय बताएगा।

## स्पीड न्यूज

### मतकमा चौक पर खुला धान क्रय केंद्र



भुरकुंडा (रामगढ़)। भदानीनगर के मतकमा चौक में देवरिया धान अधिप्राप्ति केंद्र का रविवार को विधायक रोशन लाल चौधरी ने किया उद्घाटन। उन्होंने कहा कि केंद्र के खुलने से किसानों को काफी लाभ होगा। उन्होंने किसानों को बिचौलिए से बचने और केंद्र में ही धान बेचने की अपील की है। बताया गया कि केंद्र में धान अधिप्राप्ति का कार्य शुरू हुआ है। जहां किसानों को प्रति क्विंटल के हिसाब से 2400 रुपये का भुगतान किया जाएगा। मौके पर भाजपा के प्रमंडली प्रभारी योगेश दांगी, आजसू जिलाध्यक्ष दिलीप दांगी, भदानीनगर मंडल अध्यक्ष सागर दांगी, चिकोर पैक्स अध्यक्ष शैलेश कुशवाहा, देवरिया पैक्स अध्यक्ष चिमनी देवी, राजदेव मुंडा सहित कई ग्रामीण मौजूद थे।

### जितेंद्र शर्मा के परिजनों से मिलीं अंबा



भुरकुंडा (रामगढ़)। पटाखे के चिंगारी से घायल सौंदा डी निवासी जितेंद्र शर्मा उर्फ जीतू के परिजनों से मुलाकात को लेकर रविवार को बड़कागांव की पूर्व विधायक अंबा प्रसाद उनके आवास पहुंची। अंबा प्रसाद ने पीड़ित परिवार से मुलाकात कर जितेंद्र का हालचाल जाना। पीड़ित परिवार को हर संभव मदद का आश्वान देते हुए कहा कि जितेंद्र शर्मा उर्फ जीतू के आंखों की रोशनी लाने में हर संभव मदद करूंगी।

### लायंस क्लब ने लगाया जांच शिविर



भुरकुंडा (रामगढ़)। लायंस क्लब ऑफ भुरकुंडा के तत्वावधान में रविवार को भुरकुंडा टेकर स्टैंड स्थित राज नर्सिंग होम में नि:शुल्क बवासीर एवं स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर में रांची के सर्जन डॉ. पंकज के द्वारा लगभग 65 लोगों का जांच किया गया। जिसमें 10 लोग बवासीर से ग्रसित पाये गये। एमजेएफ लायन राजेंद्र महतो ने कहा कि बवासीर से ग्रसित इच्छुक मरीज राज नर्सिंग होम में अपना रजिस्ट्रेशन कराकर किफायती दर पर ऑपरेशन करा सकते हैं। उन्होंने बताया कि मरीजों का सफल ऑपरेशन रांची के सर्जन डॉ. पंकज द्वारा किया जायेगा। शिविर को सफल बनाने में क्लब की अध्यक्ष रेखा वर्णवाल, सचिव अंजू देवी, कोषाध्यक्ष शिवा प्रसाद, जोन चेयरपर्सन एमजेएफ लायन राजेंद्र महतो, जिला चेयरपर्सन अशोक सिन्हा, जिला चेयरपर्सन अखिलेश शर्मा, डॉ. एमके मंजुल, विजयंत कुमार, विजय वर्णाल, निर्मल कुमार सहित क्लब के तमाम लोग जुटे हैं।

### जगन्नाथ मंदिर में लगा भोग



रामगढ़। रामगढ़ नगर परिषद क्षेत्र के कैथा स्थित भगवान जगन्नाथ मंदिर में अगहन पूर्णिमा पर रविवार को फलाहार भोग लगाया गया। तत्पश्चात भगवान जगन्नाथ को खिचड़ी और खीर भोग लगाया लगाया गया । इसके बाद भक्तों के बीच प्रसाद का वितरण किया गया। इस कार्य में मुख्य रूप से मंदिर के मुख्य पुजारी भागवत नारायण चटर्जी ,आशुतोष चटर्जी ,रेणुका चटर्जी, नंदकिशोर गुप्ता अमित सिन्हा ,जीतू अग्रवाल ,मदन गुप्ता ,अरविंद अग्रवाल, विनोद साहू, सुदर्शन महतो ,राजेश महतो ,रूपेंद्र महतो, देवलाल महतो ,सरोज विश्वकर्मा ,तिवारी जी, देवीलाल, परीतोष चटर्जी आदि शामिल हुए।

### सेवा मंच ने गरीबों को दिया कंबल



भुरकुंडा (रामगढ़)। सेवा मंच ने रविवार को भी साप्ताहिक हाट भुरकुंडा में दुर-दराज ग्रामीण क्षेत्रो से दातुन-पत्तल बेचने आने वाले लगभग गरीब-जरूरतमंदों महिला-पुरूष व बच्चों को भोजन कराया। साथ ही बढ़ते ठंड को देखते हुए जन सहयोग के माध्यम से लगभग 100 गरीब-जररूतमंदों के बीच कंबल का भी वितरण किया।डब्लू सिंह ने कहा की गरीबों की सेवा ही मंच का उद्देश्य है जो निरंतर जारी रहेगा। उन्होंने कहा बताया कि जन सहयोग के माध्यम से पिछले 9 वर्षो से मंच द्वारा गरीबो को भोजन कराया जाता रहा है, जो आगे भी जारी रहेगा। कार्यक्रम को सफल बनाने में उमाशंकर जायसवाल, समाजसेवी गिरधारी गोप, प्रेम साहू, दिलीप गंझू, रिंकू वर्णवाल, उदयभान दुबे, कारू यादव आदि का विशेष योगदान रहा।

### उपकारा रामगढ़ में स्वास्थ्य जांच शिविर

रामगढ़। कार्यकारी अध्यक्ष, झालसा, जस्टिस एस एन प्रसाद के निदेर्शानुसार एवं आलोक कुमार दुबे प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश-सह- अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, रामगढ़ के निदेर्शानुसार 15 दिसम्बर को जिला विधिक सेवा प्राधिकार रामगढ़ के तत्वावधान में उपकारा रामगढ़ में जेल अदालत के मौके पर विधिक जागरूकता-सह- स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस स्वास्थ्य जांच शिविर में कुल 249 बंदियों की जांच हुई, जिसमें 14 महिला एवं 235 पुरूष बंदी शामिल थे। इस अवसर पर सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार, रामगढ़ अनील कुमार, प्रभारी काराधीक्षक अरूण कुमार खलखो, प्रभारी कारापाल शंकर कुमार, एलएडीसी चीफ सुजीत सिंह व अन्य उपस्थित थे।

### क्वांट स्टडी सर्कल कोचिंग के पांच छात्रों का एसएससी जीडी व डीआरडीओ में चयन

भुरकुंडा (रामगढ़)। भुरकुंडा पटेलनगर स्थित क्वांट स्टडी सर्कल कोचिंग सेंटर के चार विद्यार्थियों ने एसएससी जीडी और एक छात्र ने डीआरडीओ की परीक्षा में सफलता अर्जित कर माता-पिता, संस्थान और कोयलांचल भुरकुंडा, भदानीनगर आसपास ग्रामीण क्षेत्रों का नाम रोशन किया है। पांचों विद्यार्थियों की सफलता पर हर्ष व्यक्त करते हुए संस्था के निदेशक वसीम अकरम ने बताया कि भदानीनगर के ग्लास फैक्ट्री गुप्ता लाइन निवासी युसूफ अंसारी एवं यासमीन परवीन के पुत्र फैजान कादिर का डीआरडीओ में अंतिम रूप से चयन हुआ है।

# धर्म की रक्षा करें हिंदू समाजः प्रशांत सिंह

## पदमा में विश्व हिंदू परिषद व बजरंग दल की बैठक

खबर मन्त्र संवाददाता



**पदमा।** बजरंग दल शौर्य सभा के निमित्त गांव में श्री राम जन्मभूमि आंदोलन एवं संगठन के कार्य तथा इसके विस्तार पर चर्चा की। संगठन के द्वारा चलाए जा रहे वार्षिक कार्यक्रम धर्म रक्षानिधि के निमित अपने आय के आंशिक सहयोग संगठन को देने का भी आग्रह किया। बजरंग दल जिला संयोजक प्रशांत सिंह ने कहा कि कर सेवकों के द्वारा किए गए बलिदान को आज हिंदू समाज को आत्मसात कर अपने राष्ट्र एवं धर्म की रक्षा करने के लिए आगे बढ़ाने की जरूरत है। जब तक हिंदू समाज में समरसता का भाव अपने मठ मंदिरों के प्रति श्रद्धा एवं मंदिरों में एकत्रित होकर जब तक हिंदू समाज मंगल आरती एवं सत्संग के माध्यम से अपनी चिंतन नहीं करेगी तब तक समाज संगठित नहीं हो पाएगा। परंतु धीरे-धीरे ही सही आज हिंदू समाज अपने मठ मंदिर बहन बेटी एवं धर्म की रक्षा हेतु संगठित होकर अपने हक और अधिकार के लिए लड़ना सीख रहा है। इसी का परिणाम है श्री राम जन्मभूमि पर भव्य मंदिर, धर्म छोड़कर जा चुके लोग आज पुनः घर वापसी कर रहे हैं।

जिहादी मानसिकता अब कमर तोड़ रही है। धर्मांतरण का कार्य करने वाले अब हिंदू बस्तियों को छोड़कर भाग रहे हैं। यह संगठन या राष्ट्र हमें सब कुछ देता है परंतु हमें भी अपने इस संगठन एवं समाज को कुछ देना चाहिए किसी निमित्त धर्म की रक्षा हेतु अपने बहुमूल्य कमाई से कुछ अंश निधि समर्पण के रूप में संगठन को समर्पित करने के लिए भी आग्रह किया। बैठक की अध्यक्षता विश्व हिंदू परिषद के प्रखंड अध्यक्ष राजेश मेहता ने किया संगठन के कार्यों पर बोल देते हुए धर्मांतरण को रोकने पर विशेष योजना पर लोगों से चर्चा किया। बैठक का संचालन प्रखंड मंत्री ऋषिकेश मेहता ने किया एवं उन्होंने संगठन के कार्य प्रणाली से लोगों को अवगत कराया। बैठक में कुछ घोषणा इस प्रकार से की गई ग्राम अध्यक्ष के रूप में नागेश्वर मेहता, ग्राम मंत्री संतोष यादव, ग्राम संयोजक कालेश्वर मेहता, ग्राम साप्ताहिक मिलन प्रमुख जितेंद्र शर्मा, गौ रक्षा प्रमुख विनोद मेहता, सामाजिक समरसता प्रमुख शत्रुघ्न भुइयां, उपाध्यक्ष गणेश मेहता, सहसंयोजक सुनील मेहता सत्संग प्रमुख लक्ष्मण यादव इत्यादि को बनाया गया। बैठक में मुख्य रूप से उपस्थित रहे बजरंग दल जिला संयोजक प्रशांत सिंह, प्रखंड अध्यक्ष राजेश मेहता, प्रखंड मंत्री ऋषिकेश मेहता, सुरक्षा प्रमुख सुरेंद्र मेहता, गौतम राणा, उज्जवल पांडे, कृष्णा मेहता, धनेश्वर प्रसाद मेहता, लक्ष्मण यादव, राजू शर्मा रामकुमार शर्मा, इत्यादि दर्जन ओं हिंदू समाज के लोग उपस्थित रहे।

# भाजपा का वोट प्रतिशत बढ़ा : नंद प्रसाद

## रामगढ़ सदस्यता को लेकर कार्यशाला संपन्न

खबर मन्त्र संवाददाता



**रामगढ़।** भारतीय जनता पार्टी रामगढ़ जिला कार्यालय में आयोजित सदस्यता महापर्व अभियान 2024- 30 को लेकर कार्यशाला का आयोजन जिला अध्यक्ष प्रवीण मेहता की अध्यक्षता में हुआ। संचालन जिला महामंत्री राजू चतुर्वेदी द्वारा किया गया।कार्यशाला में प्रदेश प्रभारी नन्द प्रसाद का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ । कार्यशाला का उद्घाटन प्रदेश प्रभारी नन्द प्रसाद, जिला अध्यक्ष प्रवीण मेहता, रंजीत कुमार सिन्हा , राजेन्द्र कुशवाहा सहित आए अतिथियों द्वारा डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी, पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेई के चित्र पर माल्यार्पण कर तथा दीप प्रज्जवलित कर किया गया। मुख्य अतिथि सहित सभी अतिथियों को अंगवस्त्र और पुष्प देकर मंडल अध्यक्षों द्वारा सम्मानित किया गया। प्रदेश मंत्री सह प्रदेश प्रभारी नन्द प्रसाद ने कार्यशाला में शामिल कार्यकर्ताओं का उत्साह बढ़ाते हुए कहा कि विधानसभा चुनाव परिणाम ने बूथ के कार्यकर्ताओं को निराश किया है लेकिन भाजपा का वोट प्रतिशत बढ़ा है। हम भाजपा कार्यकर्ता संघर्ष की ऊपज है। निराश होने की आवश्यकता नहीं है आनेवाला समय में सकारात्मक परिणाम के साथ हम आगे बढ़ेंगे। सदस्यता महापर्व में रामगढ़ जिला पूरे प्रदेश में नम्बर एक पर विराजमान होगा। बूथ अध्यक्ष,शक्ति केन्द्र के संयोजक तथा सह संयोजक और मंडल के अध्यक्ष और उनके टोली द्वारा पूरे मन से सदस्यता अभियान को गति देने में अपना सर्वश्रेष्ठ देने के भाव के साथ लगेंगे। जिला अध्यक्ष प्रवीण मेहता ने सदस्यता अभियान में बूथ अध्यक्ष की भूमिका को महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने प्रदेश से लेकर बूथ अध्यक्ष तक के सदस्यता महापर्व में दिए लक्ष्य को रेखांकित किया। बताया कि रामगढ़ जिला से इस बार 7 लाख सदस्य बनाने का संकल्प लिया गया है। धन्यवाद ज्ञापन जिला महामंत्री विजय जायसवाल द्वारा किया गया। कार्यशाला में जिला संयोजक राजेन्द्र कुशवाहा, डॉ संजय कुमार सिंह ने भी अपने विचार रखे। मौके पर रंजीत कुमार सिन्हा, चन्द्रशेखर चौधरी, इलारानी पाठक,किरण देवी, संजीव कुमार बबला, रंजन फौजी, बलराम महतो, दिनेश प्रसाद,महेन्द्र प्रजापति, जिला मंत्री दिलीप सिंह, लक्ष्मी देवी,सरदार अनमोल सिंह, संजय प्रभाकर, राजीव पामदत्त, भीमसेन चौहान, अर्जुन यादव, अखिलेश प्रसाद, प्रो खिरोधर साहु,खुशी लाल महतो , सुखदेव प्रसाद,योगेश महतो, विनोद कुमार, डॉ विनोद कुमार ठाकुर , राजीव जायसवाल, पंकज साह, दीपक सोनकर, मनोज महतो मोर्चा जिला अध्यक्ष शीतल सिंह, सन्नी कुशवाहा, रिंकू प्रसाद, शंकर करमाली, वारिश खान, रीति श्रीवास्तव, सूर्यवंश श्रीवास्तव, मनोज गिरि संजय साह, राजेश कुमार व अन्य उपस्थित थे।

### मनोज यादव ने किया धान अधिप्राप्ति केंद्र का उद्घाटन



**बरही।** रसोईया धमना स्थित पैक्स में धान अधिप्राप्ति केंद्र का उद्घाटन विधायक मनोज कुमार यादव ने किया। विधायक मनोज ने कहा कि इस केंद्र के शुभारंभ से क्षेत्र के किसानों को धान की बिक्री में अधिक सुविधा और पारदर्शिता प्राप्त होगी। विधायक ने अपने संबोधन में कहा कि केंद्र सरकार और राज्य सरकार किसानों की बेहतरी के लिए लगातार प्रयासरत हैं। इस धान अधिप्राप्ति केंद्र के माध्यम से किसानों को अपनी उपज का उचित मूल्य मिलेगा, साथ ही बिचौलियों की समस्या से भी राहत मिलेगी। उन्होंने बताया कि सरकार की योजनाओं का उद्देश्य कृषि को सुदृढ़ करना और किसानों की आय को दोगुना करना है। विधायक यादव ने कहा कि धान अधिप्राप्ति केंद्र के संचालन से क्षेत्र के कृषि विकास में नए अवसर पैदा होंगे। इससे न केवल किसानों को सीधा लाभ होगा।

# पीवीयूएनएल ने शुरू किया विशेष प्रशिक्षण




भुरकुंडा (रामगढ़)।सामुदायिक विकास कार्य के अंतर्गत स्थानीय समुदाय को सशक्त बनाने और युवाओं को रोजगार योग्य कौशल प्रदान करने की दिशा में पीवीयूएनएल ने शनिवार को एसी और वॉटर पंप मरम्मत पर दो महीने का आवासीय प्रशिक्षण कार्यक्रम की शुरूआत की।

आसपास के 13 गांवों के 20 छात्रों को राजकीय मिनी टूल रूम, रांची में प्रशिक्षण के लिए आरके सिंह मुख्य कार्यकारी अधिकारी द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। कार्यक्रम के दौरान पीवीयूएनएल के सीईओ आरके सिंह ने छात्रों और उनके अभिभावकों के साथ वार्ता की। उन्होंने जीवन में सफलता के लिए रोजगारपरक कौशल प्रशिक्षण और कड़ी मेहनत के महत्व पर बल दिया। उन्होंने इस कार्यक्रम को युवाओं के उज्जवल भविष्य की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया। उपरोक्त प्रशिक्षण हेतु कुल 30 छात्रो को राजकीय मिनी टूल रूम रांची में प्राधिकृत किया जाएगा। जिसमें 20 छात्रो को ट्रेनिंग हेतु रवाना किया गया। साथ ही यथाशीघ्र 10 और छात्रो को भेजा जाएगा। कहा गया कि यह पहल न केवल युवाओं को रोजगार के लिए तैयार करेगी, बल्कि स्थानीय समुदाय के समग्र विकास में भी योगदान देगी। मौके पर पीवीयूएनएल के वरिष्ठ अधिकारी अनुपम मुखर्जी, (जीएमपी), देवदीप बोस (जीएम ओएंडएम), मनीष खेत्रपाल (जीएम रख-रखाव) और मानव संसाधन प्रमुख जियाउर रहमान सहित बलकुदरा पंचायत के मुखिया विजय मुंडा और दर्जनों ग्रामीण मौजूद थे।

### कायस्थ महासभा के युवा प्रकोष्ठ के कार्यकारिणी गठित

हजारीबाग। विवेकानंद जयंती को धूमधाम से मनाने को लेकर अखिल भारतीय कायस्थ महासभा जिला इकाई हजारीबाग के अंतर्गत अखिल भारतीय कायस्थ महासभा युवा प्रकोष्ठ के 11 सदस्यीय कार्यकारणी का गठन जिला अध्यक्ष अरुण प्रभात सिन्हा की अध्यक्षता में युवा प्रकोष्ठ के अध्यक्ष नवीन सिन्हा के संत विनोबा नगर सिंदूर हजारीबाग के निवास पर संपन्न हुआ। जिसमें अध्यक्ष के रूप में नवीन सिन्हा, वरीय उपाध्यक्ष- धीरज सिन्हा उपाध्यक्ष- अमित सहाय, उपाध्यक्ष- जयदीप सिन्हा, सचिव- अंशुमन सिन्हा, सहसचिव- रोहित कटारिया, कोषाध्याय- मनीष कुमार सिन्हा सह कोषाध्यक्ष- पंकज कुमार सिन्हा, संगठन मंत्री- हेमंत सिन्हा, सह संगठन मंत्री- अजय किशोर अंबष्ट, कार्यकारिणी सदस्य- श्री रितेश कुमार सिन्हा एवं श्री आशीष कुमार सिन्हा को बनाया गया। बैठक में कायस्थ महासभा जिला इकाई के जिला कार्यकारी अध्यक्ष बृजमोहन प्रसाद, जिला उपाध्यक्ष ठाकुर विभूति कुमार सिन्हा,जिला संगठन मंत्री अजय अंबष्ट, अनूप सिन्हा,संजय कुमार सहित कई चित्रांश लोग उपस्थित थे।

# चिमनी भट्ठों पर पहुंच रहा है अवैध कोयला

खबर मन्त्र संवाददाता

- तस्करों के साथ साठगांठ से भट्ठा संचालक कर रहें हैं मोटी कमाई
- अवैध मुहाना बनाकर निकाला जा रहा है अवैध कोयला



**कुजू।** क्षेत्र के कुजू कोलियरी पानी टंकी जंगल के पास इन दिनों अवैध कोयला का कारोबार जोरो से जारी है। साथ ही अवैध कोयला से क्षेत्र के चिमनी भटा फल-फूल रहा है। चिमनी भट्ठा के संचालक भी ज्यादा कमाई को लेकर कोयला तस्करों के साथ मिलकर इस तरह के कामो को अंजाम दे रहे है। कुजू कोलियरी जंगल में अवैध मुहाना बनाकर दिन दहाड़े कोयला तस्कर कोयला निकाल भंडारण करने में लगे है।

रात में ट्रैक्टर, बाइक और साइकिल के माध्यम से ईंट भट्ठों में आसानी से कोयला पहुंच रहा है। इतना ही नहीं सीसीएल की बंद खदानों सहित दामोदर नदी के किनारे व जंगलों के बीच भट्ठों में अवैध उत्खनन कर कोयला पहुंचाने के लिए कई जगह सुरंग भी बनाए गए हैं। इसमें कभी भी हादसा होने की संभावना बनी रहती है। क्षेत्र के तिलैया टांड़, करमा, कुजू कोलियरी, कुजू-मांडू सीमांकण बंदराचुंआ के पास बने चिमनियों व बंगला ईंट भट्ठों में कोयले का आपूर्ति कहां से हो रही है ये बात लोगों के बीच चर्चा का विषय बना है। बताया जाता है कि अवैध उत्खनन के कोयले से दर्जनों बंग्ला व फिक्स चिमनी ईंट भट्ठा सुलग रहे हैं।

वहीं पेट की आग बुझाने के लिए मजदूर वर्ग के लोग जानलेवा सुरंगों में घुसकर अवैध कोयले को निकालते हैं। बाद में तस्कर औने पौने दाम में अवैध कोयले को खरीदकर भट्ठों में पहुंचाकर मोटी रकम वसूल रहे हैं। इससे प्रतिदिन राज्य सरकार को लाखों रुपये के राजस्व की क्षति हो रही है। सूत्र बताते हैं कि कोयले के अवैध उत्खनन कार्य में कई चिमनी व बंगला ईंट भट्ठा संचालकों के अलावा कई कोयला तस्कर शामिल है। जो रात के अंधेरे में धड़ल्ले से कोयला तस्करी का व्यापार कर रहे हैं। क्षेत्र के कुजू कोलियरी व कुजू-मांडू सीमांकन बर बने चिमनी पर इन दिनों कोयला पहुंचाया जा रहा है। रोजाना ट्रैक्टरों व हाइवा से मुहानों से निकाले गये कोयला को जंगलो के रास्ते पहुंचाकर मोटी कमाई कर रहे है। इस खेल में तस्करो के साथ-साथ चिमनी भठ्टा के संचालक भी शामिल हैं।

## एक नजर में

### इचाक :अलौंजा पैक्स में खुला धान क्रय केंद्र



इचाक। अलौंजा पंचायत में पहल करते हुए अलौंजा पैक्स का उद्घाटन इचाक प्रखंड मुखिया संघ के अध्यक्ष सकेन्द्र प्रसाद मेहता ने फीता काटकर किया। उन्होंने कहा कि अब हमारे पंचायत के किसानों को अपना धान दूसरे पंचायतों में ले जाने की आवश्यकता नहीं होगी। अलौंजा पैक्स में ही आप सभी अपना धान पैक्स में दे सकते हैं और सरकार द्वारा निर्धारित 2400 प्रति क्विंटल समर्थन मूल्य का सीधा लाभ प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने किसानों से आग्रह किया कि वे किसी भी प्रकार के बिचौलियों के जाल में न फंसे और अपने धान की बिक्री सीधे पैक्स के माध्यम से करें।

### टाटीझरिया में जन शिकायत समाधान 18 को

टाटीझरिया । टाटीझरिया थाना परिसर में झारखंड पुलिस का जन शिकायत समाधान कार्यक्रम बीते कुछ माह पूर्व में किया गया था । पुनः डीजीपी अनुराग गुप्ता ने जिले के सभी एसपी एसएसपी को आदेश जारी किया है। जारी आदेश में कहा गया है कि आम नागरिकों की शिकायत को सुनवाई त्वरित और प्रभावी निवारण के लिए सभी जिला में जन शिकायत कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। इस संबंध में दोबारा पूर्व में आयोजित स्थान पर 18 दिसंबर को सभी जिला में जन शिकायत समाधान का आयोजन किया जाएगा।इससे पहले डीजीपी अनुराग गुप्ता के निदेर्शों पर इस कार्यक्रम की शुरूआत 10 सितंबर से हुई थी। पुलिस आम लोगों की सुनेगी समस्या और करेगी समाधान । लेकिन यह सिर्फ कहावतें बनकर रह गई विगत कई मामले ऐसे है जिसका निवारण भुक्तभोगीयों द्वारा दिए गए लिखित आवेदन थाना में देने के बाद भी टाटीझरिया पुलिस प्रशासन मामले को संज्ञान नहीं ले रहे है।

### सीआइएसएफ ने जीता वाद विवाद प्रतियोगिता

हजारीबाग। केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल सीआईएसएफ, ने एक बार पुनः 29 वीं अंतर केन्द्रीय सशस्त्र पुलिस बल वाद विवाद प्रतियोगिता में ओवर ऑल सर्वश्रेष्ठ टीम रोलिंग ट्रॉफी जीती, जिसका आयोजन राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग एनएचआरसी, के तत्त्वावधन में सीमा सुरक्षा बल बीएफएफ द्वारा अटल अक्षय उर्जा भवन लोधी रोड नई दिल्ली में किया गया था। सीआईएसएफ द्वारा इस प्रतिष्ठित ट्रॉफी को 10वीं बार जीता गया है, जो बल के निरंतर बेहतर प्रदर्शन और बौद्धिक क्षमता को भी प्रदर्शित करता है। प्रतिवर्ष आयोजित होने वाली यह प्रतियोगिता केन्द्रीय सशस्त्र पुलिस बलो के सदस्यों के लिए मानवाधिकार मुद्दों के बारे में अपने ज्ञान और समझ को प्रदर्शित करने के लिए एक महत्वपूर्ण मंच के रुप में कार्य करती है।

### दारू में पांच पशु के साथ तस्कर गिरफ्तार

**दारु।** पुलिस ने रविवार की सुबह एंटी क्राइम चेकिंग के दौरान एक वाहन में सवार पांच गौवंशीय पशु के साथ एक पशु तस्कर वाहन के साथ पकड़ाया । पुलिस ने इस मामले में दारू थाना में कांड संख्या 158/ 24 में मामला दर्ज करते हुए आरोपी विक्की कुमार साहू पिता विष्णु देव साव केंदुवा धनबाद निवासी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया ।इस मामले में आरोपी के एक दोस्त के खिलाफ भी मामला दर्ज किया गया है। बरामद पशुओं को गौशाला हजारीबाग भेज दिया गया ।थाना प्रभारी शफीक खान ने बताया कि एक वाहन में पांच गौवंशीय पशु को लाद कर बिहार से धनबाद ले जाया जा रहा था, तभी दारु थाना के पास सुबह छह बजे वाहन चेकिंग के दौरान वाहन सहित तस्कर पकड़ा गया।

### दारू पैक्स में धान क्रय केंद्र का उद्घाटन



दारू। दारू पंचायत के प्राथमिक कृषि साख समिति भवन मे धान अधिप्राप्ति केंद्र का उद्घाटन दारू पंचायत मुखिया सुनील कुमार प्रखंड खाद्य पदाधिकारी आशीष कुमार और प्रखंड कृषि पदाधिकारी गंगा सागर ने उद्घाटन किया। कार्यक्रम के दौरान एम ओ आशीष कुमार ने पैक्स की महत्व और भविष्य की योजना की जानकारी केंद्र मे उपस्थित किसानों को दी। सुनील कुमार ने बताया कि पैक्स के खुलने से दारू प्रखंड के किसानो को अपना धान अब बिचौलियो को देने की जरूरत नहीं है आप बिना किसी दलाल के सीधा पैक्स केंद्र मे लाकर अपना धान दे आप को सरकार की निर्धारित कीमत दी जायेगी। मौके पर मुख्य रूप से भाजपा मण्डल अध्यक्ष अशोक कुशवाहा, पूर्व विधायक प्रतिनिधि बालदेव बाबू, रंजीत सिन्हा, प्रमोद कुमार, खिरोधर प्रसाद, राजेश कुमार, विजय प्रसाद, लक्ष्मण कुमार, सहित कई किसान और ग्रामीण उपस्थित थे।

### कटकमसांडी : धान अधिप्राप्ति केंद्र खुला



कटकमसांडी। हजारीबाग सदर विधानसभा क्षेत्र के कटकमसांडी प्रखंड के बाझा गांव में प्राथमिक कृषि साख समिति (पैक्स)धान अधिप्राप्ति केन्द्र और बलबल अधिप्राप्ति केंद्र और आरभूषाई धान अधिप्राप्ति केंद्र का शुभारंभ हजारीबाग सदर विधायक प्रदीप प्रसाद और जिला सांसद प्रतिनिधि अनिल मिश्रा के कर-कमलों द्वारा किया गया। इस ऐतिहासिक अवसर पर क्षेत्र के सैकड़ों ग्रामीण, किसान, जनप्रतिनिधि, पंचायत समिति के लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान पैक्स की भूमिका, महत्व और भविष्य की योजनाओं पर चर्चा की गई। पैक्स का उद्देश्य किसानों और ग्रामीण समुदाय को सशक्त बनाना है। इसके तहत किसानों को उन्नत कृषि उपकरण, बीज, खाद, कीटनाशक और अन्य सुविधाएं रियायती दर पर उपलब्ध होंगी। साथ ही समय पर कृषि ऋण और उत्पाद के भंडारण व विपणन की सुविधा भी दी जाएगी।

### विधायक ने कई धान क्रय केंद्र का किया उद्घाटन



बड़कागांव। प्रखंड के विभिन्न पैक्सों में धान क्रय केंद्र का उद्घाटन मुख्य अतिथि विधायक रोशन लाल चौधरी ने सांढ़ पंचायत ,नापोखुर्द, हरली, गोंदलपूरा, आँगों, तलसवार,बादम,नया टांड,बड़कागांव पश्चिमी एंव गरसुला में पैक्स लिमिटेड में धान अधिप्राप्ति केन्द्र का उद्घाटन फीता काटकर व नारियल फोड़कर किया । इस अवसर पर नयाटांड पैक्स अध्यक्ष एवं भाजपा मंडल अध्यक्ष खेमलाल महतो व सांढ़ पैक्स लिमिटेड के पैक्स अध्यक्ष तापेश्वर कुमार ने कहा कि किसानों का धान सरकारी दर ?2400 प्रति क्विंटल के हिसाब से खरीदा जाएगा। इस दौरान मुख्य अतिथि विधायक रोशन लाल चौधरी ने कहा कि पैक्स केंद्र खुलने से किसानों को काफी लाभ होगा। मौके पर उप प्रमुख वचन देव कुमार, मुखिया संघ प्रखंड अध्यक्ष रंजीत कुमार, आजसू केंद्रीय सदस्य संदीप कुशवाह ,सोहनलाल मेहता, नागेश्वर तुरी, तुलेश्वर राम ,मुरली प्रसाद, दिनेश मेहता, घनश्याम मेहता, पप्पू प्रसाद, तपेश्वर कुमार, विक्रम निशांत, पिंटू कुमार, कृष्णा यादव,सजंय कुमार,उपेंद्र कुमार,मुखिया बासुदेव यादव,राजा खान, कुलेश्वर राम,प्रवीण कुमार ,राजू सोनी, सहित अन्य लोग शामिल थे।

# पुलिस ने अंतरराज्यीय चोर गिरोह का किया खुलासा, दो आरोपी गिरफ्तार

- चोरी के जेवर खरीदने वाला दुकानदार भी गिरफ्तार
- दो हथियार, 6 जिंदा कारतूस, मोटरसाइकिल व चोरी के पिघला हुआ 45 ग्राम सोना बरामद



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**कोडरमा।** कोडरमा पुलिस ने एक अंतरराज्यीय चोर गिरोह का खुलासा करते हुए दो आरोपियों के साथ साथ चोरी के जेवर खरीदने के आरोपी को भी गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से पुलिस ने एक देशी पिस्टल, एक देशी कट्टा, 6 जिंदा कारतूस, एक मोटरसाइकिल जेएच12क्यू-6456, 45.5 ग्राम पिघला हुआ सोना बरामद किया है। वहीं पकड़े गए आरोपियों में ककरचोली जयनगर निवासी दौलत साव उर्फ शंकर साव उर्फ तेलिया पिता अंगद साव, लोकाई कोडरमा निवासी अनुज साव पिता स्व महेश साव, चोरी के जेवर खरीदने के आरोपी गोल्डल ज्वेलर्स के मालिक कोडरमा निवासी धर्मेंद्र वर्मा के नाम शामिल है। उपरोक्त जानकारी रविवार को आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान एसपी अनुदीप सिंह ने देते हुए बताया कि पिछले कुछ दिनों से एक चोर गिरोह द्वारा जिले के जयनगर, चंदवारा व डोमचांच थाना क्षेत्रों में कई चोरी की घटना को अंजाम देने का प्रयास कर रहा था, इस सम्बंध में तीनों थाना में मामला भी दर्ज किया गया था, मामले की जांच के क्रम में पाया गया कि यह एक अंतरराज्यीय चोर गिरोह है, जो झारखंड समेत अन्य राज्यों के कई जगहों पर चोरी की बड़ी घटनाओं को अंजाम दे चुका है, जिसके बाद मामले का उद्भेदन के लिए डीएसपी मुख्यालय रतिभान सिंह के नेतृत्व में एक पुलिस टीम गठित किया गया, टीम के द्वारा तकनीकी सेल के सहयोग से उक्त दोनों आरोपियों को हथियार के साथ गिरफ्तार किया गया। वहीं पूछताछ के दौरान दोनों आरोपियों ने अपनी संलिप्तता स्वीकार करते हुए बताया कि चोरी के जेवर को झुमरीतिलैया के गोल्डन ज्वेलर्स के मालिक धर्मेंद्र वर्मा पिता कपिलदेव प्रसाद वर्मा को बेचा जाता है, जिसके बाद उक्त जेवर दुकान के मालिक को भी गिरफ्तार किया गया। वहीं एसपी ने बताया कि पकड़े गए दौलत साव और अनुज साव के मुताबिक इनके गिरोह में 8-10 लोग शामिल हैं, जो अलग-अलग जगहों पर जाकर पहले चिन्हित दुकानों का रेकी करते हैं, उसके बाद चोरी की घटजा को अंजाम दिया जाता था। उन्होंने बताया कि पकड़े गए आरोपियों का आपराधिक इतिहास रहा है। इन आरोपियों के विरुद्ध जयनगर व कोडरमा में दो मामले, धनबाद जिले में 4, रांची के डोरंडा में एक मामला दर्ज है। वहीं एसपी ने यह भी बताया कि गिरोह का एक और सदस्य सिवान, बिहार के अजय चौहान उर्फ योगेंद्र महतो उर्फ मास्टर विक्रम है जो अभी फरार है, जल्द ही उसे गिरफ्तार कर लिया जाएगा। मौके पर तिलैया थाना प्रभारी विनय कुमार, जयनगर थाना प्रभारी बबलू कुमार, चंदवारा थाना प्रभारी अरविंद कुमार, एसआई विकास कुमार, नरहरि सिंह मुंडा आदि मौजूद थे।

## स्पीड न्यूज

### धान अधिप्राप्ति केंद्र का मुखिया ने किया उद्धघाटन



**सतगावां (कोडरमा)।** प्रखंड मुख्यालय स्थित समलडीह पैक्स में रविवार को खरीफ विपगन वित्तीय वर्ष 2024-25 के तहत धान अधिप्राप्ति को लेकर क्रय केंद्र का शुभारंभ किया गया। क्रय केंद्र का उद्घाटन स्थानीय मुखिया मंजू देवी ने विधिवत पूजा अर्चना कर व फीता काटकर की। वहीं उन्होंने कहा कि क्रय केंद्र में किसानों को प्रति क्विंटल बोनस समेत 2400 रुपये का भुगतान किया जायेगा। वहीं पैक्स अयक्ष राजेश यादव ने बताया कि केंद्र पर 15 नवंबर 2024 से 31 मार्च 2025 तक धान का क्रय किया जायेगा। वहीं प्रत्येक किसान अधिकतम 200 क्विंटल धान बेच सकते हैं। मौके पर प्रखंड प्रमुख प्रतिनिधि रामावतार चौधरी, सांसद प्रतिनिधि अनिल यादव, मुखिया प्रतिनिधि शंकर यादव, सुरेंद्र पांडेय, तारणी सिंह, विकास कुमार, विवेका पांडेय, शंकर वघेला समेत कई लोग मौजूद थे।

### डीएवी स्कूल के पीछे का गेट खोलने की मांग तेज

**टंडवा (चतरा)।** डीएवी स्कूल के अभिभावकों ने स्कूल के पीछे का मेन गेट खोलने की मांग उठाई है। अभिभावकों का कहना है कि थाना रोड पर बाउंड्री होने के कारण कुछ बच्चे भयभीत महसूस करते हैं, और मेन गेट के पास हमेशा खतरा बना रहता है। इस मुद्दे को लेकर भाजयुमो जिला महामंत्री और अभिभावक विकास मालाकार ने एनटीपीसी प्रबंधन से गेट को अविलंब खोलने की अपील की है। उन्होंने कहा कि बच्चों की सुरक्षा और सुविधा को ध्यान में रखते हुए यह कदम आवश्यक है। अभिभावकों का मानना है कि गेट खुलने से बच्चों को सुरक्षित माहौल मिलेगा और स्कूल आने-जाने में भी सहूलियत होगी। एनटीपीसी प्रबंधन से इस पर जल्द सकारात्मक कदम उठाने की उम्मीद जताई जा रही है।

### 7 एकड़ में फैली अवैध अफीम की खेती नष्ट

**चतरा।** जिले के वशिष्ठनगर थाना क्षेत्र के ग्राम गुबे में पुलिस और वन विभाग की संयुक्त कार्रवाई में 7 एकड़ भूमि पर फैली अवैध अफीम की खेती को नष्ट किया गया। यह अभियान प्रशासन की मादक पदार्थों के खिलाफ चल रही कार्रवाई का हिस्सा था। कार्रवाई के दौरान अधिकारियों ने ग्रामीणों को अफीम की खेती के दुष्प्रभावों और इसके कानूनी परिणामों के बारे में जागरूक किया। प्रशासन ने स्पष्ट किया कि अवैध खेती करने वालों पर सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। इस संयुक्त अभियान में पुलिस और वन विभाग के अधिकारियों ने सक्रिय भूमिका निभाई। अधिकारियों ने बताया कि यह कदम क्षेत्र में मादक पदार्थों की समस्या पर नियंत्रण के लिए उठाया गया है। आगे की जांच और कानूनी प्रक्रिया जारी है।

## एक नजर में

### भाजपा युवा मोर्चा ने राज्य सरकार का पुतला फूंका



**चतरा।** जेएसएससी-सीजीएल परीक्षा में हुई गड़बड़ी और न्यायालय में लंबित मामले पर आयोग द्वारा परिणाम जारी करने के विरोध में भाजपा युवा मोर्चा ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का पुतला दहन किया। कार्यक्रम का नेतृत्व भाजयुमो जिलाध्यक्ष सुमन औरत ने किया। जिलाध्यक्ष सुमन औरत ने कहा कि झारखंड सरकार युवाओं के साथ धोखा कर रही है। जेएसएससी-सीजीएल परीक्षा में बड़े पैमाने पर गड़बड़ी हुई है, जिससे गरीब और मेहनती छात्रों के सपनों को चकनाचूर कर दिया गया है। उन्होंने आरोप लगाया कि परीक्षा परिणाम में बाहरी युवाओं और मंत्रियों के रिश्तेदारों को प्राथमिकता दी गई है, जबकि झारखंड के मेधावी छात्रों का भविष्य अंधकार में है। इस विरोध प्रदर्शन में भाजपा जिला महामंत्री मिथिलेश गुप्ता, जिला उपाध्यक्ष सागर साहू, प्रदेश मंत्री अमित साहू, मंडल अध्यक्ष संजय प्रजापति, युवा मोर्चा के जिला महामंत्री जितेंद्र पांडे, मनीष सिंह, राजेश्वर साहू समेत सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे। भाजयुमो ने चेतावनी दी कि यदि सरकार गड़बड़ी की जांच नहीं कराती और परिणाम को पारदर्शी नहीं बनाती, तो राज्यव्यापी आंदोलन किया जाएगा। इस विरोध प्रदर्शन में युवा कार्यकर्ताओं ने सरकार की नीतियों की जमकर आलोचना की।

### ग्राम संगठन की बैठक में महिलाओं को दिए गए निर्देश



**गिद्धौर (चतरा)।** प्रखंड के सलगा गांव में सलगा प्लस कटघरा आजीविका महिला ग्राम संगठन की बैठक रविवार को आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता तुना देवी ने की, जबकि संचालन गायत्री देवी ने किया। इस दौरान संगठन की सचिव सुनीता देवी और कोषाध्यक्ष नीतू देवी भी उपस्थित रहीं। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि संगठन से जुड़े सभी महिला समूह, जिन्होंने ऋण लिया है, उसे समय पर चुकाएं। यह कदम संगठन की ग्रेडिंग में सुधार लाने और भविष्य में महिलाओं को अधिक सम्मान दिलाने के उद्देश्य से उठाया गया है। बैठक में उषा देवी, रेखा देवी, बेबी देवी, जमुना देवी समेत दर्जनों महिलाएं मौजूद थीं। उन्होंने संगठन के निर्देशों का पालन करने और समूह की बेहतरी के लिए मिलकर काम करने की प्रतिबद्धता जताई। संगठन की ओर से महिलाओं को अपने आर्थिक संसाधनों को बेहतर तरीके से प्रबंधित करने और सामाजिक व आर्थिक सशक्तिकरण के लिए आगे आने के निर्देश दिए गए। यह बैठक महिलाओं के बीच संगठनात्मक एकता और आर्थिक जागरूकता बढ़ाने का एक सकारात्मक प्रयास रहा।

### साईं वॉटसन ने बीसीए ए को 18 रनों से हराया



**गिद्धौर (चतरा)।** जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम, गिद्धौर में चतरा जिला क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वावधान में खेले गए मैच में साईं वॉटसन ने बीसीए ए को 18 रनों से हराया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए साईं वॉटसन ने निर्धारित 30 ओवर में 4 विकेट खोकर 211 रन बनाए। टीम के लिए भरत कुमार ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 80 रनों की पारी खेली, जबकि उज्ज्वल ने 39 रनों का योगदान दिया। बीसीए ए की ओर से चंदन, सिवा, आयुष और अर्चित ने 1-1 विकेट लिए। 211 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी बीसीए ए की टीम 29.1 ओवर में 194 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। टीम के लिए सौरभ गिरी ने सर्वाधिक 41 रन बनाए, जबकि सौरभ यादव ने 28 रनों का योगदान दिया। साईं वॉटसन के गेंदबाजों ने अनुशासित प्रदर्शन करते हुए अपनी टीम को 18 रनों की जीत दिलाई। मैच में बेहतरीन प्रदर्शन के लिए भरत कुमार को मैन ऑफ द मैच चुना गया। अंपायर की भूमिका रिशु कुमार ने निभाई, जबकि स्कोरिंग का कार्य सचिन ने किया। इस मौके पर चतरा जिला क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष विनय सिंह, सह सचिव आशुतोष, कोषाध्यक्ष सरोज सिन्हा, सदस्य मिथिलेश कुमार राय, जिला क्रिकेट लीग अध्यक्ष प्रेम राणा और हरिओम केसरी सिंह समेत कई गणमान्य लोग मौजूद थे।

### टंडवा में एच.एन. इंडस्ट्री का भव्य उद्धाटन, रोजगार के नये अवसर



**टंडवा (चतरा)।** अब टंडवा भी बड़ी शहरों की तर्ज पर औद्योगिक विकास की ओर कदम बढ़ा रहा है। सोमवार को एच.एन. इंडस्ट्री का उद्धाटन सिमरिया विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक किशुन कुमार दास ने फीता काटकर विधिवत किया। यह फैक्ट्री चतरा जिले की पहली ऐसी इकाई है, जहां नव ओवेन बैग की मैन्युफैक्चरिंग और प्रिंटिंग की जाएगी। फैक्ट्री संचालक विवेक कुमार ने बताया कि अब स्थानीय व्यवसायियों को प्रिंटिंग थैलों की जरूरत के लिए कोलकाता या दिल्ली जाने की आवश्यकता नहीं होगी। उचित मूल्यों पर उच्च गुणवत्ता वाले ग्रीन प्रोडक्ट्स स्थानीय स्तर पर उपलब्ध होंगे। इस फैक्ट्री की एक खासियत यह भी है कि इसका मैन्युफैक्चरिंग प्रोसेस पर्यावरण के अनुकूल है और इससे किसी प्रकार का प्रदूषण नहीं होगा। स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार का बड़ा अवसर बनते हुए, यह फैक्ट्री विकास की दिशा में अहम योगदान देगी। उद्धाटन समारोह में उपस्थित लोगों में अजित कुमार बिद्धु, पवन भास्कर, रंजीत गुप्ता, मीनू गुप्ता, राहुल कुमार, जितेंद्र प्रसाद, संतोष कुमार और बिगुल प्रसाद समेत दर्जनों गणमान्य शामिल थे।

## पप्पू मेहता नॉकआउट क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला में वार्ड नंबर 7 बना विजेता



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**डोमचांच (कोडरमा)।** पप्पू मेहता डोमचांच नगर पंचायत नॉक आउट क्रिकेट टूर्नामेंट का 7वां सीजन का फाइनल मुकाबला वार्ड नंबर 7 और वार्ड नंबर 2 के बीच रविवार को डोमचांच हाई स्कूल के पानी टंकी मैदान में खेला गया। वहीं खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाने के लिए पहली बार चियर्स लीडर्स भी रही। मैच का उद्घाटन नगर अध्यक्ष उम्मीदवार पप्पू मेहता एवं प्रमुख ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। वहीं मुख्य रूप से प्रखंड प्रमुख, नवलशाही थाना प्रभारी शशिभूषण, महिला थाना प्रभारी पिंकी रानी, एसआई सुबोध पाठक, आयोजक के रूप में भीम सिंह उपस्थित हुए। वहीं फाइनल मैच में वार्ड नंबर 7 ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने का फैसला लिया एवं बल्लेबाजी करते हुए 16 ओवर में 4 विकेट खोकर 163 रन बनाई। वहीं जवाबी पारी खेलने उतरी वार्ड 2 की टीम पर शुरुआत से ही वार्ड 7 की टीम ने दबाव बनाकर रखा था एवं अंततः वार्ड 2 की टीम 109 रनों पर ही सिमट गई। इस प्रकार वार्ड 7 की टीम ने 54 रनों से फाइनल मैच की ट्रॉफी अपने नाम किया। वहीं विजेता टीम को 11 हजार रूपये नगद तथा ट्रॉफी व उपविजेता टीम को 5 हजार रूपये नगद व ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। इसके अलावा मैन ऑफ द मैच, मैन ऑफ द सिरीज, बेस्ट बल्लेबाज, बेस्ट बॉलर की ट्रॉफी दी गई। वहीं स्पॉन्सर पप्पू मेहता ने उपविजेता टीम को कहा कि हार जीत लगी रहती है आज हारे हैं तो कल जीतेंगे, हमें हमेशा प्रयास करते रहना चाहिए। वहीं विजेता टीम को उन्होंने जीत की बधाई देते हुए कहा कि आप इसी तरह खेलें और तरक्की के आयाम तक पहुंचे। उन्होंने कहा कि मेरा प्रयास हमेशा रहता है कि हमारे क्षेत्र में जो भी प्रतिभावान खिलाड़ी हैं या प्रतिभावान लोग हैं, उनको एक मंच दिया जाए ताकि वह अपनी प्रतिभा को दिखा सकें और आगे बढ़ सकें। मौके पर दिलीप मेहता, संजय मेहता, परवेज खान, महेंद्र मेहता, गुड्डू यादव, महेंद्र कुमार, डॉ. विनोद कुमार, महेंद्र मेहता, विक्की कुमार समेत सैकड़ो खेल प्रेमी मौजूद थे।

## 18 घण्टे तक रांची-पटना रोड रहा जाम, यात्रियों को हुई भारी परेशानी

- कोडरमा घाटी में टेलर पलटने से हुआ था सड़क जाम

**खबर मन्त्र संवाददाता**



कोडरमा। बिहार झारखंड के लिए लाइफ लाइन माना जाने वाला रांची पटना रोड 18 घंटे तक जाम रहने के बाद यातायात व्यवस्था रविवार दोपहर के बाद सामान्य हुआ, जिससे यात्रियों को काफी परेशानी हुई। खास कर जाम में फंसे महिलाएं और बच्चों को कई परेशानियों का सामना करना पड़ा। वहीं थाना प्रभारी सुजित कुमार और पुलिस टीम के काफी मशक्कत के बाद आवागमन सामान्य हुआ।

बताते चलें कि बीते शनिवार को कोडरमा होते बिहार जा रही लोहा लदा टेलर कोडरमा घाटी के जमसोती नाला के समीप पलट गया, घटना के बाद दोनों ओर से वाहनों की लंबी कतार लग गयी। यह हादसा शनिवार करीब 4 बजे शाम को हुई थी, जो रात होते होते वाहनों की लंबी कतार लग गयी, आलम यह था कि जाम के कारण बिहार के फतेहपुर तक जबकि झारखंड सीमा के दिबौर से लेकर झुमरीतिलैया तक कुल मिला कर कहा जाय तो दोनों ओर से लगभग 60 किलोमीटर तक वाहनों के कतार लग गया था, जाम इतना लंबा था कि रविवार दोपहर के 3 बजे तक वाहनों का आवागमन रेंगते हुए हो रहा था, हालांकि हादसे के तुरंत बाद ही कोडरमा थाना प्रभारी सुजित कुमार दल बल के साथ घटना स्थल पहुंच गए थे और दुर्घटनाग्रस्त टेलर को सड़क से हटाने का कार्य शुरू कर दिया गया था, हालांकि इसमे काफी समय लगा।

**घाटी में दो जगहों पर वाहन दुर्घटनाग्रस्त था, लोहा को हटाने में अधिक समय लगा**

कोडरमा थाना प्रभारी सुजित कुमार ने बताया कि कोडरमा घाटी के दो अलग-अलग जगहों पर दो बड़े वाहन दुर्घटनाग्रस्त हो गया था, जमसोती नाला में दुर्घटनाग्रस्त लोहा लदा टेलर को हटाने में काफी समय लगा, उन्होंने बताया कि टेलर में भारी वजन का लोहा लदा था जो हादसे के बाद सड़क पर इधर उधर गिर गया था, शनिवार रात 12 बजे तक लोहे को हटाने का काम किया गया, इसके लिए पुलिस लाइन से अतिरिक्तबल मंगाया गया, क्रेन का भी सहयोग लिया गया। वहीं रविवार सुबह 5 बजे से पुनः सड़क पर बिखरे लोहे के पोल और दुर्घटनाग्रस्त टेलर को हटाने का कार्य शुरू किया गया।

वहीं उन्होंने बताया कि रात्रि में घाटी में यात्रियों के साथ कोई हादसा न हो इसके लिए लगातार हाईवे पुलिस और गश्ती पुलिस लगातार सक्रिय रहा, जाम में फंसे एम्बुलेंस और कुछ यात्री वाहनों को काफी मशक्कत से निकालने का भी कार्य किया गया। पुलिस की ततपरता के कारण शांतिपूर्ण तरीके से रेस्क्यू कार्य किया गया।

## हेमंत सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को धरातल पर उतारने का कार्य करेगा राजद : सुभाष प्रसाद यादव

- राजद प्रधान कार्यालय में चुनाव परिणाम को लेकर समीक्षा बैठक संपन्न

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**कोडरमा।** विधानसभा चुनाव परिणाम आने के पश्चात् झुमरीतिलैया स्थित राजद प्रधान कार्यालय में पार्टी की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता राजद जिलाध्यक्ष सह जिप अध्यक्ष रामधन यादव ने की। बैठक में राजद के प्रत्याशी रहे सुभाष प्रसाद यादव मुख्य रूप से उपस्थित थे। वहीं उन्होंने कहा कि सामाजिक न्याय के योद्धाओं को संगठित करने का कार्य जारी रहेगा। चुनाव परिणाम राजद के अनुकूल नही आया, मगर राजद कार्यकर्ताओं को निराश होने की जरूरत नही है। उन्होंने कहा कि राजद कोडरमा में सामाजिक न्याय के विचारधारा को मानने वाले छुटे योद्धाओं को जोड़ने का कार्य करेगी। वहीं उन्होंने राज्य में महागठबंधन की सरकार बनने और सीएम हेमन्त सोरेन को दुबारा सत्ता संभालने पर शुभकामनाएं दी। वहीं उन्होंने कहा कि हेमन्त सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को धरातल पर उतारने का कार्य राजद करेगी।

वहीं राजद जिलाध्यक्ष रामधन यादव ने कहा कि इंडिया गठबन्धन की सरकार एससी-एसटी, पिछड़े और अल्पसंख्यक वर्गो की हितों की रक्षा करेगी। राज्य सरकार के महत्वकांक्षी योजनाओं समेत कल्याणकारी योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए राजद शिद्दत से कार्य करेगी।

मौके पर डॉ. जावेद अख़्तर, महेश यादव, सरफराज नवाज खान, दीपक यादव, मो. मोजहिर, मन्नान खान, अमरजीत कौर, विनोद यादव, विजय यादव, शंकर दयाल यादव, घनश्याम तुरी, डालो पासवान, अरुण पासवान, संजय दास, रामबचन यादव, मंटू यादव, सुरेश कुमार, टुकलाल यादव, कन्हाई यादव, कुलदीप यादव, विक्रम यादव, जैकी यादव समेत कई लोग मौजूद थे।

### ट्रैक्टर चोरी के संदेह में गिद्धौर पुलिस ने जब्त किया ट्रैक्टर

गिद्धौर (चतरा)। गिद्धौर थाना क्षेत्र के मंझगांवा टोंगरी में एक लावारिस स्थिति में खड़े ट्रैक्टर को पुलिस ने जब्त कर थाने में रखा है। शनिवार देर शाम पुलिस ने ग्रामीणों की सूचना पर ट्रैक्टर को बरामद किया। बताया जा रहा है कि ट्रैक्टर चोरी की आशंका के चलते यह कार्रवाई की गई। घटनास्थल पर इटखोरी के सोनिया गांव के एक व्यक्ति ने ट्रैक्टर पर अपना दावा किया, लेकिन समाचार लिखे जाने तक ट्रैक्टर चोरी की कोई आधिकारिक शिकायत दर्ज नहीं कराई गई थी। पुलिस मामले की गहनता से जांच कर रही है। गिद्धौर थाना के एसआई ने जानकारी दी कि बरामद ट्रैक्टर बाराचट्टी, बिहार का हो सकता है। संभावना जताई जा रही है कि ट्रैक्टर का मालिक फाइनेंसर के डर से गाड़ी छिपाने की कोशिश में यहां तक पहुंचा हो। पुलिस का कहना है कि ट्रैक्टर के मालिक का पता लगाने और मामले की सच्चाई सामने लाने के लिए जांच तेज कर दी गई है। ग्रामीणों ने पुलिस की इस कार्रवाई की सराहना की है।

## चाणक्य आईएएस अकादमी शाखा का उपायुक्त, एसपी एवं सीएस ने किया उद्घाटन

- यूपीएससी, जेपीएससी एवं बीपीएससी की तैयारी के लिए बेहतर प्लेटफॉर्म साबित होगा चाणक्य का यह शाखा : मेघा भारद्वाज
- यूपीएससी की तैयारी करवाने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ेगा यह संस्थान : साक्षी अभिषेक



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**कोडरमा।** जिला अंतर्गत झुमरीतिलैया में रविवार को चाणक्य आईएएस अकादमी के नए शाखा का उद्घाटन बतौर मुख्य अतिथि उपायुक्त मेघा भारद्वाज, विशिष्ट अतिथि एसपी अनुदीप सिंह, निदेशक विनय मिश्रा, जीएम रीमा मिश्रा एवं सिविल सर्जन डॉ. अनिल कुमार, सेंटर हेड साक्षी अभिषेक ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित एवं फीता काटकर किया। वहीं उपायुक्त मेघा भारद्वाज ने कहा कि यह शिक्षण संस्थान न सिर्फ कोडरमा बल्कि पूरे राज्य के लिए महत्वपूर्ण कदम साबित हो सकता है, क्योंकि इससे आईएएस आईपीएस एवं अन्य प्रकार के सिविल सेवाओं की तैयारी कर रहे विद्यार्थियों को एक नया अवसर मिलेगा।

वहीं संस्थान के निदेशक विनय मिश्रा ने कहा कि चाणक्य आईएएस अकादमी ने अपने कड़ी प्रयासों से सिविल सेवकों की तैयारी में एक नई दिशा दी है। इस नई शाखा के शुभारंभ के साथ कोडरमा में भी सिविल सेवा की तैयारी के प्रति युवाओं में उत्साह को और बढ़ावा देंगे। साथ ही उन्होंने छात्रों से अपील किया है कि वे अकादमी में प्राप्त शिक्षा और मार्गदर्शन का पूरी तरह से लाभ उठाएं और अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए पूरी मेहनत और ईमानदारी से काम करें।

वहीं सेंटर हेड साक्षी अभिषेक ने कहा कि कोडरमा जैसी जगह में जहां शिक्षा और मार्गदर्शन की सख्त आवश्यकता थी, इस नई शाखा का खुलना यहां के युवाओं के लिए स्वर्णिम अवसर लेकर आया है। अब हमारे छात्रों को दूर-दराज के शहरों में जाकर सिविल सेवा की तैयारी करने की जरूरत नहीं होगी। यहां पर उन्हें चाणक्य आईएएस अकादमी के विशेषज्ञ शिक्षकों से उच्च गुणवत्ता युक्त शिक्षा दी जायेगी। जिससे वे अपनी मंजिल को आसानी से हासिल कर सकेंगे।

मौके पर अपूर्वा अभिषेक, मोहन कुमार, सुभाष कुमार, डॉ. नीतू, डॉ. रंजीत कुमार, डॉ सरिता, डॉ. कुलदीप कुमार, डॉ आशीश, डॉ. मनोज कुमार, डॉ. आरपी शर्मा, सहित सैकड़ों लोग मौजूद थे।

## जवाहर नवोदय विद्यालय में पाक्षिक स्कूल न्यूजलेटर का किया गया विमोचन

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**कोडरमा।** पीएम श्री जेएनवी कोडरमा ने रविवार को अपने पाक्षिक स्कूल न्यूज़लेटर का विमोचन किया। इस अवसर पर जिले के वरीय पत्रकार संजीव समीर, उमा शंकर, राजेश कुमार, प्रेम भारती, रवि छाबड़ा के साथ ही ग्राफिक डिजाइनर रवि शंकर भी बतौर अतिथि मौजूद थे। समारोह की शुरुआत सुबह 10 बजे आमंत्रित लोगों को गुलदस्ता और बैज देकर की गई। इसके तुरंत बाद प्राचार्य किशोर कुमार, उप-प्राचार्य पंकज एस राणा अन्य अतिथियों ने पारंपरिक दीप प्रज्वलन कर किया। वहीं न्यूज़लेटर का अनावरण प्राचार्य किशोर कुमार और विद्यालय के अन्य शिक्षकों ने किया। इस दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों ने स्वागत गीत गाया और एक मधुर एकल गीत भी प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम का संचालन मुस्कान और स्वाति ने किया। वहीं पत्रकार संजीव समीर और प्रेम भारती ने बच्चों से कैरियर को गम्भीरता से लेने और जीवन बड़ा लक्ष्य लेकर आगे बढ़ने को प्रेरित किया। वहीं प्राचार्य ने कहा कि न्यूज़लेटर केवल तथ्यों का संग्रह या अभिव्यक्ति का माध्यम नहीं है, बल्कि यह हमारे विद्यालय के जीवंत वातावरण को भी दर्शाता है। यह टीम वर्क और नवाचार की भावना का प्रतिनिधित्व करता है। वहीं उप-प्राचार्य पंकज राणा ने रविशंकर के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त किया, जिन्होंने न्यूज़लेटर का ग्राफिक डिज़ाइन बनाया था। मौके पर विभा रानी, घ्बरवा, अब्दुल्ला, संतोष, खुशी, आशा समेत विद्यालय परिवार के लोग मौजूद थे।

स्पीड न्यूज

# दिवंगत फुटबॉलर मोनिका बाड़ा को न्याय दिलाने ग्रामीण उतरे सड़क पर

खबर मंत्र संवाददाता

**लोहरदगा।** जिले की राष्ट्रीय स्तर की फुटबॉल खिलाड़ी 15 वर्षीय मोनिका बाडा की सड़क दुर्घटना में मौत के करीब एक महीने हो जाने पर भी दोषियों के खिलाफ कार्रवाई नहीं होने से आक्रोशित आदिवासी समाज के लोग सोमवार सड़क पर उतर गए। लोहरदगा के पावर गंज सुभाष चौक को जाम कर दिया। कुडू-लोहरदगा-गुमला स्टेट हाईवे पर गाड़ियों का परिचालन रोक दिया। सड़क जाम कर रहे लोगों में काफी आक्रोश नजर आया। प्रदर्शन की अगुवाई कर रहे नेताओं में एक चैतू उराँव ने कहा कि 4 सितंबर को लोहरदगा स्टेशन रोड में शाम के समय तेज रफ्तार कार की चपेट में आने से होनहार खिलाड़ी मोनिका बाड़ा की मौत हो गई। इस घटना में पुलिस ने उक्त कार को कब्जे में लेने के अलावा और कोई कार्रवाई नहीं की है। पीड़ित परिवार को न्याय नहीं मिला है। परिवार के एक सदस्य को नौकरी और एक करोड रुपए का मुआवजा मिलना चाहिए। प्रदर्शन कर रहे लोगों का कहना है कि दुर्घटना के लिए जिम्मेदार लोग पहुंच वाले हैं जिस वजह से उनके खिलाफ कार्रवाई नहीं हो रही है। पुलिस प्रशासन पर यह भी आरोप लगाया कि आदिवासियों को न्याय दिलाने में पुलिस की रुचि नहीं नजर आ रही है। हमने काफी सब्र किया और जब न्याय मिलता नहीं दिख तो हमें सड़क पर उतरकर प्रदर्शन करना पड़ रहा है। विरोध प्रदर्शन कर रहे आदिवासी नेताओं ने कहा कि पुलिस तत्काल दोषियों पर कार्रवाई करें और पीड़ित परिवार को मुआवजा दे अन्यथा आंदोलन उग्र किया जाएगा। सड़क जाम कर रहे लोगों में महिला पुरुष और काफी संख्या में युवा और खिलाड़ी भी शामिल थे। जिन्होंने दिवंगत मोनिका बाड़ा की तस्वीरों के साथ पोस्टर और प्ले कार्ड हाथों में ले रखा था। सड़क जाम किए जाने के कारण शहर में ट्रैफिक बुरी तरह बाधित रहा। लोगों को खासी परेशानी का सामना करना पड़ा। मौके पर पहुंचे सीओ आशुतोष कुमार और बीडीओ ललित प्रसाद सिंह की बात और आश्वाशन सुनने से इंकार करते हुए उच्चाधिकारी को बुलाने की मांग पर ग्रामीण आड़े रहे, जिसके बाद एसडीओ अमित कुमार मौके पर पहुंचे जिसके बाद 48 घंटे के अंदर दोषियों की गिरफ्तारी की आश्वाशन और उचित मुआवजा की पहल करने की बात पर जाम हटा।


चौक जाम करते आक्रोशित लोग।


ग्रामीणों को समझाते एसडीओ।

## 26 जनवरी को जमशेदपुर में लगेगा पंचकोसी लिट्टी मेला

**जमशेदपुर।** बिहार-झारखंड एकता मंच का महत्वपूर्ण बैठक गोलमुरी में हुई, जिसमें तय हुआ कि भगवान श्री राम बक्सर में पंचकोसी परिक्रमा कर लिट्टी बना कर खाये थे। जिसके बाद बिहारवासी लाखों की संख्या में पंचकोसी लिट्टी बक्सर में बना कर खाते हैं। उसी संस्कृति को आगे बढ़ाते हुए जमशेदपुर में 26 जनवरी को भव्य पंचकोसी लिट्टी मेला का आयोजन होगा। जिसमें सिर्फ परिवार, समूह या कमेटी हिस्सा ले सकेगी। जल्द कमेटी के सदस्य 251 कूपन जारी करेंगे और साथ ही प्रभु श्री राम की आरती और भजन संध्या का भी आयोजन होगा।

## भूमिज टोला में मासिक जागरूकता कार्यक्रम



**जमशेदपुर।** विश्व जन सेवा ट्रस्ट के तत्वावधान में डॉ मनीष झा ने गदरा के भूमिज टोला में मासिक चक्र जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं और किशोरियों को मासिक धर्म से जुड़े मिथकों और भ्रांतियों से मुक्त करना और उन्हें स्वच्छता और स्वास्थ्य के प्रति जागरूक बनाना था। स्थानीय महिलाओं के साथ संवाद स्थापित करते हुए मासिक धर्म के प्राकृतिक पहलुओं को समझाया गया और इससे जुड़े सामाजिक वर्जनाओं को तोड़ने पर जोर दिया गया। यह समझाया गया कि मासिक धर्म के दौरान स्वच्छता बनाये रखना न केवल स्वास्थ्य के लिए आवश्यक है, बल्कि यह संक्रमण और गंभीर बीमारियों से भी बचाता है। जागरूकता बढ़ाने के साथ ही, सभी उपस्थित महिलाओं और किशोरियों को बार बार उपयोग वाला नि:शुल्क प्रोजेक्ट बाला पैड वितरित किये गये। सैनेटरी पैड का सही उपयोग और निस्तारण के तरीकों पर विस्तार से जानकारी दी गयी। डॉ मनीष झा ने बताया कि हमारा लक्ष्य महिलाओं को उनके स्वास्थ्य और अधिकारों के प्रति जागरूक करना है। मासिक धर्म कोई शर्म का विषय नहीं है, बल्कि यह प्राकृतिक और सामान्य प्रक्रिया है।

## आधी रात वॉइस ऑफ ह्यूमैनिटी ने बांटे कंबल

**जमशेदपुर।** शहर की युवाओं की सामाजिक संस्था वॉइस ऑफ ह्यूमैनिटी के द्वारा बढ़ती ठंड को देखते सड़कों व फुटपाथों में खुले आसमान के नीचे सोने वाले सैकड़ों असहाय बूढ़े, बुजुर्गों व बच्चों के बीच देर रात तक टीम के युवाओं ने कंबल और स्वेटर का वितरण किया। संस्था ने इस अभियान को साकची, कदमा, सोनारी, बिष्टुपुर, जुगसलाई, सिदगोड़ा, टेल्को, मानगो, डिमना, स्टेशन, परसुडीह व बारीडीह की सड़को पर घूम-घूम कर अभियान को चलाया, बढ़ती ठंड से ठिठुरते लोगो के चेहरे पर एक अलग खुशियां देखते ही बन रही थी।

# आपसी प्रेम और एकजुटता का संदेश देता है क्रिसमस : सांसद

- बंदगांव के आरसी चर्च में क्रिसमस मिलन समारोह आयोजित, सांसद और विधायक हुए शामिल, महिलाओं के साथ सांसद ने किया नृत्य

खबर मन्त्र संवाददाता

**बंदगांव।** काथलिक युवा क्रिसमस मिलन समारोह, आरसी चर्च बंदगांव के तत्वावधान में रविवार को क्रिसमस मिलन समारोह का आयोजन हुआ। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में सिंहभूम की सांसद जोबा माझी एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में मनोहरपुर के नव निर्वाचित विधायक जगत माझी शामिल हुए। समारोह में पहुंचे अतिथियों का स्वागत युवक और युवतियों ने पारंपरिक नृत्य से किया। इस मौके पर पल्ली पुरोहित फादर जॉन कंडुलना ने सांसद जोबा माझी एवं जिप सदस्य जोसफीन हमसाय ने विधायक जगत माझी को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। समारोह में बच्चों ने आकर्षक नृत्य कर अतिथियों का मन मोह लिया। इस मौके पर सांसद ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा क्रिसमस आपसी प्रेम और एकजुटता का संदेश देता है। उन्होंने क्रिसमस की शुभकामनाएं देते हुए कहा प्रभु यीशु और माता मरियम हम सभी पर अपनी कृपा बनाये रखें। सांसद ने अभिभावकों से समाज को आगे ले जाने के लिए शिक्षा पर विशेष ध्यान देने की अपील की। वहीं विधायक जगत माझी ने आयोजकों का आभार व्यक्त करते हुए कहा आपका सहयोग और स्नेह हमेशा याद रहेगा। उन्होंने कहा समाज और क्षेत्र के उत्थान के लिए जब भी जरूरत होगी उन्हें बेझिझक याद कर सकते है। स्वागत कार्यक्रम के दौरान जिप सदस्य के आग्रह पर सांसद ने महिलाओं के साथ सामूहिक नृत्य में भाग लिया। मौके पर पल्ली पुरोहित फादर जॉन कंडुलना, जिला परिषद सदस्य जोसफीन हमसाय, मिस्टर अनल, जुलतन, सिस्टर पुष्पा तिग्गा, सिस्टर पूनम लकड़ा, सिस्टर संतोषी रूंडा, युवा अध्यक्ष आशीष सांडी पूर्ति, मनीषा हेम्ब्रम, संत अन्ना की धर्म बहनें समेत काफी संख्या में महिला, पुरूष एवं बच्चे उपस्थित रहे।


काथलिक युवा क्रिसमस मिलन समारोह में लोगों के साथ थिरकतीं पश्चिमी सिंहभूम की सांसद जोबा माझी।

## एक नजर में

### कानू जगरण मंच के शिविर में 70 यूनिट रक्त संग्रह



**जमशेदपुर।** कानू जागरण मंच, जमशेदपुर द्वारा आयोजित रक्तदान शिविर में 70 यूनिट रक्त संग्रह हुआ। रविवार को मंच ने पहली बार जमशेदपुर ब्लड बैंक में शिविर लगाया था। शिविर सुबह 10 से शाम 4 बजे तक चला। मंच ने सभी रक्तदाताओं को प्रमाण-पत्र निर्गत किये। इसे सफल बनाने में संस्था अध्यक्ष आरके शशि, उपाध्यक्ष रमेश प्रसाद, महासचिव उपेंद्र कुमार, सचिव शंभू कुमार, कोषाध्यक्ष ब्रजकिशोर, कमल किशोर, अनिल कुमार सुबोध प्रसाद आदि का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

### 26 जनवरी को रकणी मंदिर में वनभोज सह सम्मेलन समारोह करेगा ब्रह्मर्षि समाज



**जादूगोड़ा।** 26 जनवरी को जादूगोड़ा रंकणी मंदिर में ब्रह्मर्षि समाज का वनभोज सह मिलन समारोह की सफलता को लेकर रविवार को यूसिल कॉलोनी में चंद्र भूषण सिंह के आवास पर बैठक हुई। इधर बैठक की अध्यक्षता ब्रह्मर्षि समाज के अध्यक्ष उपेंद्र शर्मा ने की। बैठक में आगामी 26 जनवरी को जादूगोड़ा रकणी मंदिर में वनभोज सह सम्मेलन समारोह को लेकर प्रत्येक वर्ष की तरह इस साल भी मानने को लेकर बैठक में फैसला किया गया। बैठक मेंआगामी 29 अप्रैल भगवान परशुराम की जयंती धूमधाम से मनाने का फैसला लिया गया। बैठक में ब्रह्मर्षि समाज के अध्यक्ष उपेंद्र शर्मा, सचिव चंद्र भूषण सिंह, कोषाध्यक्ष आर एन विद्यार्थी, प्रभात कुमार, मृत्युंजय कुमार दुबे, शशि भूषण शर्मा, राहुल कुमार, सुधीर कुमार कश्यप संदीप कुमार शर्मा मृत्युंजय कुमार सिंह, विद्या शर्मा समेत भारी संख्या में समाज के लोग उपस्थित थे।

### असंगठित मजदूर यूनियन (एटक) का सम्मेलन




**जमशेदपुर।** यूनियन का सम्मेलन रविवार को सुबह 11 बजे कामरेड केदारदास भवन (ठक्कर बप्पा क्लब धातकीडीह मुखी बस्ती में संपन्न हुआ सम्मेलन का अध्यक्ष मंडली, चुड़ा हांसदा, जमीरूद्दीन खान, मोतिलाल जातराम, प्रभाकर विश्वकर्मा, दिलीप मिश्रा एवं संचालन नरसिंह राव, रामदास करूवा, सुनिता मूर्मू ने किया और सम्मेलन का प्रतिवेदन यूनियन के पूर्व महासचिव कामरेड सपन कुमार घोषाल ने पेश किया। इस सम्मेलन में विरादराना विभिन्न यूनियनों एवं जनसंगठनों से कामरेड गौतम बोस, ओमप्रकाश सिंह, बापी कर, दिनकर कच्छप, कार्तिक मुखी, जोलेश, धिरज शामिल हुए सम्मेलन में कोल्हान के तीन सौ मजदूर प्रतिनिधियों ने भाग लिया और सर्वसम्मति से कामरेड रमेश मुखी को झारखंड असंगठित मजदूर यूनियन के महासचिव पद के लिए चुना गया। साथ ही अगले 15 दिनों के अंदर रमेश मुखी को सम्मेलन ने अधिकार दिया है कि यूनियन के कार्यकारिणी सदस्यों के कमिटि में कौन कौन होंगे इसकी सूची बनाएंगे तथा सम्मेलन में साफ-सफाई एवं सेनिटेशन और असंगठित मजदूरों के अधिकारों के लिए, स्थायी प्रवृति के कार्यों में लगे ठेका मजदूरों को स्थाई करने के लिए एवं राष्ट्रीय न्यूनतम मजदूरी 25000 रूपए तय करने के लिए तथा जोजोबेड़ा स्थित नुभोको सीमेंट प्लांट में सीमेंट वेज बोर्ड आवर्ड लागू करवाने के लिए बृहद आंदोलन की खाका तैयार किया गया है तथा एक महा पिकनिक आम राय के तहत आने वाले एक महिने के भीतर करने का फैसला किया गया है।

### भारतीय गोवंश रक्षण ने किया किसान सम्मेलन



**पोटका।** गोवंश रक्षण, संवर्धन परिषद विश्व हिंदू परिषद (गौ रक्षा विभाग) के द्वारा प्रखंड के गीतिलता में स्थित नंदन एलिट के सभागार में किसान सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन की अध्यक्षता घाटशिला ग्रामीण जिला के गौ रक्षा प्रमुख नवीन सिंह सरदार ने किया। इस अवसर पर वीएचपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष तथा कृषि वैज्ञानिक डॉ गुरु प्रसाद सिंह सहित पटना क्षेत्र के पालक पदाधिकारी त्रिलोकीनाथ बागी, प्रांतीय अध्यक्ष सुजीत कुमार साहू, सामाजिक कार्यकर्ता कानु राम टुडू, मनोज लियांगी, तेंतला पंचायत के मुखिया अमृत माझी उपस्थित थे। वक्ताओं ने कहा कि भारत की आबादी गांव में बसती है और गांव में किसान बसते हैं। गांव शहर का पेट भरता है और गौ माता किसानों का। कहा कि आज हम लोग आधुनिक युग में हमारे पूर्वजों के द्वारा स्थापित विधि, व्यवस्था एवं परंपराओं को भूल रहे हैं एक समय था जब गोवंश ही हमारे जीवन का आधार था लेकिन आज गाय की रक्षा की बात करने पर लोगों की धारणा बदल जाती है। लोग इसे सांप्रदायिक कहते हैं। उन्होंने प्रदेश के किसानों की स्थिति पर चिंता जाहिर कर कहा कि किसानों के उत्पाद को उचित मूल्य व मार्केट उपलब्ध होना चाहिए। उन्होंने झारखंड से लगे पड़ोसी राज्यों छत्तीसगढ़, उड़ीसा बिहार व बंगाल के सीमाओं पर हत्या के उद्देश्य से बड़े पैमाने पर पश्चिम बंगाल को गोवंश की तस्करी पर गंभीर चिंता प्रकट करते हुए इस पर अंकुश लगाने की आवश्यकता पर बल दिया। मौके पर विश्वरत सिंह सरदार, चितरंजन गोप, गोलक गोप, दीपक शर्मा, कमल वर्मा भी थे।

## तुलसी भवन में दो नाटकों का मंचन



खबर मन्त्र संवाददाता

**जमशेदपुर।** डेट (ड्रामेटिक असोसिएशन ऑफ टाटा एंप्लाइज) के वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में 17 दिसम्बर'24 को संध्या 6 बजे से डॉ शंकर शेष लिखित नाटक 'एक और द्रोणाचार्य' एवं संध्या 7.15 बजे से असगर वजाहत लिखित नाटक 'जिस लाहौल नही देख्या वो जन्मया नहीं' का मंचन होगा।

दोनों नाटकों का निर्देशन मशहूर निर्देशक अनुज प्रसाद कर रहे हैं। 18 दिसम्बर को संध्या 6 बजे से अंत्याक्षरी एवं भारतीय परिधानों में फैशन शो आयोजित है। कार्यक्रम में टाटा स्टील एवं सिंहभूम जिला हिन्दी साहित्य सम्मेलन/ तुलसी भवन सहयोगी भूमिका में हैं। कार्यक्रम में प्रवेश 'आधिकारिक प्रवेश पत्र' से है। इच्छुक व्यक्ति तुलसी भवन कार्यालय से प्रातः 10 से संध्या 6 बजे के मध्य प्रवेश पत्र ले सकते हैं।

## 24 साल के बाद जादूगोड़ा के धोबनी में सीएम ग्राम सेतु योजना से बनेगी सड़क

- झामुमो नेता बीएन बास्के की पहल लाया रंग
- विधायक संजीव सरदार ने किया शिलान्यास

खबर मन्त्र संवाददाता




**जादूगोड़ा।** जादूगोड़ा थाना क्षेत्र के डोमजुड़ी पंचायत के धोबनी गांव में मुख्यमंत्री ग्राम सेतु योजना से साढ़े चार करोड़ की लागत से 4.5 किलोमीटर लंबी सड़क बनेगी। जिसका पोटका विधायक संजीव सरदार ने रविवार को शिलान्यास किया। उल्लेखनीय है कि यहां के ग्रामीण बीते 24 सालों से जोहेन दास बास्के चौक से दोरो घुटू चौक तक एक पक्की सड़क को लेकर तरस रहे थे। अंत ने झामुमो नेता बी एन बास्के का मेहनत रंग लाया। जिसका विधायक संजीव सरदार ने रविवार को शिलान्यास कर ग्रामीणों की एक अदद सड़क की मांग पूरी हुई। मौके पर पार्टी नेताओं की ओर से शिव चरण मुर्मू, विद्या सागर दास, सुधीर सोरेन समेत काफी संख्या ने पार्टी कार्यकर्ता मौजूद थे।

## जुगसलाई में निर्मल भारद्वाज की पुण्यतिथि पर 90 यूनिट रक्त संग्रह

खबर मन्त्र संवाददाता



**जमशेदपुर।** शहर की धार्मिक संस्था श्री राणी सती सत्संग समिति, जुगसलाई ने निर्मल भारद्वाज की पुण्यतिथि पर रविवार को जुगसलाई स्थित श्री राणी सती दादी मंदिर के प्रथम तल्ले पर रक्तदान शिविर लगाया गया। शिविर में 105 लोगों ने भाग लिया, जिसमें 90 यूनिट रक्त संग्रहित हुआ।

कार्यक्रम का उद्घाटन समिति के अध्यक्ष अनिल रिंगसिया और निर्मल भारद्वाज के परिजनों ओमप्रकाश, किशन, गोविंद, अदिति, और खुशी भारद्वाज द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया।

मौके पर समिति के अध्यक्ष अनिल कुमार रिंगसिया ने रक्तदान को महादान बताते हुए कहा कि एक बूंद रक्त किसी की जान बचा सकता है। कार्यक्रम संयोजक कमल अग्रवाल, राजेश अग्रवाल और अजय कुमार अग्रवाल ने स्व. निर्मल भारद्वाज के योगदान और यादों को साझा किया।

## टुसू परब 2024-25 का आगाज

खबर मन्त्र संवाददाता



**जमशेदपुर।** जोहाइर... आकुस हुरलुंग गांव महिला संयोजक समिति द्वारा आयोजित टुसू परब 2024/25 का आगाज आज चौउड़ल का स्ट्रक्चर तैयार करना शुरू कर दिया गया है एवं 16 दिसंबर 2024 सोमवार छ?ट ?अ मकर को संध्या 6:30 बजे हुरलुंग गांव में कुल 11 कुंवारी कन्याओं के द्वारा 11 टुसू थापना आदि पुरखेनी कुड़माली नेग नेगाचारि से किया जायेगा। यह टुसू परब उचरन कार्यक्रम में आकुस जिला पूर्वी सिंहभुम सह संयोजक प्रकाश महतो केटिआर, मिस्त्री प्रकाश महतो हिंद इआर, सक्रिय सदस्य मनिला महतो, सक्रिय सदस्य लक्ष्मी महतो, आजीवन सदस्य उज्ज्वल महतो, जिला सदस्य संजय महतो, सक्रिय सदस्य अमित महतो आदि उपस्थित थे।

# नर सेवा ही नारायण सेवा : अमरप्रीत सिंह काले

- जरूरतमंदों तक सेवा का संकल्प, हर हर महादेव सेवा संघ 24 वर्षों से कर रही कंबल सेवा

खबर मन्त्र संवाददाता



**जमशेदपुर।** हर हर महादेव सेवा संघ द्वारा विगत 24 वर्षों से कंबल वितरण की पवित्र परंपरा को निरंतर निभाया जा रहा है। परंपरा के अनुसार, रविवार को संघ के कार्यालय में साधु समाज के आशीर्वाद से इस वर्ष भी कंबल वितरण अभियान का शुभारंभ किया गया। संघ के संस्थापक अमरप्रीत सिंह काले ने कहा कि महादेव की कृपा और सभी सहयोगियों के प्रयास से यह सेवा कार्य हर साल सफलतापूर्वक संपन्न होता है। उन्होंने बताया कि संघ के स्वयंसेवकों द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में जरूरतमंदों को चिन्हित कर कंबल बांटे जायेंगे। इसका उद्देश्य समाज के हर वर्ग तक सहायता पहुंचाकर सकारात्मक बदलाव लाना है।अमरप्रीत सिंह काले ने इस अवसर पर कहा, प्रत्येक जरूरतमंद में भगवान का वास होता है। उनकी सेवा करना ही सबसे बड़ा तीर्थ है। यह कार्य हमें न केवल सुकून देता है, बल्कि समाज के प्रति हमारी जिम्मेदारी को भी पूरा करता है। उन्होंने सभी सहयोगियों और सदस्यों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह कार्य उनके समर्थन और साथ से ही संभव हो पाया है। कार्यक्रम के दौरान संघ के प्रमुख सदस्यों जैसे जितेंद्र चावला, राजू मारवाह, पी. एन. पांडे, राघवेंद्र शर्मा, अखिलेश पांडे, विश्वनाथ राव, जूगुन पांडे, बिभाष मजूमदार, प्रिंस सिंह, रंजीत कुमार, कमलेश पाठक, और अन्य सहयोगियों ने भाग लिया। सभी ने इस नेक कार्य को जारी रखने का संकल्प लिया। सेवा का यह प्रयास न केवल जरूरतमंदों को राहत पहुंचाता है, बल्कि समाज में एकता और करुणा का संदेश भी फैलाता है।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
स्वामित्व वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड)834006 से मुद्रित एवं लुबी सर्कुलर रोड, धनबाद 826001 से प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर
स्थानीय संपादकः ज्ञानवर्द्धन मिश्र *
फोन : 9431124480
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No. ( आवेदित )
* पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी।
प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

**स्पीड न्यूज**

## कार और हाईवा में हुई टक्कर दो घायल, रिम्स रेफर

**बालूमाथ।** बालूमाथ-रांची मुख्य पथ एनएच 22 पर मकईयाटांड़ ग्राम के समीप शनिवार देर रात एक कार और हाइवा की आमने-सामने टक्कर हो गई। जिससे कार में सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हों गए। दोनों घायलों को ग्रामीणों की सहायता से बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। जहां डॉक्टर सुरेन्द्र कुमार के द्वारा प्राथमिक उपचार किया किया गया। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार देवशंकर महतो 34वर्ष पिता जगरनाथ महतो ग्राम पालकोट, गुमला निवासी एवं चंद्रभूषण कुमार 40वर्ष स्व .हरकु भगत ग्राम तोरपा खूंटी दोनों चंदवा से चतरा की ओर जा रहे थे। तभी मकईयाटांड़ ग्राम के पास तुबैद कोलियरी से कोयला कुसमाही साइडिंग जा रहे हाइवा और कार में आमने-सामने टक्कर हो गयी। जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। वही दोनो घायलों की गम्भीर स्तिथि को देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज हेतु रांची रिम्स रेफर कर दिया गया।

## एकल अभियान का अभ्युदय यूथ क्लब खेलकूद प्रतियोगिता संपन्न



मौके पर उपस्थित लोग।

**लातेहार।** एकल अभियान, संभाग दक्षिण अंचल लातेहार का अभ्युदय यूथ क्लब खेल कूद क्लब खेल प्रतियोगिता ज्ञान सागर पब्लिक आवासीय विद्यालय, रेहड़ा बानपुर में रविवार को आयोजित किया गया। कार्यक्रम में अंचल समिति अध्यक्ष अभिनंदन प्रसाद, उपाध्यक्ष संजय कुमार तिवारी, अंचल प्राथमिक शिक्षा प्रभारी नरेश पांडेय, अंचल संरक्षक राजीव रंजन पाण्डेय, रमेश प्रसाद गुप्ता, संभाग दक्षिण झारखंड प्रशिक्षण प्रमुख सह लातेहार अंचल के अंचल प्रमुख अर्जुन सिंह, बबलू कुमार, राजकिशोर यादव, अवध किशोर यादव, सकलदेव सिंह, राजेश उरांव, बहादुर प्रजापति समेंत संच प्रशिक्षक और आचार्य व बच्चों ने भाग लिया। प्रतियोगिता के 400 मीटर दौड़ में राम उरांव, टोरी और मंध्या कुमारी, सरयू प्रथम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया. 200 मीटर दौड़ में कृष्णा कुमार, बालूमाथ व कृतिका कुमारी, मनिका ने प्रथम स्थान किया. 100 मीटर दौड़ में राजीव भुईयां, छिपादोहर और गीता कुमारी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया. ऊंची कूद में लक्ष्मण उरांव और मांध्या कुमारी, सरयू, लंबी कूद में लक्ष्मण उरांव, टोरी और सुनीता कुमारी, टोरी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। जबकि कब्बड़ी बालक में बालूमाथ और बालिका में मुरूप संच ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

## भाजपा ने किया एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन



**लातेहार।** भारतीय जनता पार्टी जिला लातेहार के तत्वाधान में जिला कार्यालय लातेहार में पार्टी का सदस्यता अभियान को लेकर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। वहीं मंडलीय प्रभारी सह प्रदेश उपाध्यक्ष विकास प्रीतम ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी सदस्यता अभियान सत्र 2024 से 2030 तक के लिए चलाए जा रहा है। इस सदस्यता अभियान में पार्टी के प्रदेश से लेकर बूथ स्तर तक के कार्यकर्ता पार्टी के सदस्यता अभियान कार्य में लगेंगे। इस सदस्यता अभियान में मोबाइल के द्वारा 8800 00 2024 पर मिस्ड कॉल मार कर भाजपा के सदस्य बन सकते हैं। इस कार्य में प्रदेश पदाधिकारी सांसद विधायक जिला पदाधिकारी मंडल पदाधिकारी शामिल रहेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष पंकज कुमार सिंह ने किया। वही कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री अमलेश सिंह ने किया। मौके पर जिला प्रभारी मुकेश निरंजन सिंह, पूर्व विधायक हरिकृष्ण सिंह, राजधानी प्रसाद यादव, संयोजक संतोष यादव, सीतामनि तिर्की, सह संयोजक राकेश दुबे, संयोजक कल्याणी पांडेय जी एवं सह संयोजक बंशी यादव जी, इंद्रजीत यादव, जिला परिषद के सदस्य, प्रदेश पदाधिकारी, कार्य समिति सदस्य, जिला पदाधिकारी जिला कार्य समिति सदस्य, मोर्चा जिला अध्यक्ष, मंडल अध्यक्ष महामंत्री, समेत कई लोग उपस्थित थे।

## धुमधाम से मनेगा वैष्णव दुर्गा मंदिर का 31 वां वार्षिकोत्सव



**लातेहार।** श्री वैष्णव दुर्गा मंदिर, लातेहार का 31 वां वार्षिकोत्सव बड़े ही धुमधाम से मनाया जायेगा. आयोजन की तैयारियों को ले कर मंदिर समिति के कार्यकारिणी समिति की एक बैठक संरक्षक अभिनंदन प्रसाद की अध्यक्षता में मंदिर परिसर में आयोजित की गयी. बैठक में वार्षिकोत्सव के लिए तीन दिवसीय कार्यक्रमों की रूपरेखा तय की गयी. संरक्षक सह पुजारी त्रिभुवन पांडेय ने बताया कि इस वर्ष वार्षिकोत्सव का कार्यक्रम आठ फरवरी को कलश यात्रा से शुरू होगा. नौ फरवरी को दुर्गा सप्तशति पाठ एवं नौ फरवरी को भंडारा एवं रात्रि में भगवती जागरण का आयोजन किया जायेगा. बैठक में इस आयोजन में तन मन धन से सहयोग करने की अपील नगर वासियों से की गयी। वार्षिकोत्सव को ले कर एक बैठक में जनवरी माह के पहले सप्ताह में आयोजित करने का निर्णय लिया गया. बैठक में कोषाध्यक्ष राजू रंजन सिंह ने मंदिर के मासिक आय और व्यय का ब्यौरा प्रस्तुत किया. समिति के द्वारा मंदिर के उपरी तल्ले के कमरों के सुंदरीकरण में खर्च वहन करने की सहमति देने वाले दानदाताओं से सहयोग राशि जमा करने की अपील की गयी। बैठक में सेवादार के मानदेय में वृद्धि करने का निर्णय लिया गया. संरक्षक विनोद कुमार साहु ने मंदिर के रख रखाव को ले कर कई सुझाव दिये. समिति के अध्यक्ष राजेश कुमार गुप्ता उर्फ भोला ने कहा कि मंदिर का संचालन सबों के सामुहिक सहयोग से ही होता है।

### बेतला उप स्वास्थ्य केंद्र में चिकित्सक व ड्रेसर की होगी पदस्थापना : अफजल अंसारी

# जेएमएम प्रखंड अध्यक्ष ने आधार व स्वास्थ्य केंद्र का किया निरीक्षण

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बरवाडीह।** झारखण्ड मुक्ति मोर्चा के प्रखण्ड अध्यक्ष अफजल अंसारी ने रविवार को बेतला पंचायत भवन में संचालित आधार केंद्र और उप स्वास्थ्य केंद्र का औचक निरीक्षण किया। जहां आधार अपडेट और इससे जुडी अन्य समस्याओं को लेकर ग्रामीणों की काफी भीड़ उमड़ी थी। कई ग्रामीणों ने बताया कि पूरे प्रखण्ड में एक मात्र आधार केंद्र बेतला में ही संचालित है। जिसके कारण सभी पंद्रह पंचायत के ग्रामीण यहां आ रहे है, कई लोगों को तो बिना काम कराए बेरंग वापस जाना पड़ रहा है। जिससे उन्हें आर्थिक परेशानी के साथ मानसिक परेशानी भी हो रही है। अफजल अंसारी ने पूरे मामले को लेकर बीडीओ रेशमा रेखा मिंज से प्रखण्ड मुख्यालय में बंद पड़े आधार केंद्र को जल्द से जल्द खुलवाने की मांग की। वहीं उन्होंने जिला अध्यक्ष लाल मोती नाथ सहदेव से भी दूरभाष पर इस समस्या की जानकारी देते हुए इसका समाधान कराने की मांग की।



उप स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण करते अफजल अंसारी।

**मरीजों को इलाज के लिए जाना पड़ता है दूर**

इस दौरान ग्रामीणों ने यह भी बताया कि स्वास्थ्य उपकेंद्र बेतला में एक भी चिकित्सक या ड्रेसर पदस्थापित नहीं है। सिर्फ एएनएम के भरोसे ही स्वास्थ्य उपकेंद्र संचालित हो रहा हैं। लोगों को किसी भी बीमारी के इलाज के लिए यहां से 15 किलोमीटर दूर बरवाडीह प्रखण्ड मुख्यालय या 26 किमी दूर डालटनगंज जाना पड़ता है। अफजल अंसारी ने तुरंत दूरभाष पर बरवाडीह के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ.जयवंत लकड़ा से वार्ता की और बेतला स्वास्थ्य उपकेंद्र में जल्द से जल्द एक चिकित्सक और ड्रेसर की उपस्थिति सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि बेतला पर्यटन क्षेत्र के रूप में पूरे विश्व में विख्यात है। यहां प्रतिदिन सैलानियों और पर्यटकों का आना जाना लगा रहता है। ऐसे में बेतला स्वास्थ्य केंद्र में चिकित्सक का होना अनिवार्य है। अफजल अंसारी ने बताया कि रविवार को निरीक्षण के दौरान उप स्वास्थ्य केंद्र में ताला लटका हुआ था।

## सर्वर डाउन व नेटवर्क बाधित होने से ई-केवाइसी का काम में हो रहा व्यवधान

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चंदवा।** इन दिनों जन वितरण प्रणाली दुकान के माध्यम से कार्डधारकों का ई-पोश मशीन के माध्यम से ई-केवाइसी किया जा रहा है। इसकी अंतिम तिथि 31 दिसंबर तक ही है। वहीं जविप्र दुकानदारों को लाभुकों को दिसंबर माह का राशन भी वितरण करना है। ई-केवाइसी व राशन वितरण दोनों प्रकिया एक करने के कारण इपोश-मशीन का सर्वर तथा नेटवर्क का रहना जरूरी है। परंतु सर्वर डाउन तथा नेटवर्क नहीं रहने के कारण उपभोक्ताओं एवं डीलरों के बीच परेशानी हो रही है। लाभुक अपने घरेलू काम छोड़कर दिन भर ई-केवाईसी या राशन लेने के लिए डीलर के पास बैठ कर समय बीता रहे हैं। सर्वर डाउन रहने के कारण न समय पर राशन वितरण किया जा रहा है, न ही ई-केवाइसी हो रहा है। उपभोक्ताओं एवं डीलरों के बीच कभी-कभी तीखी नोकझोंक की नौबत आ जाती है। वहीं एक ओर जहां डीलर मशीन खोल कर सर्वर चलने का इंतजार करता है तो दूसरी ओर उपभोक्ता भी सर्वर आने के लिए मशीन के बगल बैठ इंतजार करते रहता है। इन परेशानी से डीलर लाभुक दोनों परेशान हैं तो दूसरी ओर सरकार द्वारा समय पर काम करने का दवाव बना रहता है। इस संबंध में चंदवा प्रखंड डीलर संघ अध्यक्ष रामकृष्ण मिश्रा ने बताया कि जिस गति से सर्वर डाउन चल रहा है राशन वितरण या ई-केवाईसी करना मुश्किल हो रहा है। उन्होंने कहा कि जिस तरह सर्वर डाउन और नेटवर्क फेल रहता है समय पर न राशन वितरण होगा और न ई-केवाईसी हो पाएगा। कहा कि 5 जी के जमाने में सरकार डीलरों को 2 जी मशीन देकर परेशान कर रही है। उंन्होने इन सब परेशानियों को देखते हुए सरकार व विभाग से ई केवाईसी करने की समय सीमा को छ माह बढ़ाने की मांग की है ताकि योग्य लाभुकों का ई केवाईसी किया जा सके।

### सर्व समाज के लिए प्रेरणादायक है रामदेव का संघर्ष: प्रकाश राम

# खरवार भोगता विकास संघ ने मनायी झारखंड आंदोलन के अगुआ रामदेव गंझू की पुण्यतिथि

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चंदवा।** रामदेव गंझू का संघर्ष सर्व समाज के लिए प्रेरणा स्रोत है। अलग झारखंड राज्य आंदोलन में अग्रणी भूमिका निभाने के साथ-साथ गंझू व भोक्ता समाज को हक व अधिकार दिलाने में स्व. रामदेव गंझू का अतुलनीय योगदान रहा है। उन्होंने संपूर्ण जीवन संघर्ष का रास्ता चुना और अंतिम सांस तक समाज को हक और अधिकार दिलाने की लड़ाई लड़ी थी, तब जाकर आज गंझू व भोगता समाज को आदिवासी का दर्जा प्राप्त हुआ है। उक्त बातें भाजपा के लातेहार विधायक प्रकाश राम ने चंदवा के नगर स्थित मैदान में स्व. रामदेव गंझू के 9 वीं पुण्यतिथि पर आयोजित कार्यक्रम के मौके पर बतौर मुख्य अतिथि कही। इन्होंने आगे कहा कि केंद्र की मोदी सरकार गंझू व भोगता समाज के विकास के लिए कृत संकल्पित है, मोदी सरकार ने ही गंझू व भोगता समाज के 9 उपजातियों को आदिवासी के रूप में पहचान दी है। वहीं भाजपा मंडल अध्यक्ष अमित कुमार गुप्ता ने रामदेव गंझू की जीवनी और संघर्ष पर प्रकाश डालते हुए कहा कि विद्यार्थी जीवन से लेकर युवावस्था तक हमने उनके संघर्ष को देखा है कि किस प्रकार रामदेव गंझू ने लड़ाई लड़ी थी। वे अलग झारखंड राज्य आंदोलन के अगुआ होने के साथ समाज को हमेशा जोड़ने का काम किया था। वही समाज के अन्य प्रबुद्धजनों ने भी अपनी बातों को रखते हुए स्व. रामदेव गंझू के पद चिन्हों पर चलने की बात कही। इसके पूर्व कार्यक्रम की शुरूआत स्व. रामदेव गंझू के चित्र के समक्ष माल्यार्पण व पुष्प अर्पित कर किया। मौके पर समाज के जिलाध्यक्ष अमृत गंझू, प्रेमचंद गंझू, पूर्व केंद्रीय अध्यक्ष दर्शन गंझू, झलकु गंझू, योदेशर सिंह भोगता, प्रकाश गंझू, बालेश्वर गंझू, सोमनाथ गंझू समेत सैकड़ो महिला पुरुष मौजूद थे।



पुण्यतिथि में शामिल हुए प्रकाश राम।

### प्रतिष्ठानों का खुलना क्षेत्र की समृद्धि का परिचायक: प्रकाश राम

# विधायक ने किया लातेहार के थाना चौक में होटल हेवन का उद्घाटन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लातेहार।** विधायक प्रकाश राम ने कहा कि प्रतिष्ठानों का खुलना किसी भी क्षेत्र की समृद्धि का परिचायक है। विधायक श्री राम रविवार को शहर के थाना चौक में माही स्वीटस परिसर में होटल हेवन के उदघाटन के मौके पर बोल रहे थे। उन्होने होटल संचालकों को शुभकामनायें देते हुए कहा कि लातेहार जिला मुख्यालय है और यहां अन्य प्रखंडों से काफी संख्या में लोग आते हैं. यह होटल शहर के रिहायशी इलाका थाना चौक में है। यहा से लोग बस व ऑटो पकड़ कर कहीं भी आ जा सकते हैं, ऐसे में इस स्थान पर होटल खुलने से यहां ठहरने में लोगों को सुविधा होगी। इससे पहले होटल में विधिवत पूजा अर्चना एवं मंत्रोच्चारण त्रिभुवन पांडेय ने किया। मौके पर मुख्य यजमान के रूप में होटल के संचालक अभिमन्यु प्रसाद सप्त्नीक मौजूद थे। विधायक श्री राम ने फीता काट कर और नारियल फोड़ कर होटल का उदघाटन किया। होटल संचालक जनार्दन प्रसाद व अभिमन्यु प्रसाद ने कहा कि होटल में ठहरने वालों के लिए हर प्रकार की व्यवस्था की गयी है। होटल में कुल आठ कमरे हैं। इसके अलावा रिसेप्शन और डाइनिंग रूम अलग से बनाया गया है। होटल की बुकिंग राशि भी आम लोगों के अनुसार न्यूनतम रखी गयी है। मौके पर समाजसेवी असीम कुमार बाग, वरीय भाजपा नेता राजधनी प्रसाद यादव, गोविंद प्रसाद, अभिनंदन प्रसाद, वरीय अधिवक्ता सुनील कुमार, सुदामा प्रसाद गुप्ता, आलोक कुमार मंटू, राकेश कुमार दुबे, अनिल सिंह, पवन कुमार, विशाल चंद्र साहू, मुरारी प्रसाद, निर्मल कुमार महलका, मृणाल कुवंर, राकेश कुमार साहू, रामदेव सिंह, मुकेश कुमार पांडेय, राजीव रंजन पांडेय, प्रदीप प्रसाद, अशोक कुमार सिंह, कृष्ण कुमार गोयल, राजेश प्रसाद, प्रतीक कुमार, प्रतिरूप कुमार आदि मौजूद थे।



फीता काटकर उद्घाटन करते प्रकाश।

## लैंपस में धान क्रय केंद्र का विधायक ने किया उद्घाटन



**मनिका।** मनिका प्रखंड मुख्यालय स्थित लैंपस में धान क्रय केंद्र का दिन रविवार को मनिका विधानसभा क्षेत्र के विधायक रामचंद्र सिंह एवं लातेहार जिला के डीडीसी सुरजीत कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से फीता काटकर एवं दीप प्रज्वलित कर उद्घाटन किया। वहीं डीडीसी सुरजीत कुमार सिंह ने बताया कि किसानों को धान की कीमत 23 सौ रुपए प्रति क्विंटल एवं सौ रुपए प्रति क्विंटल बोनस भी दी जाएगी यानी कि टोटल 24 सौ रुपए प्रति क्विंटल किसानों को धान की कीमत मिलेगा। उन्होंने कहा की धान बेचने वाले किसानों के खाते में जल्द से जल्द धान बिक्री का पैसा भेजा जाएगा ताकि किसानों को आगे के कार्य में किसी प्रकार की परेशानी ना हो। मौके पर मनिका प्रखंड विकास पदाधिकारी संदीप कुमार, अंचल अधिकारी नंदकुमार राम, विधायक प्रतिनिधि दरोगी प्रसाद यादव, विश्वनाथ पासवान, सुरेंद्र पासवान, विश्वनाथ राय, लैंपस प्रबंधक सत्येंद्र यादव, मिथिलेश पासवान, बली प्रसाद यादव, कामेश्वर प्रसाद यादव समेत सैकड़ो की संख्या में लोग उपस्थित थे।

**एक नजर में**

## खरवार भोगता समाज विकास संघ के द्वारा मनायी गयी रामदेव गंझू की 9 वीं पुण्यतिथि



**चंदवा।** खरवार भोगता समाज विकास संघ के द्वारा रविवार को प्रखंड के बोरसीदाग गांव स्थित अखरा प्रांगण में समाज के अगुआ रहे रामदेव गंझू की 9वीं पुण्यतिथि मनायी गयी। सर्वप्रथम वीर शहीद नीलम्बर-पीताम्बर व स्व. रामदेव गंझू चित्र के समक्ष माल्यार्पण व पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया गया, तत्पश्चात 2 मिनट का मौन धारण कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित कर उनके पद चिन्हों पर चलने का संकल्प लिया गया। बतौर मुख्य वक्ता समाज के सत्यनारायण गंझू, रामधन गंझू, कामेश्वर भोगता, नारायण भोगता, प्रदीप गंझू, रामबचन देव गंझू समेत अन्य वक्ताओं के द्वारा रामदेव गंझू के जीवनी पर प्रकाश डाला व समाज के कल्याण को लेकर उनके बताए पद चिन्हों पर चलने की बात कही। वक्ताओं ने कहा कि रामदेव गंझू ने अपना पूरा जीवन समाज के कल्याण के लिए लगा दिया था व समाज को हक अधिकार मिले इसको लेकर लंबी लड़ाई लड़ी थी। अलग झारखंड राज्य आंदोलन में भी उनका अहम योगदान रहा था। रामदेव गंझू जैसे समाज के आगुआ के संघर्ष के वजह से गंझू व भोगता समाज को आदिवासी का दर्जा मिला है। कार्यक्रम की अध्यक्षता सुरेश गंझू ने की।मौके पर राजेंद्र गंझू अनिल लकड़ा, कलेंदर गंझू, महेंद्र गंझू, भीम गंझू, चरकु प्रधान, रतनू गंझू, फूलचंद गंझू, चमन गंझू, परमेश्वर गंझू, शंभु गंझू, पूजा देवी, अनिता देवी, कौशल्या देवी, फुलमनी देवी, क्रंक्ति देवी, फूलकुमारी देवी समेत दर्जनों लोग मौजूद थे।

## बरवाडीह में धान अधिप्राप्ति केंद्र का हुआ उद्घाटन



धान अधिप्राप्ति केंद्र का उद्घाटन।

**बरवाडीह।** बरवाडीह प्रखंड मुख्यालय में लैम्पस के माध्यम से धान अधिप्राप्ति केंद्र का शुभारंभ रविवार को जिप सदस्य संतोषी शेखर, बीडीओ रेशमा रेखा मिंज, सीओ मनोज कुमार, बीस सूत्री अध्यक्ष नसीम अंसारी, विधायक प्रतिनिधि प्रेम सिंह और जेएमएम नेत्री आरती देवी समेत अन्य अतिथियों के द्वारा संयुक्त रूप से फीता काट कर किया गया। धान अधिप्राप्ति केंद्र के उदघाटन के बाद केचकी पंचायत के निबंधित किसान उमेश यादव के द्वारा 30 क्विंटल धान की बिक्री की गई। जहां संतोषी ने कहा कि सरकार के माध्यम से खोले गए धान अधिप्राप्ति केंद्र से किसानो को सीधा फायदा मिलेगा। जिसके जरिए किसान बाजार से अधिक कीमत पर सरकार को धान की बिक्री कर सकते है। किसान बिचौलियों के बहकावे में न आकर लेंपस में ही अपनी धान की बिक्री करें। किसानों को पैसा बोनस सहित सीधे उनके खाते में जायेगा। लैंपस के अध्यक्ष ब्रह्मदेव सिंह ने बताया कि निबंधित किसानो को मैसेज के माध्यम से धान की बिक्री करने को सुचना देकर बुलाया जायेगा साथ ही उन्हें प्रति क्विंटल 2300 रुपए के साथ 100 रुपए बोनस की भी राशि 15 दिनों में खाते में भेज दी जाएगी। मौके पर कांग्रेस अध्यक्ष प्रिंस प्रसाद, कमलेश कु. सिंह, रवींद्र राम, सुरेश मिश्रा, अजित गुप्ता, प्रकाश गुप्ता, संजीव श्रीवास्तव, चंदन पासवान और शुभम दुबे समेत अन्य लोग मौजूद थे।

## तीन बाल श्रमिकों को ईंट भट्ठे से किया गया रेस्क्यू

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**श्रम अधीक्षक के निर्देश पर विभिन्न ईंट भट्टे का किया गया निरीक्षण**

**चंदवा।** विभागीय एवं श्रम अधीक्षक लातेहार निर्देश के आलोक में शनिवार की देर शाम चंदवा प्रखंड अंतर्गत विभिन्न क्षेत्रों में संचालित ईट भट्टे में बाल श्रमिक अधिनियम 1986 के अंतर्गत निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान चंदवा के चिरो ग्राम में बिगन साव के ईट भट्टा से 3 बालिका बाल श्रमिक का सफल रेस्क्यू किया गया। रेस्क्यू किये गए तीनो बाल श्रमिकों को बाल संरक्षण समिति को सुपुर्द करते हुए उक्त नियोजक के विरूद्ध मुकदमा दायर करने की कार्रवाई की जा रही थी। निरीक्षण के दौरान सत्येंद्र कुमार सिंह, श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी चंदवा, श्रम कार्यालय के विजय सिंह, बाल कल्याण समिति लातेहार के सविता देवी, वेदिक सोसायटी के प्रेम प्रकाश एवम चंदवा थाना पुलिस टीम शामिल थे।

## अनियंत्रित कार ने बाईक सवार पिता पुत्र को मारी टक्कर, घायल, रिम्स रेफर

**बालूमाथ।** बालूमाथ-चतरा मुख्य पथ पर शनिवार देर रात रोन्हे ग्राम के समीप एक अनियंत्रित कार ने बाइक सवार पिता पुत्र को टक्कर मार दिया। जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार हनुमंत राणा 15 वर्ष एवं उसका पिता राजेश राणा 40वर्ष ग्राम बन्हे,सिमरिया निवासी अपने घर से हेरहंज थाना क्षेत्र के सेरन्दाग ग्राम जा रहे थे। इसी दौरान रोन्हे ग्राम के पास एक अनियंत्रित कार ने पीछे से टक्कर मार दिया। जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद बरियातू पुलिस के सहयोग से दोनों घायलों को बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया ।जहां डॉक्टर सुरेंद्र कुमार द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज हेतु रांची रिम्स रेफर किया गया।

# धान क्रय केंद्र में खराब मशीन से हो रही थी धान खरीद की तैयारी, विधायक भड़के, पदाधिकारी को लगाई फटकार

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बालूमाथ।** बालूमाथ प्रखंड कार्यालय स्थित लैंप्स कार्यालय में रविवार को पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत धान क्रय केंद्र का उद्घाटन होना था। जहां लातेहार विधायक प्रकाश राम मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे व दिप प्रज्वलित कर एवं फिता काटकर उद्घाटन किया। उसके बाद लैंपस में किसानों के क्रय के लिए डिजिटल मॉयचर मीटर में धान को डालकर धान की नमी मापी की जाने लगी। मशीन ने 18.7 बताया और उसके आलोक में लैप्स के सचिव अशोक कुमार ने 100 किलोग्राम में 5 किलो धान की कटौती की बात कही गई। विधायक ने उक्त मशीन को दूसरा धान डालकर देखा तो पाया कि मशीन खराब है। वहीं पाया कि उद्घाटन की सूचना किसानों को नहीं दी गई थी ना ही किसी पंचायत जनप्रतिनिधि को बुलाया गया था। इससे वे भड़क गए व उपस्थित पदाधिकारी को फटकार लगाते हुए कहा कि किसानों के साथ दोहन करने नहीं दिया जाएगा। अभी जो धान लाया गया है यह बिल्कुल ही सूखा है तो इस पर 5 किलो का कटौती करना एवं खराब मशीन से किसानों को बरगलाकर धान की कटौती करना यह किसी भी क्षेत्र में उचित नहीं है। मौके में उपस्थित डीसी सुजीत कुमार सिंह ने बीएसओ सुमन कुमार सिंह एवं कृषि पदाधिकारी रघुनंदन राम को निर्देशित करते हुए कहा कि आज उद्घाटन के दौरान घोर लापरवाही बरती गई है। इसमें सुधार करें। वही बालूमाथ बीडीओ ने कृषि पदाधिकारी को निर्देश दिया कि जब तक धान मापने वाली मशीन दूसरा नहीं आ जाता है तब तक धान क्रय का कार्य बंद रखें। ज्ञात हो कि उद्घाटन के समय बालूमाथ के मात्र दो किसान ही मौजूद थे। इस मौके पर जिला सहकारिता पदाधिकारी जगमनी टोपो,कृषि पदाधिकारी रघुनंदन राम,बालूमाथ वीडिओ सोमा उरांव, अंचलाधिकारी विजय कुमार,लैंपस के अध्यक्ष जीतू उरांव, किसान संतोष उरांव, अर्जुन साहू, विजय यादव, शैलेश सिंह ,उपेंद्र रंगीला, पिंटू राम, ऐश्वर्या उरांव, प्रीतलाल यादव, वीरेंद्र गुप्ता, कमलेश सिंह, मनोहर साव, बिट्टू सिंह,दीपक कुमार, नामेश्वर गुप्ता, अजमल हुसैन, अजय कुमार गुप्ता, राजेश रजक, निरंजन यादव,विजय यादव, दशरथ यादव, विनोद साहू समेत कई लोग मौजूद थे।



उद्घाटन करते विधायक प्रकाश राम।

## बरवाडीह में दवा दुकानदारों की बैठक सम्पन्न, नई कमेटी का गठन

**बरवाडीह।** रविवार को बरवाडीह में दवा दुकानदारों की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस बैठक की अध्यक्षता एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष बिनोद बिहारी गुप्ता ने की। बैठक में प्रखण्ड के सभी दवा दुकानदारों ने भाग लिया और अपनी समस्याओं को साझा किया। जिला अध्यक्ष बिनोद बिहारी गुप्ता ने सभी दुकानदारों को भरोसा दिलाया कि एसोसिएशन उनके हर सुख-दुख में उनके साथ खड़ा है। उन्होंने आश्वस्त किया कि सभी दवा दुकानदारों की समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा और उन्हें किसी भी प्रकार की चिंता करने की आवश्यकता नहीं है। बैठक के अंत में प्रखण्ड स्तर पर नई कार्यकारिणी समिति का गठन किया गया। नई कमेटी में निम्नलिखित सदस्यों का चयन किया गया। जिसमें उपाध्यक्ष: डॉ.भूपेंद्र सिंह उर्फ भूलू, सह सचिव मंसूर अहमद, कोषाध्यक्ष रंजीत कुमार अग्रवाल, संगठन सह सचिव सुशील कुमार, मीडिया प्रभारी वेद प्रकाश को बनाया गया। कार्यक्रम का संचालन जिला मीडिया प्रभारी अर्जुन विश्वकर्मा ने किया। बैठक में जिला सचिव डॉ. अजय यादव, डॉ. कुर्बान, कृष्णा प्रसाद, सलेन्द्र कुमार सिंह, अमित कुमार, मनोज कुमार, डॉ. प्रेमचंद्र, अजीत कुमार और शत्रुघ्न अग्रवाल सहित प्रखंड के सभी दवा दुकानदार उपस्थित रहे। बैठक में एसोसिएशन के संगठन को मजबूत बनाने और दवा दुकानदारों की समस्याओं को एकजुट होकर हल करने के लिए प्रतिबद्धता व्यक्त की गई।

# जिला विधिक सेवा प्राधिकार ने किया विधिक सशक्तिकरण शिविर का आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** सदर प्रखंड परिसर में रविवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वावधान में विधिक सशक्तिकरण शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि जिला एवं सत्र न्यायाधीश तृतीय शिवनाथ त्रिपाठी, डीएलएसए सचिव रवि चैधरी, बीडीओ कुमार नरेंद्र नारायण, सीओ मोहम्मद शफी आलम, एलईडीसी नित्यानंद दुबे ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर किया। इस शिविर का मुख्य उद्देश्य समाज के कमजोर व वंचित लोगों को मदद कैसे पहुंचा जाए इसकी जानकारी देना था। मौके पर पीडीजे ने गांव समाज में छोटे-मोटे झगड़ों को लेकर आपसी विवाद जो होते हैं जिससे बात कोर्ट कचहरी तक पहुंच जाती है। उसके लिए कोर्ट कचहरी और स्वयं का समय और पैसा बर्बाद न करके आपसी बातों से समाधान करने और इन सब में मध्यस्था क्या रोल है मध्यस्था को क्यों बनाए रखना चाहिए इसके बारे में जानकारी दी। सचिव ने सरकार के विभिन्न योजनाओं को योग्य व्यक्ति तक किस तरह पहुंचाया जाएं जिसमें प्रखंड कर्मी और जन प्रतिनिधि का क्या रोल होना चाहिए इस संबंध में जानकारी दी। बीडीओ ने प्रखंड द्वारा चलाए रहे योजनाओं के बारे में जानकारी दी। पीएलवी मुरली श्याम तिवारी ने गरीबी उन्मूलन कार्यक्रम से संबंधित जानकारी दी। समाज कल्याण विभाग राणा तबस्सुम, प्रतिमा ने गोद भराई कार्यक्रम मुख्य अतिथि के द्वारा कराया। इस कार्यक्रम में विभिन्न विभागों जैसे अबुआ आवास, पीएम आवास, पेंशन, मईयां सम्मान योजना, सावित्री बाई फुले, किशोरी समृद्धि योजना, मनरेगा, 15वी वित, कृषि विभाग, ग्रीन राशन कार्ड, स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत व्यक्तिगत शौचालय निर्माण, साइकिल, ट्राई साइकिल सहित लगभग दो करोड़ बावन लाख उनसठ हजार रुपए परिसंपत्तियों का वितरण किया गया। मौके पर बलराम पांडेय, विनोद गुप्ता, एफटीसी प्रमोद पांडेय, बीटीएम अध्यक्ष प्रमोद साहू, पीएलवी तृप्ता भानु, रविंद्र नाथ यादव, अरविन्द धर दुबे सभी पंचायत सचिव रोजगार सेवक, प्रखंड कार्यालय कर्मी एवं काफी संख्या में ग्रामीण जनता उपस्थित थे।


चेक प्रदान करते अतिथि।

## एक नजर

### जेंडर शपथ रैली जागरूकता अभियान

**कांडी।** प्रखंड कार्यालय पर रविवार को जेएसएलपीएस कांडी के द्वारा नई चेतना 3.ओ के तहत प्रखंड स्तरीय जेंडर आधारित हिंसा के खिलाफ जेंडर शपथ रैली जागरूकता अभियान चलाया गया। जिसमें उपस्थित बीडीओ राकेश सहाय, जनसेवक शाहिद अंसारी, सुपरवाइजर संध्या देवी, जिला वकील शिवकुमार, प्रखंड प्रशासनिक सहायक बाबूलाल शर्मा, आईपीआरपी संदीप कुमार साव, बैंक सखी एफएल सीआरपी सक्रिय महिला सखी मंडल के दीदी एवं अन्य लोग भाग लिए और एक साथ सबों की शपथ दिलाई गई। मौके पर अंजू देवी, प्रतिमा देवी, रूबी देवी, रीता देवी, रीमा देवी, शशि देवी, द्रौपदी देवी, रागनी कुमारी, ममता देवी, दीपांजलि देवी, परशुराम, संगीता देवी, रूपा देवी के अलावे अन्य कई लोग मौजूद थे।

### विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन

**कांडी।** प्रखंड कार्यालय के सभागार कक्ष में रविवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकार गढ़वा के तत्वावधान में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। बीडीओ सह सीओ राकेश सहाय की अध्यक्षता में आयोजित शिविर में वकील शिवकुमार, अधिकार मित्र राम नरेश मेहता, परशुराम ने मौके पर उपस्थित लोगों को नियम, कानून, अधिकार के अलावे अन्य कई बिंदुओं पर वृहद रूप से जानकारियां दी। ताकि लोग अपना-अपना अधिकार के प्रति सदैव सजग रहें, दूसरा कोई व्यक्ति उनके अधिकार लुट न सके। वहीं शिविर में उपस्थित 15 लोगों को सार्वजनिक पेंशन, 21 व्यक्तियों को अबुआ आवास का स्वीकृति पत्र तथा जेएसएलपीएस से संचालित सखी मंडल को बैंक लिंकेज 42 लाख रुपए की ऋण मुहैया कराया गया। मौके पर प्रखंड कृषि पदाधिकारी शाहिद अंसारी, बाल विकास परियोजना पर्यवेक्षिका संध्या देवी, जिला परिषद प्रतिनिधि दिनेश राम, राणाडीह मुखिया ललित बैठा के अलावे अन्य कई प्रखंड कर्मी मौजूद थे।

### जनजातियों के बीच कंबल का वितरण

**गढ़वा।** वनवासी कल्याण केंद्र झारखंड की गढ़वा जिला इकाई ने चिनियाँ प्रखंड के संपर्कित ग्राम पंचायत बेता ,पाल्हे, तुरीमुंडा, पूरेगड़ा परसुखाड़ में कोरवा परहिया, पखवारा जनजाति के बीच कम्बल का वितरण किया। ये कम्बल श्री रमेश चंद्र मेमोरियल चैरिटेबल ट्रस्ट नई दिल्ली ने उपलब्ध कराया था। कंबल का वितरण निहायत गरीब, वृद्ध, असहाय, विकलांग लोगों के बीच किया गया। ऐसे कुल 55 लोगों के कम्बल उपलब्ध कराया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से वनवासी कल्याण केंद्र गढ़वा के संगठन मंत्री योगेंद्र प्रसाद, जनजातीय हीत रक्षा प्रमुख शिवपूजन कोरवा, प्रखंड अध्यक्ष जयकिशोर सिंह खरवार, सचिव बंशीधर लोहार, जनजाति आचार्य नंदू कोरवा, सुरेंद्र परहिया विजय सिंह,शिव शंकर परहिया, मोहन सिंह, अनुज परहिया, पूनम कोरईन प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

### सीबीसी को मिला तीसरा स्थान

**सोनपुर।** विश्व प्रसिद्ध 32 दिवसीय मेले में केंद्रीय संचार ब्यूरो, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार, पटना द्वारा विकसित भारत @ 2047 : विकसित भारत के पथ पर अग्रसर विषय पर लगाए गए फोटो प्रदर्शनी का समापन आज किया गया। फोटो प्रदर्शनी का समापनसीबीसी के कार्यालय प्रमुख संजय कुमार और डॉल्फिन विशेषज्ञ डॉ गोपाल शर्मा की उपस्थिति में किया गया।

### लूट के मामले में दो अपराधी गिरफ्तार

**सुपौल।** बिहार में सुपौल जिले के भपटियाही थाना क्षेत्र में कुछ दिन हुए लूट के मामले में दो अपराधियों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस अधीक्षक शैशव यादव ने रविवार को यहां बताया कि 13 दिसंबर को अज्ञात अपराधियों ने एक सीएसपी में लूट की घटना को अंजाम दिया था। मामले में प्राथमिकी दर्ज कर जांच की जा रही थी । जांच के क्रम में मिले साक्ष्यों के आधार पर दो अपराधियों को गिरफ्तार कर उनके पास से लूट के छह हजार रुपए मिले हैं।

# श्रीजानकी बाग नवादा में श्रीमद्भागवत कथा 17 से

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** गोरक्षधाम की प्रख्यात आठ वर्षीया साध्वी श्वेतिमा माधव प्रिया के सानिध्य में 17 से 23 दिसंबर तक जिला मुख्यालय में पुराने समाहरणालय के पीछे अवस्थित श्रीजानकी बाग, नवादा में सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का आयोजन में किया गया है। 17 दिसंबर 2024 को प्रातः 7 बजे से कलश यात्रा का शुभारंभ होगा। तथा 17 से 23 दिसंबर 2024 तक संध्या 5 बजे से प्रतिदिन श्रीमद्भागवत कथा होगी। साध्वी श्वेतिमा माधव प्रिया पूरे विश्व में सनातन धर्म के प्रचार-प्रसार में लगी हैं। उनका कहना है कि श्रीमद्भागवत कथा का वाचन धर्म के प्रचार में मिशन होगा, न कि धन उपार्जन हेतु प्रोफेशन। साध्वी श्वेतिमा माधव प्रिया ने केवल आठ वर्ष की आयु में ही पूरे भागवत कथा के सार को अपना लिया है और बड़े ही सारगर्भित और रोचक ढंग से वह भागवत पुराण में लिखित श्लोकों को श्रोताओं तक पहुंचाने का कार्य कर रही हैं। विदित हो कि साध्वी श्वेतिमा माधव प्रिया के पिता सौरभ पांडेय धराधाम अंतराष्ट्रीय सेवा संस्थान के संस्थापक हैं और माता रागिनी पाण्डेय एक प्रसिद्ध समाजसेविका हैं। साध्वी श्वेतिमा माधव प्रिया का कहना है कि अद्भुत, अलौकिक और दिव्य अनुभूतियुक्त श्रीमद्भागवत कथा श्रवण मात्र से हृदयस्थ छुपे विनाशक शत्रु रूपी काम, क्रोध, मद, मोह, लाभ, अहंकार, ईर्ष्या, द्वेष, छल, कपट, प्रपंच आदि का सर्वनाश होता है। जिससे व्यक्ति का अंतःकरण शुद्ध हो कर ऐसे खिल उठता है जैसे सूरज के उदय होने से कमल। फिर व्यक्ति प्रकृति के रहस्यों को समझने के काबिल भी हो जाता है। पुराणों में वर्णित है कि जहाँ कहीं भी श्रीमद्भागवत कथा होती है तो देवता भी अदृश्य रूप में कथा अमृत का रसपान करते हैं। ऋषियों के अनुसार यह अमृत से भी दुर्लभ और कीमती है। अभिभावक के रूप में गढ़वा-रंका विधान सभा क्षेत्र के विधायक सत्येंद्र नाथ तिवारी रहेंगे तथा भामाशाह स्वरूप युवा हृदय सम्राट आलोक त्रिपाठी उर्फ टुल्लू ,विकास कुमार माली, उदय मिश्रा उर्फ बउआ मिश्रा, कुलपति दिनेश सिंह, विजय सोनी, विमलेश शुक्ला, मिथिलेश दुबे उर्फ मंटू दुबे, सुरेन्द्र यादव, नीरज श्रीधर स्वर्गीय, अधिवक्ता आशीष दुबे अग्निवीर, अमर साव, चंदन कुमार रूज, सुदामा बिंद, लखन बिंद, छठू बिंद, सुनील बिंद, श्याम देव बिंद, नागेंद्र बिंद, पुरुषोत्तम सिंह चंदेल , अजित मेहता सहित नवादा पंचायत व गढ़वा शहर के भक्तजनों के सहयोग से श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है।




# मेराल में विधिक जागरूकता सह सशक्तिकरण शिविर आयोजित


उद्घाटन करते अतिथि।

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वावधान में जिले के मेराल प्रखंड परिसर में रविवार को विधिक जागरूकता सह सषक्तिकरण शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन एलईडीसी अनिता रंजन, मेराल बीडीओ सतीश भगत, पीएलवी रामा शंकर चैबे, पीएलवी संगीता सिन्हा ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर किया। मौके पर एलएडीसी ने कहा कि जिला विधिक सेवा प्राधिकार गढ़वा से जो व्यक्ति कानूनी सहायता प्राप्त करना चाहते हैं, वे पीएलवी संगीता सिन्हा के माध्यम से कानूनी सहायता प्राप्त कर सकते हैं। साथ ही पीएलवी रमाशंकर चैबे से संपर्क कर आवश्यक जानकारियां प्राप्त कर सकते हैं। बीडीओ ने कहा कि जिला विधिक सेवा प्राधिकार द्वारा आयोजित यह कार्य सराहनीय व प्रशंसनीय है। उन्होंने इस तरह के विधिक जागरूकता सशक्तिकरण शिविर के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकार गढ़वा की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का लाभ आम ग्रामीणों को मिले यही कार्यक्रम का उद्देश्य है। कार्यक्रम के दौरान गोदभराई कार्यक्रम, एसबीआई द्वारा गठित सात समूहों के महिलाओं को 10 लाख 50 हजार रुपए का चेक, जेआरजीबी द्वारा गठित 30 महिला समूहों को 30 लाख का चेक, पीएम आवास योजना के पांच लाभुकों को चेक, पांच लाभुकों को मनरेगा जॉब कार्ड, नौ लाभुकों के बीच सर्वजन पेंशन योजना, पांच लाभुकों को मईयां सम्मान योजना का लाभ, पांच लाभुकों के बीच मक्का बीज एवं दवा का वितरण किया गया। जबकि चार विकलांगों को व्हीलचेयर प्रदान किया गया। इस दौरान काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

# मझिआंव एवं बरडीहा में विधिक सेवा जागरूकता कार्यक्रम

खबर मन्त्र संवाददाता

**मझिआंव।** मझिआंव एवं बरडीहा प्रखंड कार्यालय में रविवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकार गढ़वा के तत्वाधान में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। मझिआंव प्रखंड कार्यालय के सभागार में आयोजित कार्यक्रम का सिविल जज वीणा कुमारी एवं बीडीओ श्रीमति कनक एवं अन्य लोगों के द्वारा संयुक्त रूप दीप प्रज्वलित कर उदघाटन किया गया। इस अवसर पर कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय की छात्राओं ने स्वागत गीत गाकर सिविल जज का स्वागत किया। कार्यक्रम में ग्रामीणों को जानकारी देते हुए सिविल जज ने बताया कि यदि महिला घरेलू हिंसा का शिकार होती है तो वह कोर्ट का रुख कर सकती हैं। आज के परिवेश में महिलाओं का हर क्षेत्र में बोल वाला है। जो एक अच्छा सूचक है उन्होंने कहा कि महिलाएं किसी भी समस्या के लिए पहले प्रखंड कार्यालय, इसके बाद जिला कार्यालय और आवश्यकता पड़े तो राज्य कार्यालय में जाकर अपनी स्थिति स्पष्ट कर सकती हैं। सरकार सभी क्षेत्रों में आवश्यकता अनुसार योजनाओं का चयन एवं कार्यान्वयन करवा रही है, आप सिर्फ सही स्थान पर जाकर आवेदन प्रस्तुत करें। इस अवसर पर सिविल जज द्वारा डायन बिसाही एवं बाल विवाह जैसी कुप्रथा पर भी प्रकाश डाला और ग्रामीणों को जागरुक होकर इसका सामना करने की सलाह दी। कार्यक्रम में सर्वजन पेंशन योजना के 10 लाभुको को स्वीकृति पत्र दी गई। साथ ही जेएसएलपीएस के महिला समूहों के बीच 03 करोड़ 19 लाख रुपये की राशि का चेक का वितरण किया गया। इसके अतिरिक्त बल विकास परियोजना द्वारा 3 लाभुकों का गोद भराई,दो लाभुकों का अन्नप्राशन, दो लाभुकों को सावित्रीबाई फुले योजना का लाभ, दो लाभुकों को मुख्यमंत्री कन्यादान योजना एवं चार दिव्यांगों के बीच ट्राई साइकिल का वितरण किया गया।

# संगठन महापर्व सदस्यता महाभियान को लेकर भाजपाईयों की बैठक संपन्न

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** भाजपा कार्यालय पिंडरा गढ़वा में संगठन महापर्व सदस्यता महाभियान को लेकर जिलाध्यक्ष ठाकुर प्रसाद महतो की अध्यक्षता में बैठक की गई। बैठक की शुरूआत पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्रों पर पुष्पांजलि अर्पित कर एवं वंदे मातरम गीत के साथ किया गया। मौके पर भाजपा प्रदेश महामंत्री मनोज सिंह ने कहा कि 22 दिसंबर से सदस्यता महाभियान प्राथमिक सदस्यता महाभियान चलेगा। 2 जनवरी से 15 जनवरी तक सक्रिय सदस्यता अभियान चलाया जाएगा। सक्रिय सदस्य बनने के लिए कम से कम पचास लोगों को सदस्य बनाना अनिवार्य है। ऑनलाइन सदस्य बनने के लिए 8800002024 पर मिस कॉल मारने पर लिंक आएगा और लिंक पर क्लिक कर फार्म भरकर सबमिट करना होगा। उन्होंने कहा कि मोर्चा अध्यक्ष जिला पदाधिकारी को 500 सदस्य बनाना अनिवार्य है। सदस्यता महाभियान को लेकर मंडल स्तर पर 18 और 19 दिसंबर को बैठक की जाएगी। जिला प्रभारी बिपिन बिहारी सिंह ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता पार्टी के रीढ़ हैं। कार्यकताओं के दम पर ही भाजपा विश्व की सबसे बड़ी पार्टी बनी है। गढ़वा जिले में सदस्यता अभियान से गांव शहर हर जगह से लोगों को जोड़ा जाएगा। सदस्यता महाभियान टोली के सदस्य पूर्व सांसद घुरन राम ने कहा कि भाजपा कार्यकताओं के दम पर हर घर सदस्यता अभियान चलाएगी। सदस्यता अभियान पार्टी का एक महत्वपूर्ण कार्य है इसके लिए सभी कार्यकताओं को बुथ से लेकर जिला तक पूरी तन्मयता से काम करना होगा। मौके पर सुरज गुप्ता, विनोद तिवारी, ब्रजेश उपाध्याय, मुरली श्याम सोनी, रितेश चैबे, राजीव रंजन तिवारी, संजय ठाकुर, मथुरा पासवान, रामशीष तिवारी, ओमप्रकाश गुप्ता, टिंकू गुप्ता, अनिता गुप्ता, मधुलता कुमारी, लक्ष्मण राम, राजकुमार विश्वकर्मा, मीरा यादव, संजय जायसवाल आदि कार्यकर्ता मौजूद थे।


बैठक करते भाजपाई।

# रमना में विधायक का भव्य स्वागत



**रमना।** नवनिर्वाचित विधायक आनंद प्रताप देव चुनाव जीतने के बाद पहली बार रमना के पावन धरती पर पहुंचे। जहां पर आभार सभा का आयोजन किया गया। रमना पहुंचते ही कार्यकर्ताओं ने विधायक आनंद प्रताप देव का माला पहनाकर भव्य स्वागत किया। विधायक अनंत प्रताप देव एवं ताहिर अंसारी ने रमना मानस मंदिर जाकर पूजा अर्चना की। विधायक ने भगत सिंह चैक पहुंचकर भगत सिंह पर प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। मौके पर विधायक श्री देव ने कहा कि रमना वासियों ने हमें अपना बहुमूल्य वोट देकर चुनाव में भारी मतों से जीत हासिल कराया है। हमें 5 वर्षों तक सेवा करने का मौका दिया है। जिसके लिए मैं यहां की जनता का ऋणी हूं। उन्होंने कहा कि जनता से किए गए वादों को एक-एक करके निश्चित रूप से पूरा करेंगे। उन्होंने कहा कि रमना प्रखंड के लोग हमारे दिल में बसते हैं। उन्होंने कहा कि हमने चुनाव में जो वादे किए हैं उसे एक-एक कर पूरा करूंगा और पंचायत स्तर पर कार्यकताओं से बैठकर हर समस्या को सुनने और समस्या का समाधान करने का प्रयास करूंगा। उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र की बड़ी समस्या बेरोजगारी और पलायन है। भवनाथपुर में पावर प्लांट लगाकर निश्चित रूप से लोगों का बेरोजगारी और पलायन रोकने का काम करूंगा। मौके पर काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

### देश की एकता-अखंडता में पटेल का योगदान ऐतिहासिक : चौधरी

**पटना।** उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने भारत रत्न और लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि सरदार पटेल ने 565 देशी रियासतों का भारतीय संघ में विलय कर देश की एकता-अखंडता को मजबूत करने में ऐतिहासिक भूमिका निभायी थी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मंत्री और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार सच्चे अर्थों में सरदार पटेल के सपनों को साकार कर रहे हैं। चौधरी ने कहा कि पिछड़ा विरोधी मानसिकता वाली कांग्रेस ने सरदार पटेल को कभी सम्मान नहीं दिया जबकि प्रधानमंत्री मोदी ने गुजरात के सरदार सरोवर बांध पर लौह पुरुष की सबसे ऊंची प्रतिमा बनवाकर उन्हें वह सम्मान दिया, जो उनके ऐतिहासिक और महान योगदान के अनुरूप था। उन्होंने कहा कि तत्कालीन कांग्रेस सरकार ने धारा-370 और 35-ए की असंवैधानिक व्यवस्था कर जम्मू-कश्मीर को शेष भारत से अलग-थलग रखा।

## 2025 में 225 से भी ज्यादा सीटें जीतकर बिहार में एनडीए की सरकार बनाएंगे : चिराग

एजेंसी



**पटना।** लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास ) के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह केंद्रीय प्रसंस्करण उद्योग मंत्री चिराग पासवान ने आज कहा कि वर्ष 2025 में 225 से भी ज्यादा सीटें जीतकर बिहार में एनडीए की सरकार बनाएंगे। श्री पासवान ने बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री और राष्ट्रीय जनता दल (राजद)नेता तेजस्वी यादव पर तीखा प्रहार किया है। तेजस्वी की इस घोषणा पर जब उनकी सरकार बनेगी तो माता और बहनों के लिए कई योजना चलाई जाएगी। तेजस्वी की इस ऐलान पर केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि जब उनकी सरकार थी, तब मां-बहनों की इज्जत लूटी जाती थी। उस वक्त कहां थे, जब उनके ही परिवार के दो-दो मुख्यमंत्री रहा करते थे। उस वक्त मां-बहनों की चिंता क्यों नहीं हुई? आज जब एनडीए की सरकार इस तरह की योजना ला रही है तो उनकी नकल कर रहे हैं। श्री पासवान ने कहा कि जिस तरीके से आज एनडीए में एकजुटता है।यही एकजुटता रही तो यह लोग दहाई का आंकड़ा भी पार नहीं कर सकते, लेकिन 2025 में हम लोग 225 से भी ज्यादा सीटें जीतकर बिहार में एनडीए की सरकार बनाने जा रहे है, इसमें अब कहीं, कोई संदेह नहीं है ।


## मणिपुर में उपद्रवी हिंसा में मरने वाले बिहार के दो मजदूरों के परिजनों को मिलेंगे दो-दो लाख

एजेंसी



**पटना।** मणिपुर में उपद्रवी हिंसा में बिहार के गोपालगंज जिले के दो मजदूरों की हत्या से मर्माहत मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने दोनों मृतकों के परिजनों को मुख्यमंत्री राहत कोष से 02-02 लाख रुपये देने की घोषणा की है। साथ ही श्रम संसाधन विभाग एवं समाज कल्याण विभाग से संचालित योजनाओं से नियमानुसार अन्य लाभ दिलाने के लिए अधिकारियों को निर्देशि दिया है। मुख्यमंत्री ने मणिपुर में बिहार निवासियों लक्ष्मण कुमार और दशरथ कुमार की हत्या पर गंभीर चिन्ता व्यक्त की है। मुख्यमंत्री ने दिल्ली में बिहार के स्थानिक आयुक्त को स्थिति की जानकारी लेने तथा हरसंभव सहायता उपलब्ध कराने एवं मृतकों के पार्थिव शरीर को उनके पैतृक गांव पहुंचाने के लिये सभी आवश्यक व्यवस्थाएं करने का निर्देश दिया है। उल्लेखनीय है कि मणिपुर में शनिवार को हुई दो अलग-अलग घटनाओं में तीन लोगों की जान चली गई। इनमें बिहार के दो मजदूर थे, जिनकी गोली मारकर हत्या कर दी गई। घटना काकचिंग जिले में हुई। दो बिहारी मजदूरों सुनेलाल कुमार (18) और दशरथ कुमार (17) की अज्ञात हमलावरों ने गोली मारकर हत्या कर दी। दोनों गोपालगंज जिले के रहने वाले थे और काकचिंग के मैतेई बहुल इलाके में रहते थे।

## क्रिकेट का महाकुंभ आज से, 53 टीमों के बीच होगा मुकाबला



**गढ़वा।** जिला मुख्यालय के गोविंद प्लस टू विद्यालय के मैदान में 16 दिसंबर 2024 से 15 जनवरी 2025 तक क्रिकेट का महाकुंभ शुरू हो रहा है। इस 23वीं गढ़वा जिला अंतर स्कूल क्रिकेट प्रतियोगिता का उद्घाटन 16 दिसंबर 2024 को पूर्वाह्न 11 बजे डीसी शेखर जमुआर और एसपी दीपक कुमार पांडेय करेंगे। उद्घाटन मैच आरके पब्लिक स्कूल, गढ़वा बनाम सीप. मेमोरियल स्कूल, सहिजना के बीच खेला जाएगा। इसकी जानकारी अंतर स्कूल क्रिकेट प्रतियोगिता समिति के संरक्षक अलखनाथ पांडेय ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में दी। उन्होंने कहा कि इस प्रतियोगिता में इस वर्ष कुल 53 टीमें भाग ले रही हैं। जिसमें सीनियर वर्ग में 16, जूनियर वर्ग के 27 और महिला वर्ग के 10 टीमें शामिल हैं। इस प्रतियोगी के लिए अंपायर, स्कोरर, पर्यवेक्षक की नियुक्ति कर ली गई है। विवाद निपटारा कमेटी का भी गठन किया गया है। मौके पर आयोजन समिति के उपाध्यक्ष धनंजय सिंह, दीपक सिंह, अशोक विश्वकर्मा, चंद्रभूषण सिंहा, सचिव आनंद सिंहा, सह सचिव प्रिंस सोनी, कोषाध्यक्ष कमलेश दुबे, आशुतोष रंजन, अभिमन्यु पाठक, रानू, अभय, पीके दुबे सहित कई लोग उपस्थित थे।

## भारतीय महिला टीम ने वेस्टइंडीज को हराया

**नवी मुंबइ।** जेमिमाह रॉड्रिग्स (73),स्मृति मंधाना (54) रनों की तूफानी पारियों के बाद तितास साधु (तीन विकेट) , राधा यादव और दीप्ति शर्मा के (दो-दो विकेट) की शानदार गेंदबाजी की बदौलत भारतीय महिला टीम ने रविवार को पहले टी-20 मुकाबले में वेस्टइंडीज की महिला टीम को 49 रनों से शिकस्त दी। इसी के साथ भारत ने तीन मैचों की सीरीज में 1-0से बढ़त बना ली हैं। भारतीय महिला टीम के 195 रनों के जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी वेस्टइंडीज की शुरूआत बेहद खराब रही और उसने दूसरे ही ओवर में सलामी बल्लेबाज हेली मैथ्यूज (एक) का विकेट गवां दिया। सातवें ओवर में शमैन कैंपबेल (13)को दीप्ति शर्मा ने बोल्ड कर पवेलियन भेज दिया। इसके बाद डिएंड्रा डॉटिन ने किआना जोसेफ के साथ पारी को संभाला और तेजी के साथ रन बटोरे। दोनों के बीच तीसरे विकेट के लिए 44 रनों की साझेदारी हुई। तितास साधु ने 10वें ओवर में किआना जोसेफ (49) को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा। शिनेल हेनरी (सात), डिएंड्रा डॉटिन (52) और ऐफी फ्लेचर (शून्य) पर आउट हुई। 19वें ओवर में राधा यादव ने जायडा जेम्स (पांच) को आउट किया। शबीका गजनबी (15) और मैंडी मैंगरु (दो) रन बनाकर नाबाद रही। वेस्टइंडीज की टीम निर्धारित 20 ओवर में सात विकेट पर 146 रन ही बना सकी और 49 रनों से मुकाबला हार गई। भारत की ओर से तितास साधु ने तीन विकेट लिये। दीप्ति शर्मा को दो विकेट मिले। राधा यादव ने एक बल्लेबाज को आउट किया।

# नवादा में युवक की गला रेतकर हत्या,तालाब में मिली लाश

एजेंसी

**नवादा।** नवादा जिले के पकरीबरावां थाना इलाके के कोनंदपुर पंचायत के बढ़ौना गांव के तालाब से रविवार को एक युवक की लाश बरामद हुई है। युवक की गला रेत कर हत्या की गई है। गांव से दक्षिण- पश्चिम स्थित तालाब से लाश बरामद की गई है। मृतक की उम्र 30 वर्ष के आसपास की है। तालाब की ओर गए ग्रामीणों ने तालाब में तैरते हुए लाश देखा, जिसके बाद यह खबर पूरे इलाके में जंगल में आग की तरह फैल गई। जानकारी मिलते ही ग्रामीण तालाब पर जुटने लगे। देखते ही देखते वहां पर ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। ग्रामीणों द्वारा दूरभाष पर तालाब में लाश होने की सूचना पकरीबरावां पुलिस को दी गई। सूचना उपरांत पहुंची पुलिस ने लाश को तालाब से निकाला एवं उसकी पहचान में जुट गई।

### गला काटकर की गई हत्या

तालाब से लाश निकालते ही पुलिस सहित ग्रामीण आवाक रह गए। युवक की गला काटकर हत्या हुई है। धारदार हथियार से हत्या कर लाश को तालाब में फेंका गया है। शुरूआत में ग्रामीणों को लगा कि डूबकर युवक की मौत हुई है, परंतु लाश के बाहर आते ही यह स्पष्ट हो गया कि युवक की हत्या की गई है। युवक कौन है, गांव कब व कहां से आया? इसकी हत्या क्यों की गई एवं इसमें कौन लोग शामिल हैं, इसपर ग्रामीण चर्चा कर रहे हैं। पुलिस द्वारा ग्रामीणों से पूछताछ की गई, परंतु इस संबंध में ग्रामीण कुछ भी बताने में असमर्थ है।लाश की पहचान में पुलिस जुटी है। एफएसएल टीम को भी बुलाया गया है, जहां टीम द्वारा साक्ष्य संकलन किया गया। साथ ही लाश को पोस्टमॉर्टम के लिए सदर अस्पताल नवादा भेज दिया गया है।

### मधेपुरा : पेट्रोल पंप से 35 हजार की लूट

**मधेपुरा।** बिहार के मधेपुरा जिले में सदर थाना क्षेत्र के मधेपुरा-पतरघट मुख्य मार्ग पर सुखासन के निकट एक पेट्रोल पंप से आज हथियार बंद अपराधी 35 हजार रुपये लूटकर फरार हो गया। पुलिस सूत्रों ने शनिवार को यहां बताया कि एक बाइक पर सवार तीन बदमाश पेट्रोल पंप पर पहुंचा और 599 रुपये का पेट्रोल देने को कहा। पेट्रोल देने के बाद जब नोजलमैन टुनटुन कुमार ने उनसे रुपये मांगे तो अपराधियों में से दो ने हथियार का भय दिखाकर रुपये से भरा थैला उससे छीन लिया और फरार हो गए। नोजलमैन के थैला में करीब 35 हजार रुपये थे।

### वाहन लुटेरा गिरोह के पांच अपराधी गिरफ्तार

**छपरा।** बिहार में सारण जिले के मुफस्सिल थाना क्षेत्र से पुलिस ने वाहन लुटेरा गिरोह के पांच अपराधियों को गिरफ्तार किया है। सारण के पुलिस अधीक्षक डॉ. कुमार आशीष ने रविवार को पत्रकार वार्ता में बताया कि 30 नवम्बर को छूरी छपरा में कुछ अपराधकर्मियों द्वारा ट्रक एवं मोबाईल लूट की घटना को अंजाम दिया गया था। मामले में पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज की थी।

# देश में 31 मार्च तक खत्म होगा नक्सलवाद

## छत्तीसगढ़ पुलिस नक्सलियों के ताबूत में आखिरी कील ठोकने को तैयार : अमित शाह



- नक्सलियों से हथियार छोड़कर मुख्य धारा में लौटने की अपील
- गृहमंत्री ने छत्तीसगढ़ पुलिस को सौंपा राष्ट्रपति निशान

एजेंसी

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ की पुलिस नक्सलियों के ताबूत में आखिरी कील ठोकने की तैयारी में है। यह बात केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को रायपुर के पुलिस परेड ग्राउंड में आयोजित राष्ट्रपति निशान अलंकरण समारोह में कही। उन्होंने नक्सलियों से हथियार छोड़कर मुख्य धारा में लौटने की अपील की। केंद्रीय गृह मंत्री शाह ने कहा कि प्रदेश की पुलिस ने कानून-व्यवस्था और नक्सल मोर्चे के साथ ही कोरोना महामारी में भी बहुत अच्छा काम किया है। केंद्र और राज्य सरकार छत्तीसगढ़ और देश को नक्सलमुक्त बनाने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि 31 मार्च तक छत्तीसगढ़ और देश से नक्सलवाद का पूर्णतः खात्मा हो जाएगा। केंद्रीय गृह मंत्री ने राज्य की पुलिस को राष्ट्रपति निशान (पुलिस कलर्स अवार्ड-2024) सौंपा। यह देश के सशस्त्र बलों को दिया जाने वाला सर्वोच्च सम्मान है। विगत 24 वर्षों में छत्तीसगढ़ पुलिस की असाधारण सेवाओं, बहादुरी और कर्तव्यपरायणता के लिए राज्य को यह सम्मान मिला है। शाह ने राष्ट्रपति निशान अलंकरण समारोह में छत्तीसगढ़ पुलिस को बधाई देते हुए कहा कि राष्ट्रपति का पुलिस कलर्स अवार्ड केवल एक सम्मान नहीं है, यह सेवा और कर्तव्य का प्रतीक है। छत्तीसगढ़ पुलिस ने नक्सलवाद, संगठित अपराध और मादक पदार्थों के खिलाफ लड़ाई में जो साहस और प्रतिबद्धता दिखाई है, वह अभूतपूर्व है। छत्तीसगढ़ पुलिस देश के सर्वश्रेष्ठ और बहादुर पुलिस बलों में से एक बनकर उभरा है। उन्होंने छत्तीसगढ़ पुलिस की तारीफ करते हुए कहा कि उसने न केवल कानून और व्यवस्था को बनाए रखा है, बल्कि जनता के विश्वास को भी मजबूत किया है। उन्होंने उम्मीद जताई कि राष्ट्रपति का पुलिस कलर्स अवार्ड पुलिस बल के लिए प्रेरणा का स्रोत बनेगा, उनका हौसला और मनोबल बढ़ाएगा। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ की जांबाज पुलिस को राष्ट्रपति निशान सौंपना मेरे लिए भी गर्व की बात है। यह सम्मान छत्तीसगढ़ की पुलिस की कड़ी मेहनत, समर्पण और जनता के प्रति लगाव का द्योतक है। उन्होंने समारोह में देश के पहले गृह मंत्री सरदार वल्लभ भाई पटेल को आज उनकी पुण्य तिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि सरदार पटेल ने देश को एकता के सूत्र में पिरोने का जो कार्य किया, उसे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अनुच्छेद-370 को हटाकर और मजबूत किया है। राष्ट्रपति निशान अलंकरण समारोह में परेड द्वारा मुख्य अतिथि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को सलामी दी गई। उन्होंने सलामी के बाद परेड का निरीक्षण किया। महिला और पुरुष प्लाटून द्वारा मार्चपास्ट भी किया गया। शाह ने धर्मगुरुओं द्वारा मंत्रोच्चार के बाद आकाश में तिरंगे गुब्बारों और शानदार आतिशबाजी के बीच छत्तीसगढ़ पुलिस को राष्ट्रपति निशान सौंपा। इस अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, छत्तीसगढ़ विधानसभा के अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा, उप मुख्यमंत्री अरुण साव, केंद्रीय गृह सचिव गोविंद मोहन और अन्य उपस्थित थे।


## सुकमा में दंपति सहित पांच हार्डकोर नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण

एजेंसी

**सुकमा।** छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले के नक्सल संगठन में सक्रिय एक नक्सली दंपति सहित पांच हार्डकोर नक्सलियों ने रविवार को आत्मसमर्पण किया।आत्मसमर्पित नक्सलियों पर कुल 25 लाख रुपये के इनाम घोषित है। आत्म समर्पित नक्सली 8 लाख की इनामी धन्नी उर्फ कलमू जोगी निवासी बडेसट्टी कोंगोंडीपारा सुकमा, 8 लाख के इनामी सोनू उर्फ अभय का सुरक्षा गार्ड पार्टी सदस्य अनवेश उर्फ आकाश उर्फ वेट्टी भीमा निवासी कोमलपाड थाना किस्टाराम जिला सुकमा, 5 लाख के इनामी दक्षिण बस्तर डिवीजन कम्युनिकेशन टीम कमाण्डर, अतिरिक्त प्रभार डिवीजन कमाण्ड सदस्य, एसीएम मौसम महेश पिता स्व. कन्ना 35 वर्ष गगनपल्ली, कलगुड़ापारा थाना एराबोर जिला सुकमा, 2 लाख के इनामी दक्षिण बस्तर डिवीजन आईटीम पार्टी सदस्या 33 वर्षीय हेमला मुन्नी पत्नी मौसम महेश निवासी दुबमरका थाना किस्टाराम जिला सुकमा और 02 लाख के इनामी दक्षिण बस्तर डिवीजन सीएनएम पार्टी सदस्या 23 वर्षीय माड़वी पोज्जे पत्नी देवा मुचाकी निवासी साकलेर थाना किस्टाराम जिला सुकमा ने नक्सल संगठन को छोड़कर समाज की मुख्यधारा में जुड़ने के उद्देश्य से आज 15 दिसंबर को पुलिस अधीक्षक कार्यालय, एसपी किरण चव्हाण, डीआईजी ऑफिस सुकमा द्वितीय कमान अधिकारी सुरेश सिंह, एएसपी अभिषेक वर्मा, एसडीओपी परमेश्वर तिलकवार, एएसपी अधीक्षक नक्सल ऑप्स मनीष रात्रे के समक्ष बिना हथियार के आत्मसमर्पण कर दिया।

## स्पीड न्यूज

### हॉलीवुड के ऑफर में कुछ एक्साइटिंग नहीं लगा : श्रद्धा कपूर



**नयी दिल्ली।** बॉलीवुड अभिनेत्री श्रद्धा कपूर का कहना है कि उन्हें हॉलीवुड से कुछ ऑफर्स आए थे, लेकिन उन्हें कुछ एक्साइटिंग नहीं लगा। श्रद्धा कपूर को आखिरी बार फिल्म स्त्री 2 में देखा गया था। श्रद्धा कपूर हाल ही में एजेंडा आजतक 2024 के इवेंट स्त्री तुम बार-बार आना में शिरकत करती दिखीं हॉलीवुड में काम करने के बारे में पूछे जाने पर श्रद्धा कपूर ने कहा, मैं सच कहूं तो मुझे कुछ ऑफर्स आए थे, लेकिन कुछ एक्साइटिंग मुझे नहीं लगा। जैसे हिंदी फिल्मों के साथ मेरा अप्रोच है तो यदि मुझे कुछ एक्साइटिंग नहीं लगता तो मैं वो फिल्म नहीं करती।

### कुंभ विश्व का सबसे बड़ा मेला : तोगड़िया



**कौशांबी।** कानपुर से प्रयागराज कुंभ जा रहे अंतरराष्ट्रीय हिन्दू परिषद नेता प्रवीण तोगड़िया ने सैनी कस्बे में रुककर कार्यकर्ताओं का अभिवादन स्वीकार किया। मीडिया से बात कर उन्होंने कुभ में आगंतुक यात्रियों को चाय वितरण करने, कंबल वितरण एवं भंडारे चलाने का आवाहन किया है। इसके अलावा प्रवीण तोगड़िया ने कुंभ को विश्व का सबसे बड़ा मेला बताया। जहां एक साथ 30 से 40 करोड़ लोग आते है। तोगड़िया ने बताया, महाकुंभ में अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद कैंप लगाकर यात्रियों को भारी मात्रा में चाय कंबल एवं भंडारे का वितरण कर सेवा करेगा।

### ग्वालियर में ट्रैक्टर पलटने से चार मरे

**ग्वालियर।** जिले के घाटीगांव में शनिवार की रात एक तेज रफ्तार ट्रैक्टर-ट्रॉली अनियंत्रित होकर पलट गई। इस हादसे में चार लोगों की मौत हो गई और 15 लोग घायल हो गए। सूचना मिलने पर पुलिस और जिला प्रशासन के अधिकारी मौके पर पहुंचे और घायलों को जेएएच के ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया गया। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने हादसे पर दुख व्यक्त करते हुए मृतकों के परिजनों को चार-चार लाख रुपये सहायता देने के निर्देश दिए।

### उत्कर्ष कोचिंग में गैस रिसाव, 12 से अधिक छात्र बेहोश



जयपुर। महेश नगर थाना इलाके स्थित उत्कर्ष कोचिंग में रविवार देर शाम एक अप्रत्याशित घटना हुई, जिसमें 12 से अधिक छात्र-छात्राओं की तबीयत बिगड़ गई और वे बेहोश हो गए। यह घटना क्लास के दौरान कोचिंग के एससी में गैस रिसाव से हुई बदबू के कारण हुई। थानाधिकारी कविता शर्मा के अनुसार, रिद्धि-सिद्धि तिराहे के पास स्थित उत्कर्ष कोचिंग में यह हादसा हुआ। रविवार शाम करीब पौने आठ बजे क्लास के दौरान छात्रों ने एक अजीब बदबू महसूस की, जिसके बाद 12 से अधिक छात्रों की तबीयत बिगड़ने लगी। कोचिंग प्रबंधन ने स्थिति की गंभीरता को देखते हुए तुरंत 108 एंबुलेंस बुलाकर छात्रों को पास के निजी अस्पताल में भर्ती कराया।

# महाराष्ट्र में 39 मंत्रियों ने ली शपथ

- फडणवीस मंत्रिमंडल में 33 कैबिनेट व 6 राज्यमंत्री बने
- भाजपा के 19, शिंदे के 11 व राकांपा के 9 विधायकों ने ली मंत्रीपद की शपथ



एजेंसी

**मुंबई।** मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के मंत्रिमंडल का विस्तार हो गया। रविवार को नागपुर में राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने 39 विधायकों को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई है। इनमें 33 कैबिनेट और 6 राज्यमंत्री हैं। इस बार चार महिला विधायकों मंत्री बनने का अवसर मिला है, जबकि 20 नए चेहरे मंत्री समूह में शामिल किए गए हैं। मंत्रियों के विभागों का बंटवारा जल्द किए जाने की संभावना व्यक्त की जा रही है।

देवेंद्र फडणवीस के मंत्रीमंडल में 20 नए चेहरों को शामिल किया गया है, इनमें भाजपा के नौ, शिंदे समूह के छह और राकांपा अजीत पवार गुट के पांच विधायक शामिल हैं। देवेंद्र फडणवीस के मंत्री समूह में भाजपा नेता स्वर्गीय गोपीनाथ मुंडे की बेटी पंकजा मुंडे और भतीजे धनंजय मुंडे को कैबिनेट मंत्री बनाया गया है। स्वर्गीय भाजपा नेता पांडुरंग पुंडकर के बेटे आकाश फुंडकर को भी देवेंद्र फडणवीस के मंत्री समूह में जगह मिली है।


मंत्रीमंडल में अनुभवी मंत्रियों के रुप में चंद्रकांत पाटिल, राधाकृष्ण विखे पाटिल, चंद्रशेखर बावनकुले, गिरीश महाजन, गणेश नाईक, मंगलप्रताप लोढ़ा शामिल हैं। मुंबई के विधायक मंगलप्रताप लोढ़ा ने संस्कृत भाषा में शपथ ली है। उल्लेखनीय है कि विधानसभा चुनाव में भारी बहुमत मिलने के बाद भाजपा नेता देवेंद्र फडणवीस ने मुंबई में 5 दिसंबर को तीसरी बार मुख्यमंत्री पद की शपथ ली थी। देवेंद्र फडणवीस के साथ ही शिवसेना शिंदे समूह के एकनाथ शिंदे और राकांपा एपी के अजीत पवार ने उपमुख्यमंत्री के रूप में शपथ थी। आज भाजपा के 19 विधायकों ने मंत्री पद और गोपनीयता की शपथ ली है। इस प्रकार मंत्रिमंडल में फडणवीस सहित 20 मंत्री पद भाजपा के हिस्से में आए हैं। शिवसेना शिंदे समूह को उपमुख्यमंत्री पद के सहित 12 मंत्री पद मिले हैं, जबकि राकांपा एपी को उपमुख्यमंत्री पद सहित कुल 10 मंत्री पद मिले हैं। पिछली बार मंत्री रहे कई विधायकों का पत्ता कट गया है। इनमें भाजपा की ओर से सुधीर मुनगंटीवार, अतुल सावे,राकांपा एपी की ओर से छगन भुजबल, दिलीप वलसे पाटिल, धर्मराव बाबा अत्राम , अनिल पाटिल तो शिवसेना शिंदे समूह के अब्दुल सत्तार, दीपक केसरकर, तानाजी सावंत आदि को इस बार मंत्री नहीं बनाया गया है।



लौहपुरुष पटेल की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ।

## आप में शामिल हुये रमेश पहलवान और कुसुम लता

### दिल्ली विधानसभा चुनाव से पहले भाजपा को झटका



नयी दिल्ली। दिल्ली विधानसभा चुनाव से पहले भाजपा नेता रमेश पहलवान अपनी पत्नी और दो बार की पार्षद कुसुम लता के साथ रविवार को आम आदमी पार्टी (आप) में शामिल हो गए। रमेश पहलवान कस्तूरबा नगर सीट से विधानसभा चुनाव लड़ सकते हैं जहां से मदन लाल तीन बार के विधायक हैं। कुसुम लता दक्षिण दिल्ली के कोटला मुबारकपुर वार्ड से दो बार की दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) की पार्षद हैं। दोनों नेताओं का पार्टी में स्वागत करते हुए आम आदमी पार्टी (आप) के प्रमुख अरविंद केजरीवाल ने संवाददाता सम्मेलन में कहा कि मुझे कुसुम लता जी के फिर से शामिल होने पर खुशी है। रमेश जी 2013 में पार्टी में शामिल हुए थे। आज सात साल बाद वे घर लौट रहे हैं। रमेश जी और कुसुम लता जी दिन में 24 घंटे लोगों के सुख-दुख में उनके साथ रहते हैं। उन्होंने कुश्ती में भी अच्छा काम किया है। मैं उनका फिर से स्वागत करता हूं। रमेश पहलवान ने कहा कि मैं आज घर लौट रहा हूं। पूरी दुनिया दिल्ली को केजरीवाल की नजर से देखती है।

## पटना, वाराणसी और पांडु तक कार्गो शुरू

कोलकाता। केंद्रीय बंदरगाह, जहाजरानी और जलमार्ग मंत्री सरबानंद सोनोवाल ने रविवार को राष्ट्रीय जलमार्ग 1 (गंगा नदी) के साथ-साथ राष्ट्रीय जलमार्ग 2 (ब्रह्मपुत्र नदी) और राष्ट्रीय जलमार्ग 16 (बराक नदी) के माध्यम से लंबी दूरी के कार्गो के परिवहन को प्रोत्साहित करने के लिए जलवाहक योजना की शुरूआत की। नौकायन सेवा एनडब्ल्यू 1 के कोलकाता-पटना-वाराणसी-पटना-कोलकाता खंड और एनडब्ल्यू 2 के कोलकाता और गुवाहाटी के पांडु के बीच इंडो बांग्लादेश प्रोटोकॉल रूट के माध्यम से चलेगी।

## जेलेंस्की ने सैन्य कमांडर को हटाया

### डोनेट्स्क इलाके में तेजी से आगे बढ़ रही है रूसी सेना

एजेंसी

**कीव।** यूक्रेनी राष्ट्रपति वलोडिमिर जेलेंस्की पूर्वी यूक्रेन में रूसी सेना को मिल रही लगातार सफलता से बौखलाए हुए हैं। उनके आदेश पर यूक्रेन के सैन्य नेतृत्व ने पूर्वी डोनेट्स्क क्षेत्र में रक्षा की देखरेख करने वाले कमांडर को बदल दिया है। इस इलाके में रूसी सेना तेजी से आगे बढ़ रही है। यूक्रेनी जनरल स्टाफ के एक सैन्य अधिकारी ने बताया कि जनरल ओलेक्सेंडर लुत्सेंको की जगह जनरल ओलेक्सेंडर टार्नवस्की को डोनेट्स्क के ऑपरेशन और टेक्टिकल ग्रुप का प्रमुख नियुक्त किया गया है। लुत्सेंको की यूक्रेनी सैन्य ब्लॉगर्स और कुछ सांसदों ने रणनीतिक यूक्रेनी शहर पोक्रोवस्क की ओर रूसी सैनिकों के निरंतर बढ़ते कदमों को रोकने में विफल रहने के लिए आलोचना की थी। पूर्वी डोनेट्स्क क्षेत्र में यूक्रेनी सेना और नागरिकों के लिए एक महत्वपूर्ण रसद केंद्र पोक्रोवस्क के आसपास की लड़ाई युद्ध के एक महत्वपूर्ण मोड़ पर पहुंच गई है। फरवरी 2022 में मास्को के आक्रमण के शुरूआती दिनों के बाद से रूसी सैनिकों के सबसे तेज गति से आगे बढ़ने के कारण यूक्रेन युद्ध के मैदान में पीछे छूट गया है।

## संभल के प्राचीन मंदिर में 46 साल बाद हुयी आरती

**लखनऊ।** संभल में हाल ही में फिर से खोले गए प्राचीन भस्म शंकर मंदिर में रविवार सुबह 46 साल बाद आरती की गई। बता दें कि नगर हिंदू सभा के संरक्षक विष्णु शरण रस्तोगी ने कहा कि मंदिर 1978 के दंगों के बाद से बंद है। संभल जिले के अधिकारियों को क्षेत्र में अतिक्रमण विरोधी अभियान के दौरान भगवान शिव और हनुमान विराजमान मंदिर मिला। कथित तौर पर इसे उस समय रस्तोगी समुदाय के मंदिर के रूप में जाना जाता था। यह सदियों पुराना मंदिर खग्गू सराय इलाके में स्थित है, जो शाही जामा मस्जिद के एक किमी के दायरे में है, जिसके कारण पिछले महीने संभल में हिंसा भड़क उठी थी।

# पांच कंपनियों का मार्केट कैप 1.13 लाख करोड़ बढ़ा

## एयरटेल को सबसे ज्यादा फायदा, बाजार पूंजीकरण 47,836 करोड़ बढ़ा



एजेंसी

**नयी दिल्ली।** घरेलू शेयर बाजार में सोमवार से शुक्रवार के कारोबारी सप्ताह के दौरान हुई खरीद-बिक्री के कारण देश की टॉप 10 मोस्ट वैल्यूड कंपनियों में से पांच कंपनियों के मार्केट कैप में कुल 1,13,117.17 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी हो गई। इस दौरान भारती एयरटेल के मार्केट कैप में सबसे ज्यादा बढ़ोतरी हुई। वहीं टॉप 10 की शेष पांच कंपनियों के मार्केट कैप में कुल मिला कर 1,09,779.19 करोड़ रुपये की कमी हो गई। टॉप 10 में शामिल कंपनियों के मार्केट कैप की यह स्थिति तब हुई, जब पिछले कारोबारी सप्ताह के दौरान बीएसई का सेंसेक्स 623.07 अंक यानी 0.76 प्रतिशत और एनएसई का निफ्टी 90.50 अंक यानी 0.36 प्रतिशत मजबूत हो गया। बीते सप्ताह के दौरान भारती एयरटेल के अलावा टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस), एचडीएफसी बैंक, आईसीआईसीआई बैंक और इंफोसिस के मार्केट कैप में बढ़ोतरी हुई। वहीं, रिलायंस इंडस्ट्रीज, भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई), भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी), आईटीसी और हिन्दुस्तान यूनीलीवर के वैल्यूशन में गिरावट आई। सोमवार से शुक्रवार के बीच हुए कारोबार के दौरान भारती एयरटेल का मार्केट कैप 47,836.60 करोड़ रुपये बढ़ कर 9,57,842.40 करोड़ रुपये के स्तर तक पहुंच गया। इसी तरह इंफोसिस का मार्केट कैप सोमवार से शुक्रवार तक हुए कारोबार के दौरान 31,826.97 करोड़ रुपये बढ़ कर 8,30,387.10 करोड़ रुपये के स्तर पर आ गया। इसके अलावा एचडीएफसी बैंक का मार्केट कैप 11,887.78 करोड़ रुपये बढ़ कर 14,31,158.06 करोड़ रुपये के स्तर पर, आईसीआईसीआई बैंक का मार्केट कैप 11,760.80 करोड़ रुपये उछल कर 9,49,306.37 करोड़ रुपये के स्तर पर और टाटा कंसलटेंसी सर्विसेज (टीसीएस) का मार्केट कैप 9,805.02 करोड़ रुपये बढ़ कर 16,18,587.63 करोड़ रुपये के स्तर तक पहुंच गया। रिलायंस इंडस्ट्रीज का मार्केट कैप 52,031.98 करोड़ रुपये घट कर 17,23,144.70 करोड़ रुपये के स्तर तक गिर गया। इसी तरह एलआईसी का मार्केट कैप 32,067.73 करोड़ रुपये कम होकर 5,89,869.29 करोड़ रुपये के स्तर पर पहुंच गया।

## इस सप्ताह चार कंपनियों के आइपीओ खुलेंगे

**नयी दिल्ली ।** सोमवार से शुरू हो रहे नए कारोबारी सप्ताह में चार कंपनियां अपने आईपीओ के जरिए प्राइमरी मार्केट में दस्तक देने वाली हैं। इनमें से दो कंपनियां मेनबोर्ड सेगमेंट की हैं, जबकि दो कंपनियां एसएमई सेगमेंट की हैं। इसके अलावा पिछले सप्ताह 12 और 13 दिसंबर को लॉन्च हुए चार आईपीओ में भी निवेशक इस सप्ताह 16 और 17 दिसंबर तक बोली लगा सकेंगे। इस सप्ताह 12 कंपनियों के शेयर भी स्टॉक मार्केट में लिस्ट हो सकते हैं। सप्ताह के दूसरे कारोबार दिन 17 दिसंबर को एनएसीडीएसी इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड का 10.01 करोड़ रुपये का आईपीओ सब्सक्रिप्शन के लिए खुलने वाला है। इस आईपीओ में 19 दिसंबर तक बोली लगाई जा सकेगी। आईपीओ के तहत बोली लगाने के लिए 33 से 35 रुपये प्रति शेयर का प्राइस बैंड तय किया गया है, जबकि लॉट साइज 4,000 शेयर का है। कंपनी के शेयर 24 दिसंबर को बीएसई के एसएमई प्लेटफॉर्म पर लिस्ट होंगे। सप्ताह के तीसरे कारोबार के दिन 18 दिसंबर को आईडेंटिकल ब्रेन्स स्टूडियो का 19.95 करोड़ रुपये का आईपीओ सब्सक्रिप्शन के लिए ओपन होगा। इस आईपीओ की क्लोजिंग 20 दिसंबर को होगी?। आईपीओ के तहत बोली लगाने के लिए 51 से 54 रुपये प्रति शेयर का प्राइस बैंड तय किया गया है, जबकि लॉट साइज 2,000 शेयर का है। कंपनी के शेयर 26 दिसंबर को एनएसई के एसएमई प्लेटफॉर्म पर लिस्ट होंगे। 19 दिसंबर को ममता मशीनरी लिमिटेड का 179.39 करोड़ रुपये का आईपीओ सब्सक्रिप्शन के लिए ओपन होगा। इस आईपीओ की क्लोजिंग 23 दिसंबर को होगी। आईपीओ के तहत बोली लगाने के लिए 230 से 243 रुपये प्रति शेयर का प्राइस बैंड तय किया गया है।

